CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18° C
न्यूनतम : 07° C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 31 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 15 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 11 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में नगर निगम कर्मी बनेंगे 'आपदा मित्र', मिलेगा 12 दिवसीय प्रशिक्षण पेज 2



ईशारानी बरुआ थाईलैंड मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में खेल टाइम्स



क्या उप्र के मुसलमान एआईएमआईएम के राजनीतिक नारों का समर्थन करेंगे सम्पादकीय



ट्रम्प को ईरान का अल्टीमेटम, हमारे 1000 ड्रोन तैयार पेज 12

# यूपी के मंत्री अब 50 करोड़ तक कर सकेंगे खर्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में परियोजनाओं की वित्तीय स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक तेज, सरल और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब विभागीय मंत्री स्तर पर 50 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति दी जा सकेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को वित्त विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में राज्य की राजकोषीय स्थिति, बजट प्रबंधन, पूंजीगत व्यय, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, डिजिटल वित्तीय सुधार, कोषागार और पेंशन प्रणाली सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि 50 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को वित्त मंत्री की मंजूरी मिलेगी, जबकि 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य होगी। इससे विकास परियोजनाओं को समय पर मंजूरी मिल सकेगी और कार्यों की गति तेज होगी। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना हर हाल में 15 अप्रैल तक स्वीकृत करा लें। समय सीमा का पालन न करने वाले विभागों की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी परियोजना की लागत में 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होती है, तो संबंधित विभाग को कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को -**शेष पृष्ठ दो पर**

**150 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री की स्वीकृति अनिवार्य होगी**

**आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय का हर माह तय तिथि पर भुगतान सुनिश्चित हो: सीएम**



## पूर्व विधायक इरफान सोलंकी पर चलेगा गैंगस्टर का मुकदमा

**प्रयागराज।** कानपुर के पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। गैंगस्टर के तहत दर्ज मुकदमे की कार्रवाई रद्द करने की मांग को लेकर दायर अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जनवरी को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकल पीठ ने दिया है। जाजमऊ थाने में दिसम्बर 2022 को इरफान पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। ट्रायल कोर्ट की ओर से जारी समन आदेश सहित पूरी कार्रवाई को रद्द करने की मांग में इरफान ने हाईकोर्ट में अर्जी दायर की थी।

# सोना और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट दिखी है। खासकर चांदी तो एक ही दिन में करीब 84 हजार रुपये सस्ती हो गई, जो अब तक का इतिहास है। सोना भी 15000 रुपये टूटा, इतिहास की बड़ी गिरावट दिख रही है।

सोने-चांदी की आसमान छूती कीमतें शुक्रवार को अचानक जमीन पर लैंड कर गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शुक्रवार को चांदी का वायदा भाव करीब 84 हजार रुपये सस्ता हो गया। एक समय 4 लाख के पार जाती दिख रही चांदी की कीमत अचानक 3.15 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास पहुंच गई। एमसीएक्स पर शुक्रवार को सोने की कीमत भी करीब 9 फीसदी टूटकर 1.54 लाख रुपये प्रति दस ग्राम के आसपास पहुंच गई है। एमसीएक्स पर एक दिन पहले ही चांदी 4 लाख के बेहद करीब पहुंच गई थी, लेकिन शुक्रवार सुबह से ही सोने और चांदी की कीमत पर दबाव दिख रहा था।

**■ चांदी 84000 व सोना भी 15000 रुपये टूटा**

## संक्षिप्त समाचार

### भारत व बांग्लादेश ने 151 मछुआरों को भेजा वापस

**नई दिल्ली/ढाका।** भारत और बांग्लादेश ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को अनजाने में पार कर चुके मछुआरों की पारस्परिक रिहाई और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया पूरी की। अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्ष इसे समुद्री सीमा संबंधी लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों के मानवीय समाधान के रूप में देखते हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बांग्लादेश के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए गए कुल 23 भारतीय मछुआरों और भारत में हिरासत में लिए गए 128 बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा कर उनके चालू मछली पकड़ने वाले जहाजों के साथ उनके संबंधित देशों में वापस भेज दिया गया।

### पराक्रम दिवस पर नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ-साथ कई संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संसद भवन में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में महान स्वतंत्रता सेनानी, आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस पर शुक्रवार को उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### रंजीत ने राज्य और राष्ट्रीय पुरस्कारों पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता पी- रंजीत ने तमिलनाडु सरकार द्वारा हाल ही में राज्य फिल्म पुरस्कार और राज्य टेलीविजन पुरस्कारों की घोषणा के बाद पुरस्कार देने वाली राष्ट्रीय और राज्य स्तर की संस्थाओं की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि क्या सच में वे भेदभाव से मुक्त होती हैं? श्री रंजीत ने सोशल मीडिया पर पुरस्कार प्रणालियों की ईमानदारी पर चिंता जताते हुए पूछा कि तमिलनाडु सरकार द्वारा फिल्म पुरस्कारों की घोषणा के बाद मेरा आपसे एक सवाल है, क्या तमिलनाडु और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर सरकारी और निजी पुरस्कार संगठन सच में ईमानदारी से काम करते हैं? साल 2016 से 2022 तक के तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार, साथ ही 2014 से 2022 तक के राज्य टेलीविजन पुरस्कारों की घोषणा गुरुवार को की गई।

# स्कूलों में मुफ्त मिले सैनेटरी पैड

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: स्कूलों में लड़के-लड़कियों के अलग-अलग टॉयलेट हों

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ आदेश न मानने पर स्कूल की मान्यता रद्द होगी**

**■ दिव्यांगों के अनुकूल डिसेबल फ्रेंडली टॉयलेट बनाएं सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश: शीर्ष अदालत**

**■ सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से चल रही थी सुनवाई**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सैनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाने होंगे, जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनकी मान्यता रद्द की जाएगी।

इसके साथ ही कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएं। केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने शुक्रवार को सिर्फ फैसला सुनाया है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में एक जनहित याचिका लगाई थी। उनकी मांग थी कि मेन्स्ट्रुयल हाइजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए। कोर्ट ने कहा कि अगर स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 (बराबरी का अधिकार) का उल्लंघन है। अगर लड़कियों को सैनेटरी पैड नहीं मिलते तो वे लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई और गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं। मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) का हिस्सा है। अगर लड़कियों को उचित सुविधा नहीं मिलती, तो उनकी गरिमा और निजता प्रभावित होती है। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े लोगों के लिए नहीं है। यह उन क्लासरूम के लिए भी है, जहां लड़कियां मदद मांगने में झिझकती हैं। यह उन टीचर्स के लिए है, जो मदद करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बंधे हुए हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो शायद यह नहीं समझ पाते कि उनकी चुप्पी का क्या असर पड़ता है। यह समाज के लिए भी है, ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम अपने सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। हम हर उस बच्ची तक यह संदेश पहुंचाना चाहते हैं, जो स्कूल में अनुपस्थिति की शिकार बनी, क्योंकि उसके शरीर को बोझ की तरह देखा गया, जबकि इसमें उसकी कोई गलती नहीं है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करके लड़कियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई थी। याचिका में बताया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों के कारण कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं होते। उन दिनों (मासिक धर्म के दिनों में) कपड़ा यूज करके स्कूल जाना परेशानी का कारण बनता है। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए फ्री पैड की सुविधा नहीं है। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इतना ही नहीं, स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोजल करने की सुविधा भी नहीं है, इस वजह से भी लड़कियां पीरियड्स में स्कूल नहीं जा पातीं।

# लखनऊ में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, सवार थे 275 यात्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब जा रहे एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के कुछ समय बाद विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। सूत्रों के मुताबिक, जब विमान मुंबई के पास पहुंचा, तब केबिन प्रेशर में समस्या आ गई। इसके चलते कुछ यात्रियों को सांस लेने में परेशानी होने लगी।

हालात देखते हुए पायलट ने पहले मुंबई एयरपोर्ट से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी, लेकिन वहां से परमिशन नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। लखनऊ से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मिलते ही विमान वापस लौट आया। करीब 82 मिनट में विमान सुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। खराबी दूर होने पर विमान जेद्दा के लिए रवाना हो गया। यह विमान सऊदिया अरबिया एयरलाइंस का था। फ्लाइट नंबर एसवी-891 जेद्दा जा रही थी। विमान में 275 यात्री, 4 पायलट और 6 क्रू मेंबर सवार हैं।



**■ सऊदी जाते वक्त तकनीकी खराबी आई, मुंबई में उतरने की परमिशन नहीं मिली, तो वापस लौटा**

### कुवैत से दिल्ली आ रहे इंडिगो विमान को बम से उड़ाने की धमकी, अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग

**अहमदाबाद।** बीते कुछ वक्त से विमानों को धमकी भरे संदेश लगातार मिल रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को अब कुवैत से दिल्ली आ रहे इंडिगो के विमान को बम से उड़ाने और हाईजैक करने की धमकी दी गई, जिसके बाद सतर्कता बरतते हुए विमान की अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जानकारी के मुताबिक एक टिशू पेपर पर लिखे नोट में प्लेन को हाईजैक करने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिसके बाद सभी 180 यात्रियों और उनके सामान की अच्छी तरह से जांच की गई और हर यात्री की पहचान की पुष्टि की जा रही है। इधर, विमान की सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित आपातकालीन लैंडिंग कराई गई है। धमकी भरा नोट मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां फौरन सक्रिय हो गई हैं। फिलहाल हवाई अड्डे के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अभी तक किसी भी तरह की संदिग्ध या आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के अनुसार बम निरोधक दस्ते ने विमान की पूरी तरह से जांच की है।

जानकारी के मुताबिक, विमान का तय समय दोपहर 12:05 बजे था, लेकिन यह 12:23 बजे उड़ान भर सका। दोपहर -**शेष पृष्ठ दो पर**

# एआई अनुसंधान पर फोकस के लिए आईएआईआरओ की स्थापना

**■ डा. अमित शेठ को पहला निदेशक नियुक्त किया गया**

**नई दिल्ली।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए शुक्रवार को भारतीय एआई अनुसंधान संगठन (आईएआईआरओ) का शुभारंभ किया गया।

यह संगठन देश की मूल चुनौतियों और प्राथमिकताओं के अनुरूप बुनियादी तथा एप्लाइड एआई अनुसंधान के लिए समर्पित है। रणनीति-निर्माण से संप्रभुता तथा प्रोटोटाइप और बौद्धिक संपदा (आईपी) से लेकर वैश्विक उत्पादों तक सुव्यवस्थित क्रियान्वयन को गति देने के लिए इसकी स्थापना की गई है। डा. अमित शेठ को इसका पहला निदेशक नियुक्त किया गया है।

# कश्मीर के सोनमर्ग में पारा -11.2 डिग्री

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के कारण भीषण सर्दी पड़ रही है। अधिकांश जगहों पर गुरुवार रात में न्यूनतम तापमान जीरो डिग्री से नीचे चला गया।

सोनमर्ग सबसे ठंडी जगह रही। यहां पारा माइनस 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गुलमर्ग में -9 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में -3.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इधर, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। एमपी के ग्वालियर में भिंड रोड हाईवे पर कोहरे के कारण एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार सवार सभी 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 महिलाएं और 2 पुरुष थे। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में नेशनल हाईवे- 58 पर 5 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 6 से ज्यादा लोग घायल हैं।

### दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में ठंड जारी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को ठंडा मौसम रहा तथा सुबह आसमान में बादल छाए रहे एवं हल्की से मध्यम धुंध छाई रही। मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार का अधिकतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद थी और सुबह का न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। गुरुग्राम में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है।

# राहुल ने शहीद दिवस पर गांधीजी को दी श्रद्धांजलि




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच हैं: कांग्रेस**

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने शहीद दिवस पर शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके शहीद स्थल 30 जनवरी मार्ग जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आज शहीद दिवस पर 30 जनवरी मार्ग पर महात्मा गांधी जी के जीवन और बलिदान को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। सत्य, साहस और करुणा की उनकी विरासत हमारा मार्गदर्शन करती है और हमें उनके सपनों के न्यायसंगत, सामंजस्यपूर्ण और एकजुट बनाने भारत की प्रेरणा देता है जिसके लिए हमें प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने लिखा कि महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच हैं - वह सोच जिसे कभी एक साम्राज्य ने, कभी एक नफ़रत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की। मगर राष्ट्रपिता ने हमें आजादी के साथ यह मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताकत से बड़ी सत्य की शक्ति होती है और हिंसा एवं भय से बड़े अहिंसा और साहस। यह सोच मिट नहीं सकती, क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं।

# अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा होंगी महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम

**मुंबई/पुणे, वार्ता**



**■ सीएम फडनवीस ने जताई सहमति**

**■ एनसीपी नेता फडनवीस से मिले, विभाग भी मांगे**

**अजित पवार** की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बन सकती हैं। पार्टी के नेता छगन भुजबल ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी के विधायक दल की बैठक शनिवार को (आज) होगी।

सुनेत्रा के नाम पर चर्चा हो रही है। सूत्रों के अनुसार सीएम फडनवीस ने इस पर सहमति जताई है। अगर शनिवार को कोई फैसला होता है, तो शपथ ग्रहण समारोह कल ही होगा। अजित की प्लेन क्रैश में मौत के बाद उप मुख्यमंत्री पद खाली हो गया है। यह पद पत्नी को दिए जाने, एनसीपी के दोनों गुट के विलय और विभागों के बंटवारे को लेकर अटकलें जारी हैं। इन्हीं मांगों को लेकर शुक्रवार को एनसीपी के नेता सीएम देवेंद्र फडनवीस से मिलने उनके घर वर्षा बंगले पहुंचे। इसमें प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, सुनील तटकरे शामिल हुए। मीटिंग आधे घंटे तक चली। महाराष्ट्र सरकार में अजित के पास वित्त, आबकारी और खेल विभाग के साथ-साथ डिप्टी चीफ मिनिस्टर का पद भी था। एनसीपी नेताओं में इस बात पर चर्चा चल रही है कि ये विभाग और पार्टी की नेशनल लीडरशिप किसे दी जाए। यह दावा भी किया जा रहा है कि अजित पवार एनसीपी के दोनों गुट के जिस मर्जर पर बातचीत कर रहे थे, उस पर आखिरी फैसला शरद पवार लेंगे। अजित की 28 जनवरी को बारामती में एक प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। वे जिला परिषद चुनाव के लिए रैली को संबोधित करने जा रहे थे। सीएम देवेंद्र फडनवीस से मुलाकात के बाद एनसीपी के नेता प्रफुल्ल पटेल ने मीडिया से कहा कि हमने सीएम फडनवीस को साफतौर पर बता दिया है कि जनभावना को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द फैसला लेना जरूरी है। प्रफुल्ल ने कहा कि हमारी मांग है कि अजित के पोर्टफोलियो और एनसीपी से जुड़े फैसलों को लेकर कोई अनिश्चितता नहीं होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि श्रद्धेय 'बापू' का सत्यनिष्ठ आचरण, अहिसा की उनकी अडिग साधना और मानवता के प्रति उनकी अनन्य करुणा न केवल भारत, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए सदैव प्रेरणाोत बनी रहेगी। महात्मा गांधी के विचारों ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और आज भी उनके सिद्धांत समाज को सही मार्ग दिखाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और एक समृद्ध, न्यायपूर्ण व विक. सित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

### पुलिस को जिंदा जलाने की थी साजिश

**बरेली( ब्यूरो )।** कानपुर के आई लव मोहम्मद पोस्टर की आड़ में मौलाना तौकीर रजा ने बरेली में उपद्रव कराया था। उसके कहने पर आई भीड़ ने पुलिस पर हमला किया। पुलिस का वायरलेस, एंटी राइट गन आदि को भी लूटकर दंगाई फरार हो गए थे। इसके अलावा पुलिस पर पेट्रोल बम के साथ-साथ एसिड की बोतलें भी फेंकी गई। इस बात का खुलासा पुलिस ने करते हुए बताया कि पुलिस को जिंदा जलाने की साजिश रची गई थी। फारेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) में भी इसकी पुष्टि हो चुकी है। श्यामगंज में हुए बवाल के दौरान फेंकी गई बोतलों को जब लैब भेजा गया, तो उसमें एसिड पाया गया। पुलिस इस रिपोर्ट को अपनी विवेचना में शामिल करेगी।

# नगर निगम कर्मी बनेंगे 'आपदा मित्र' मिलेगा 12 दिवसीय प्रशिक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नोयडा में एक इंजीनियर की गड्ढे में डूबने से हुई मौत के बाद राज्य आपदा प्रबन्धन पर बड़े सवाल खड़े हुए थे। इस बीच अब सरकार ने इसको लेकर बड़ा कदम उठाया है।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राज्य के नगर निगम क्षेत्रों में आपदा से होने वाले नुकसान को कम करने और त्वरित राहत सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम कर्मियों को 'आपदा मित्र' के रूप में प्रशिक्षित करेगा। अधिकारियों के अनुसार यह प्रशिक्षण जिला स्तर पर दिया जाएगा, जिससे शहरी क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की क्षमता मजबूत हो सके। प्रदेश के राहत आयुक्त ऋषिकेश भास्कर ने बताया कि नगर निगम कर्मियों को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित कर आपदा प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियों के कुशल संच. ालन में लगाया जाएगा। प्रशिक्षित कर्मी किसी भी आपातकाल या आपदा की स्थिति में फर्स्ट रिस्पॉन्डर के तौर पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराएंगे और शहरी समुदाय को आपदा प्रबंधन के प्रति सशक्त बनाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन द्वारा 17 नगर निगमों के कुल 1,700 कर्मियों को 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक नगर निगम से 100-100 कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया है।

# उत्तर प्रदेश में बारिश व ओलावृष्टि ने बढ़ाई ठिठुरन, तापमान गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सरसों-आलू की फसल पर आफत
■ किसी बड़े नुकसान की संभावना नहीं: कृषि विभाग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में छिटपुट वर्षा और ओलावृष्टि ने ठंड में इजाफा किया है, जबकि बेमौसम वर्षा से सरसों और आलू किसानों की चिता बढ़ा दी ह। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहने और बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

किसानों ने आशंका जताई है कि यदि असमय बारिश का सिल. सिला जारी रहा, तो नुकसान और बढ़ सकता है तथा लागत निक. ालना कठिन हो जाएगा। वहीं कृषि विभाग ने किसी बड़े नुकसान की संभावना से इनकार किया है। मौसम विभाग के अनुसार संभल जिले में सर्वाधिक 32.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। राजधानी लखनऊ में इस दौरान 6.9 मिमी बारिश हुई। अधिकतम तापमान गिरकर 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि की भी सूचना है, जिनमें बरेली शामिल है। दोनों मौसमीय उपखंडों में तेज़ हवाएं चलीं। आगरा में अधिकतम 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में घना कोहरा भी देखा गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार लखनऊ में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाया रह सकता है, जबकि दिन में आसमान मुख्यत: साफ रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 23 और 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है, हालांकि कुछ स्थानों पर घना को. हरा पड़ने की प्रबल संभावना है। प्रदेश में हरदोई का दिन सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि प्रयागराज में रात का तापमान सबसे अधिक 15.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर असमय हुई बारिश से प्रदेश के कई जिलों में किसानों की चिंता बढ़ गई है। सरसों, आलू और मटर की फसलों को नुकसान पहुंचा है।

## गेहूं की फसल के लिए लाभकारी साबित हुई बारिश

रिपोर्टों के अनुसार मंगलवार रात से रुक-रुक कर हुई बारिश ने फूल अवस्था में खड़ी सरसों की फसल को प्रभावित किया है, जिससे दानों के सही विकास पर असर पड़ने और उत्पादन घटने की आशंका है। अधिक नमी के कारण आलू और मटर की फसल भी प्रभावित हुई है। गेहूं की फसल के लिए यह बारिश लाभकारी साबित हुई है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय मिली नमी से गेहूं की बढ़वार और उत्पादकता में सुधार होगा। कृषि निदेशक पंकज त्रिपाठी ने कहा कि प्रारंभिक आकलन में फसलों को किसी बड़े नुकसान के संकेत नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि ये बारिश व्यापक जरूर रही, लेकिन इतनी तेज नहीं थी कि फसलों को गंभीर नुकसान पहुंचा सके। बल्कि यह गेहूं की फसल के लिए अमृत समान है, जिसे इस समय नमी की आवश्यकता होती है। जिसके कारण गेहूं के फसल के लिए फायदेमंद है।

## शहीद दिवस पर कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम

# सरकार की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे

नई दिल्ली, वार्ता



■ पुलिस ने कई नेताओं को हिरासत में लिया 28 फरवरी तक चलेगा संग्राम

कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय से बापू के शहीद स्थल 30 जनवरी मार्ग तक मार्च करते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार अधिनियम (मनरेगा) बचाओ संग्राम के तहत मार्च निकाला जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस ने कहा है कि मनरेगा ग्रामीण भारत की आत्मा में बसा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार लाख को. शिशों के बाद भी उसे मिटा नहीं सकती। पार्टी का कहना है कि उसके कार्यकर्ता इसके खिलाफ अपनी पूरी ताकत लगा देंगे और सरकार की इस साजिश को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने मनरेगा के समर्थन में हाथों तख्तियां और मनरेगा बचाओ संग्राम लिखे बैनर लेकर प्रदर्शन करते हुए 'मनरेगा चोर-गद्दी छोड़, मनरेगा गर जाएगा बाजार सुस्त हो जाएगा, हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता अजय माकन, जयराम रमेश, राजीव गौड़ा, पवन खेड़ा, उदित राज, देवेंद्र यादव, कर्नल रोहित चौधरी सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। बाद में पुलिस ने कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। गौरतलब है कि कांग्रेस हाल ही में बनाए गए नए वीबी जीराम जी अधिनियम को समाप्त कर मनरेगा की बहाली की मांग कर रही है और इसके लिए देशव्यापी विरोध के तहत उसने मनरेगा बचाओ संग्राम शुरु किया है। कांग्रेस का देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम 10 जनवरी से शुरु हुआ और 28 फरवरी तक चलेगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा ष्यह दिल्ली में मनरेगा बचाओ संग्राम की झलक है। मोदी सरकार ने बुलडोजर चलाकर मनरेगा अधिनियम को रद्द कर दिया। मनरेगा ऐतिहासिक और क्रांतिकारी अधिनियम था, जो सितम्बर 2005 को सर्वसम्मति से पारित हुआ था। इस अधिनियम को बनाने में पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी, राहुल गांधी का महत्वपूर्ण योगदान था। मनरेगा कानून संवैधानिक हक था, लोगों के पास रोजगार की कानूनी गारंटी थी। इस कानून से पंचायतें मजबूत हुईं। हर परिवार को पहली बार प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पैसा पहुंचाया गया। लेकिन ये कानून रद्द कर दिया गया, क्योंकि नरेंद्र मोदी नहीं चाहते हैं कि महात्मा गांधी जी से जुड़ा हुआ ये कानून ज्यादा समय तक चले। वो नहीं चाहते हैं कि लोगों को उनका हक मिले। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मनरेगा की लड़ाई देश के आम गरीब नागरिकों के रोजगार और हक की लड़ाई है, जिसे कांग्रेस पूरे देश में लड़ रही है।

### नाइंसाफ़ी भाजपा सरकार की पहचान बन चुकी है: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा है कि बुलडोज़र अब विकास नहीं, बल्कि नकारात्मक और विध्वंसकारी सोच का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने सवाल किया कि क्या 'भेदकारी भाजपा' के पास कोई ऐसा बुलडोज़र भी है, जो लोगों के टूटे घर बना दे और उनके मान-सम्मान की छत दोबारा खड़ी कर दे। यादव न शुक्रवार को एक्स पर लिखा सत्ताधीश अपने ऊपर लगे मुकदमे तो हटवा सकते हैं, लेकिन जो अन्याय और पाप किए गए हैं, उनका हिसाब ऊपर वाले की अदालत में लिखा जा रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इतना अन्याय करके कोई चैन की नींद कैसे सो सकता है।

# गोमाता को 40 दिनों में राज्यमाता का दर्जा दें योगी

वाराणसी, वार्ता

■ शंकराचार्य ने सीएम से मांगा हिंदू होने का प्रमाण पत्र

ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शुक्रवार को कहा कि योगी सरकार को गोमाता की रक्षा के लिए अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए 40 दिनों का समय दिया जा रहा है। यदि इस अवधि में गोमाता को 'राज्यमाता' का दर्जा नहीं दिया गया और गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो परिणाम गंभीर होंगे।

शंकराचार्य ने कहा कि जो सरकार गोवंश की रक्षा नहीं कर सकती, उसे हिदू कहलाने का कोई अधिकार नहीं है। विशेष रूप से उस योगी को तो बिल्कुल नहीं, जो गुरु गोरक्षनाथ की पवित्र गद्दी का महंत होने का दावा करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी से कहा कि हमसे आपने हमारा प्रमाण-पत्र मांग लिया था, हमने सहज भाव से दे दिया, क्योंकि सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता। अब समय आपके 'हिंदू' होने का प्रमाण देने का है। सनातनी समाज अब आपसे आपके हिंदू होने का साक्ष्य मांगता है। हिदू होना केवल भाषणों या भगवा वस्त्र तक सीमित नहीं है,इसकी कसौटी गो-सेवा और धर्म-रक्षा है। शंक. राचार्य ने दो स्पष्ट शर्तें रखीं: गोमाता को 'राज्यमाता' का आधिकारिक दर्जा दिया जाए, जैसा महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में देशी गायों के लिए किया है और नेपाल में गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा प्राप्त है। इसके अलावा गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का शासनादेश जारी किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी, यदि 40 दिनों में ये मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 10-11 मार्च को लखनऊ की पावन धरा पर संपूर्ण संत समाज का समागम होगा। उसमें सरकार को 'नकली हिंदू' और 'छद्म हिंदू' घोषित किया जाएगा।



सेंसेक्स 82269.78
निफ्टी 25365.65



सोना रु. 158000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 334000
प्रति किलो



# तेजी के बाद गिरावट में बंद हुए बाजार

मुंबई, वार्ता



एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार तीन दिन की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट में बंद हुए। बीएसई का संसेक्स 296.59 अंक (0.36' गिरकर 82,269.78 अंक पर रहा। सुबह 619 अंक नीचे खुलने के बाद सूचकांक पूरे दिन लाल निशान में रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 98.25 अंक टूटकर 25,320.65 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों में भी बिकवाली का जोर रहा, जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.26 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.32 प्रतिशत मजबूत हुआ। निफ्टी धातु सूचकांक में 5.21 प्रतिशत की जबरदस्त गिरावट रही। आईटी, वित्तीय सेवाओं और निजी बैंकिंग समूहों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। एफएमसीजी, रियलटी, ऑटो, मीडिया, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांकों में भी मजबूती रही। सेंसेक्स में टाटा स्टील का शेयर साढ़े चार प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर दो प्रतिशत नीचे बंद हुआ। पावरग्रिड, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर एक से दो प्रतिशत की गिरावट में रहे। कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, एनटीपीसी, इटरनल, इंडिगो और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सवा फीसदी से अधिक चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी और बीईएल के शेयर एक फीसदी से अधिक मजबूत हुए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 709 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में 8.053 अरब डॉलर की बड़ी वृद्धि के साथ 709. 413 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। पिछले सप्ताह यह 14.167 अरब डॉलर बढ़ा था। इस तरह दो सप्ताह में ही इसमें 22. 22 अरब डॉलर का उछाल आ चुका है। विदेशी मुद्रा भंडार का पिछला उच्चतम स्तर 27 सितम्बर 2024 को 704.885 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार में 5.635 अरब डॉलर का उछाल आया और यह 123.088 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सोने की कीमतों में लगातार तेजी से स्वर्ण भंडार बढ़ रहा है।

# कानपुर में बसाए जाएंगे बांग्लादेशी हिंदू, मिली मंजूरी

**लखनऊ।** उप्र कैबिनेट ने मेरठ के 99 बांग्लादेशी हिंदू परिवारों को कानपुर में पुनर्वासित करने की मंजूरी दे दी है। ये परिवार 40-50 सालों से मेरठ में रह रहे हैं और अब कानपुर में बसने के लिए एक एकड़ जमीन व रोजगार की मांग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिली है, जिससे उनके भविष्य की नई राह खुलेगी। इस संबंध में विधायक और यूपी सरकार में मंत्री दिनेश खटीक ने सरकार को प्रस्ताव भेजा था। इसमें इन बंगाली परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करने की बात कही गई थी। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई। मेरठ में मवाना के नगला गोसाई में 40-50 सालों से रह रहे इन बंगाली हिंदू परिवार के लोगों ने अपने पुर्नवास के लिए सरकार से कानपुर में एकड़ जमीन की मांग की थी। इसके साथ ही अपने गुजारे के लिए रोजगार की भी मांग की थी। सरकार ने उनकी मांगों पर सहमति जताते हुए इस संबंध में उचित प्रबंधन करने का आश्वासन दिया है। इन बंगाली परिवार के लोगों ने बताया कि उनका बचपन मेरठ के पास हस्तिनापुर में बीता है। वहीं पर वह 40 से 50 सालों से रहते आ रहे हैं। इन बांग्लादेशी हिंदू परिवारों ने सीएम योगी से हस्तिनापुर में ही रहने देने की गुहार की थी। अपनी बसावट के लिए इन परिवारों ने एक एकड़ जमीन की मांग की थी, चूंकि सरकार ने इनका पुर्नवास कानपुर में करने का फरमान सुनाया था।

# केंद्र का राजकोषीय घाटा दिसम्बर तक बजट अनुमान के 55 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में दिसम्बर 2025 तक बजट अनुमान के 55 प्रतिशत पर रहा। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि अप्रैल-दिसम्बर 2025 की अवधि में केंद्र सरकार की कुल राजस्व प्राप्ति 25,25,156 करोड़ रुपये रही, जो बजट अनुमान का 72-2 प्रतिशत है।

इस दौरान कुल व्यय 33,80,998 करोड़ रुपये रहा, जो बजट अनुमान का 66.7 प्रतिशत है। इस प्रकार, राजकोषीय घाटा 8,5,842 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। यह बजट अनुमान का 54.55 प्रतिशत है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में 15,68,936 करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे का अनुमान व्यक्त किया था। कुल प्राप्तियों में 19,39,254 करोड़ रुपये का कर राजस्व, 5,39,855 करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व और 46,047 करोड़ रुपये की गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियां शामिल हैं।

इस अवधि के दौरान केंद्र द्वारा राज्य सरकारों को करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में 10,38,164 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इस अवधि की तुलना में 1,37,014 करोड़ रुपये अधिक है। कुल व्यय में 25,93,063 करोड़ रुपये राजस्व मद पर और 7,87,935 करोड़ रुपये पूंजी मद पर खर्च किए गए हैं। कुल राजस्व व्यय में 9,11,059 करोड़ रुपये ब्याज भुगतान के मद में और 3,17,490 करोड़ रुपये प्रमुख सब्सिडियों के मद में खर्च हुए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी के मंत्री....** सुदृढ़, पारदर्शी और परिणामोन्मुख वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए सभी विभागों को समयबद्धता, गुणवत्ता और डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य गारंटी नीति लागू करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे अल्प-वेतनभोगी कर्मियों के मानदेय को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उन्हें हर माह तय तिथि पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

केंद्रांश की प्रतीक्षा किए बिना राज्य सरकार अपने स्तर से मानदेय जारी करे, ताकि किसी भी कर्मी को आर्थिक कठिनाई न हो। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश ने 1.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय किया, जो देश में सर्वाधिक है। कुल व्यय का 9.39 प्रतिशत निवेश पर खर्च कर उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राज्य के राजकोषीय घाटा, राजस्व घाटा और ऋण- जीएसडीपी अनुपात एफआरबीएम मानकों के अनुरूप रहे हैं। वर्ष 2024-25 में राज्य की कुल देयताएं घटकर जीएसडीपी के 27 प्रतिशत पर आ गई हैं। शासकीय भवनों के अनुरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण की तर्ज पर सभी नए भवनों में पांच वर्ष की भुगतान-आधारित अनुरक्षण व्यवस्था अनिवार्य की जाए। पुराने भवनों के अनुरक्षण के लिए कॉर्पस फंड बनाने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क, भवन, सेतु, सीवर लाइन और जलापूर्ति जैसी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट आईआईटी, एनआईटी और अन्य सरकारी तकनीकी संस्थानों से कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने वित्तीय अनुशासन, पूंजीगत व्यय और राजस्व वृद्धि में देश में नया मानक स्थापित किया है। अब सरकार का लक्ष्य खर्च की गुणवत्ता और डिजिटल पारदर्शिता को और मजबूत करते हुए प्रदेश को देश का सबसे सक्षम और विश्वसनीय वित्तीय प्रशासन वाला राज्य बनाना है।

**लखनऊ में...** करीब 1:45 बजे विमान को बीच रास्ते से वापस लाना पड़ा। यात्रियों को विमान से उतारा नहीं गया। इंजीनियरों ने तकनीकी खराबी दूर कर दी। विमान शाम 4:20 बजे जेद्दा के लिए रवाना हुआ। विमान में केबिन प्रेशर आर्टिफिशियल एयर प्रेशर है, जिसे हवाई जहाज के अंदर बनाए रखा जाता है। इससे जब विमान 30,000 से 40,000 फीट की ऊंचाई पर होता है, तब भी लोगों को सांस लेने में दिक्कत नहीं होती। केबिन प्रेशर उस ऊंचाई में भी 6,000-8,000 फीट की ऊंचाई के बराबर वाला एयर प्रेशर बनाकर रखता है। इससे यात्री आसानी से सांस लेते रहते हैं। 15 जुलाई, 2025 को सऊदिया अरबिया एयरलाइंस के ही विमान में लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान खराबी आ गई थी। पहियों के पास से चिंगारी निकलने लगी थी। फ्लाइट एसवी-3112 की लैंडिंग के दौरान पहिए से चिंगारी और धुआं निकलने लगा। पायलट ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए विमान को रोक दिया। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचना दी। इस दौरान विमान में 242 हजयात्री बैठे हुए थे।

# विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ जनता में पनपे असंतोष का आकलन करने के लिए विधायकों की परफॉर्मेंस पर होगा दूसरा चरण का सर्वे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी विधायकों और संभावित प्रत्याशियों की जमीनी परफॉर्मेंस और मणिकर्णिका घाट, प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरा नंद और यूजीसी बिल के बाद जनता में पनपे असंतोष का आकलन करने के लिए दूसरे चरण का सर्वे जल्द शुरू करने जा रही है।

सूत्रों के अनुसार यह नया सर्वे फरवरी के दूसरे-तीसरे सप्ताह से शुरू होगा। खास बात यह है कि दूसरे चरण का सर्वे पहले से अलग एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा, जबकि पहले चरण की सर्वे रिपोर्ट पहले ही पार्टी नेतृत्व के पास मौजूद है। दोनों एजेंसियों की रिपोर्ट का आपस में मिलान कर निष्कर्ष निकाले जाएंगे, ताकि किसी भी तरह के पक्षपात की गुंजाइश न रहे। इसी उद्देश्य से भाजपा ने 'दोहरा सर्वे मॉडल' अपनाया है। भाजपा इस सर्वे के तहत प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों का आकलन कराएगी। इसके साथ ही सहयोगी दलों की सीटें भी सर्वे में शामिल होंगी। रालोद, सुभासपा, अपना दल (एस) और निषाद पार्टी के प्रभाव वाली विधानसभा सीटों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। सर्वे के दौरान केवल विधायकों तक सीमित न रहकर जिलों में छोटे स्तर के पदाधिकारियों से भी फीडबैक लिया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं से बातचीत, सार्वजनिक स्थानों पर आम जनता से संवाद और विभिन्न वर्गों से रायशुमारी की जाएगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सर्वे में विधायकों और संभावित उम्मीदवारों की छवि, जनसंपर्क, कार्यशैली और लोकप्रियता का विस्तृत आकलन किया जाएगा। युवा, महिलाएं, व्यापारी, डॉक्टर और शिक्षक जैसे प्रमुख वर्गों से फीडबैक लेकर संगठन और चुनावी रणनीति को और धार देने की तैयारी है। भाजपा नेतृत्व इस सर्वे के जरिये जमीनी हकीकत समझकर समय रहते जरूरी बदलाव करने के मूड में है, ताकि 2027 के चुनाव में पार्टी को मजबूत स्थिति में रखा जा सके। सूत्रों की मानें तो 400 से ज्यादा सर्वे एजेंट विधानसभा चुनावों के लिए काम करेंगे। सर्वे एजेंट में दिल्ली यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस के छात्र, आईआईएम लखनऊ और आईआईटी कानपुर के छात्र शामिल हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी ने बताया कि प्रोफेशनल्स के ज़रिए सर्वे कराने से उम्मीदवार, इलाके, सामाजिक समीकरण, अंदरूनी विरोध और दूसरे मामलों से जुड़े मुद्दों की गहराई को समझने में मदद मिलती है। पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण के सर्वे के विभिन्न मुद्दों को भी शामिल किया जाएगा। मणिकर्णिका घाट पर हुई कथित तोड़फोड़ को लेकर उठे विवाद, प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरा नंद का सरकार का विरोध और हालिया यूजीसी विवाद को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के खिलाफ़ समान्य वर्ग में पैदा हुए असंतोष की वजह से होने वाले संभावित नुक़सान का आकलन भी किया जाएगा।

### मंत्री के काफिले को विधायक ने रास्ते में रोका, बवाल

**महोबा।** जिले के कई गांवों में पानी नहीं पहुंचा रहा है, बीजेपी विधायक इस मुद्दों को लेकर लंबे समय से नाराज चल रहे हैं। इस बीच जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एक कार्यक्रम में यहां पहुंचे, तो बवाल मचा गया। नाराज विधायक और मंत्री में तीखी नोकझोंक हुई और दोनों के समर्थक आमने-सामने आ गए। महोबा जिले में पानी और सड़क की समस्याओं को लेकर बीजेपी विधायक गुड्डू राजपूत लंबे समय से नाराज थे। शुक्रवार को यूपी के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह यहां एक कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान विधायक के समर्थकों और मंत्री के समर्थकों के बीच तीखी झड़प हुई और जमकर नारेबाजी की गई, मंत्री और विधायक में भी नोकझोंक हुई। चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत (गुड्डू राजपूत) ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर मंत्री के सामने मुखर हुए। दोनों में काफी देर तक बहस हुई।

# ई-रिक्शा पलटने से दबकर बच्ची की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम, गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सवारियों से भरे एक ई-रिक्शा के अचानक से पलट जाने से सड़क पार कर रही एक दस वर्षीया बच्ची की ई-रिक्शा के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गयी। ई-रिक्शा चालक घटना होते ही ई-रिक्शा को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। इस घटना का वीडियो कुछ ही देर में वायरल भी हो गया। परिजनों ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम नही कराया है। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है और गांव में शोक व्याप्त है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना के रहने वाले नवाब सैफी की पुत्री रेशमा अपनी ससुराल जनपद बागपत के गांव ककडीपुर से अपने पीहर में विगत दिवस आई थी। उसकी लगभग आठ वर्षीया बेटी इनायत भी उसके साथ आई हुई थी।

शुक्रवार की सुबह इनायत गांव अलीपुर अटेरना में बुढाना वाया खतौली की सड़क पार कर रही थी कि अचानक से उसके करीब से एक



ई-रिक्शा का चालक ई-रिक्शा लेकर गुजरा तो ई-रिक्शा चालक उक्त बच्ची को बचाने के लिए स्टेयरिंग इधर उधर करने लगा तो सवारियों से भरा ई-रिक्शा झोंक खाकर वहीं पलट गया। जिसके नीचे बच्ची दब गयी और उसने मौके पर ही दम तोड दिया। उधर ई-रिक्शा के पलटते ही ई-रिक्शा चालक ई-रिक्शा को मौके पर छोड़कर फरार जंगलों के रास्ते फरार हो गया। उधर आसपास के लोगों ने सवारियों को निकलकर ई-रिक्शा सीधा किया और बच्ची को ई-रिक्शा के नीचे से निकाला तो बच्ची सड़क पर मृत अवस्था में पड़ी थी। घटना की सूचना कुछ ही देर में ग्रामीणों के माध्यम से मृतक की मां और उसके पीहर वालों को लगी तो वे रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद बुढ़ाना पुलिस भी होंगे पर आई और शव को पीएम के लिए भेजने लगे लेकिन मृतका इनायत के मामा और नाना आदि ने किसी भी पुलिस कार्रवाई से मना कर दिया।

सायं के समय बच्ची को गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। घटना को लेकर गांव में शोक है। ई-रिक्शा में सवार यात्रियों के भी चोटें बताई गयी हैं। ई-रिक्शा गांव रसूलपुर दभेडी की तरफ से आ रहा था। पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में कर लिया है। इस मामले में परिजनों ने कोई मामला दर्ज नहीं कराया है।

# ध्वस्तीकरण कराने गई एमडीए टीम का बुल्डोजर देखकर महिला हुई बेहोश

■ अवैध निर्माण ध्वस्त कराने पहुंची थी एमडीए की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अवैध निर्माण के खिलाफ की गई एमडीए की सख्त कार्रवाई उस समय तनाव का कारण बन गई, जब अपने मकान के ध्वस्तीकरण के दौरान एक महिला की तबीयत बिगड़ गई और क्षेत्र में विरोध के स्वर तेज हो गए। प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच नोटिस दिए जाने को लेकर भी विवाद सामने आया है। एमडीए के अधिकारी छह बुलडोजर के साथ अवैध निर्माध ध्वस्त करने निकले थे। जिस इलाके में ये कार्रवाई की गई, वहां गुरबत में जी रहे लोग अपने आशियाने बनाकर रह रहे हैं।

दरअसल शुक्रवार को शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत न्याजूपुरा और काली नदी के बीच स्थित क्षेत्र में एमडीए ने अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण की टीम छह बुलडोजरों के साथ मौके पर पहुंची और निर्माणाधीन अवैध मकानों को ध्वस्त करना शुरू दिया।

कार्रवाई के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला मीडिया से बातचीत करते हुए अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पानी पिलाकर उसे होश में लाने का प्रयास किया, जिसके बाद महिला की हालत में कुछ सुधार हुआ। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। महिला ने मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि प्रशासन की कार्रवाई से वह गहरे सदमे में है और कहा कि अत्याचार किया जा रहा है।

महिला समेत अन्य स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का तीखा विरोध किया। महिलाओं ने भावुक होते हुए कहा कि यदि उनके आशियाने ही छीन लिए जाएंगे तो उनके सामने कोई विकल्प नहीं बचेगा। कुछ महिलाओं ने आत्मघाती बयान भी दिए, जिससे स्थिति और संवेदनशील हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एमडीए द्वारा ध्वस्तीकरण से पहले उन्हें किसी प्रकार का नोटिस नहीं दिया गया। उनका कहना है कि बिना पूर्व सूचना के की गई यह कार्रवाई अन्यायपूर्ण है। वहीं, एमडीए सचिव कुंवर बहादुर सिंह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित अवैध निर्माणों को लेकर पूर्व में कई बार नोटिस जारी किए जा चुके थे, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य लगातार जारी रखा गया। इसी कारण नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। पुलिस बल की मौजूदगी में एमडीए की टीम ने अपनी कार्रवाई जारी रखी। ध्वस्तीकरण के बाद पूरे क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना रहा।

# मुनाफा कमाने का झांसा देकर 50 लाख की ठगी

■ पीड़ित ने पांच नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** कुछ लोगों ने जमीन खरीदकर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से पचास लाख रुपए ठग लिये। पीड़ित ने पांच नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव रामपुर निवासी आदेश कुमार शर्मा को गाजियाबाद निवासी संजीव वालिया उर्फ विपिन राणा, सिसोना के मजरा बल्लूपुरा निवासी सोनू , कौसर गांव टिडोली थाना नकुड जनपद सहारनपुर, काला उर्फ शेर सिंह निवासी सिसोना, संजय चौधरी मोहल्ला सुभाष नगर थाना रानीपुर जनपद हरिद्वार ने जमीन खरीदकर अधिक मुनाफा कमाने के बहाने 50 लाख रुपए ठग लिये। कुछ दिन शांत रहने पर पीड़ित ने उन्हें फोन किया तो फोन बंद मिले। पीड़ित ने उनके बारे में खोजबीन की तो पता चला कि उनका एक गिरोह है जो लोगों से इसी तरह की ठंडी करता है। उक्त मामले में उन्होंने एक मंत्री का भी शामिल होना बताया था। पीड़ित सभी पांच नामजद ओर एक अज्ञात के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।




मुजफ्फरनगर: एमपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में मौजूद अतिथि।

# पति-पत्नी के विवाद को सुलझाने की पंचायत में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** पति-पत्नी के झगडे में समझोते को लेकर दो पक्षों के नट बिरादरी के लोगों की छपार में पंचायत हो रही थी जिसमें कहा सुनी होने पर झगडा हो गया। दोनों ओर से खुब मारपीट हुई ओर लाठी डंडे चले जिसमें दो महिलाओं सहित एक दर्जन लोग लहुलुहान हो गये। तथा कई कारों के शीशे चकनाचूर कर दिए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों ओर एक दर्जन लोगों को पकड़ लिया ओर घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

गांव छपार निवासी शानू का निकाह मेरठ के द्वारिकापुरी कालोनी निवासी दिलशाद की पुत्री के साथ दो वर्ष पूर्व हुआ था बताया गया है कि आठ माह पूर्व शानू व उसकी पत्नी द्वारिकापुरी में एक शादी में गये हुए थे वहीं दोनों में किसी बात पर कहा सुनी हो गई जिससे उसकी पत्नी उसके साथ वापस नहीं आई ओर तब से ही अपने पिता के घर रह रही थी। शुक्रवार को द्वारिकापुरी से दो दर्जन से अधिक लोग छपार आ गये ओर दोनों पक्षों के लोग पंचायत में शामिल हुए। पंचायत में किसी बात पर कहासुनी हो गई ओर दोनों और से गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू हो गई जिसमें लाठी डंडे व पथराव हुआ जिसमें छपार के शान, तालिब, असर अली, शाहनूर, शेर अली व शहराना ओर द्वारिकापुरी के कैफ, सलमान व सलमा लहुलुहान हो गये।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया तथा दोनों और से लगभग एक दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया। खबर लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं आई थी।

# एमपीएल : प्वॉइंट के आधार पर खिलाड़ियों की नीलामी

**शाह टाइम्स संवादाता**

**मुज़फ्फरनगर।** क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रीमियर लीग के द्वितीय संस्करण की नीलामी में बारह टीमों के 190 खिलाडियों की नीलामी प्वाइंट पर आधारित की गई नीलामी प्रक्रिया में प्रत्येक टीम को एक करोड प्वाइंट दिए गए। इस अवसर पर एमपीएल-2 ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया।

मेरठ रोड स्थित एक होटल में नीलामी प्रक्रिया में 12 टीमों अम्बा वॉरियर्स, बिंदल्स स्ट्राइकर्स, क्रिकगिरी चैंप्स, देवभूमि रॉयल्स, सिल्वरटोन पैंथर्स, सिल्वरटोन टाइगर्स, आरपीएल राइडर्स, मेडिकल मैवेरिक्स, टिहरी फाल्कन्स, वसुंधरा सुपरकिंग्स, क्रिस्टल बालाजी टाइटंस एवं भवानी लायंस ने भाग लिया। नीलामी प्रक्रिया में प्रत्येक टीम को एक करोड़ प्वाइंट्स दिए गए, जिनसे 11 खिलाड़ियों की टीम तैयार की जानी थी। कुल 190 पंजीकृत खिलाड़ियों की नीलामी खिलाड़ियों की योग्यता के आधार पर की गई, जिसमें उनकी बेस प्राइज 3 लाख, 2लाख एवं एक लाख निर्धारित की गई थी। कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार, पूर्व मंत्री संजीव बलियान नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप भाजपा नेता गौरव स्वरूप, श्रवण कुमार,विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके साथ ही मुज़फ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन से चेयरमैन भीम कंसल, अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, सीए अजय जैन, उपाध्यक्ष इंदर माथुर, कुशल पाल सिंह, योगेंद्र मलिक, अरविंद भारद्वाज, रोहित चौधरी, ओमदेव सिंह, संजय चौधरी, मोहम्मद अरशद, शिरीष वर्मा एवं डॉ. हेमंत, राजेश जैन, पंकज गोयल, नरेंद्र गोयल, मयंक बिंदल, अमित बिंदल, अमित गर्ग, वैभव गोयल, डॉ यश डॉ डीएस मलिक, भी कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे। ऑक्शन का लाइव प्रसारण भी सेट चैनल पर किया गया। ऑक्शन को एंकर अमन शर्मा, और तूलिका श्रीवास्तव नें किया।

सभी टीमों की आधिकारिक जर्सी भी लॉन्च की गई। ऑक्शन मे मुज़फ्फरनगर सें 109 सहारनपुर सें 25 शामली सें 37 मेरठ सें 17 जबकि हापुड़ और बिजनौर सें एक एक खिलाडी को लिस्ट मे शामिल किया गया था। आयोजकों ने बताया कि एमपीएल-2 के माध्यम से मुज़फ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन का उद्देश्य जिले की क्रिकेट प्रतिभाओं को एक मजबूत मंच प्रदान करना और क्रिकेट को नई ऊँचाइयों तक ले जाना है।

# पूर्व विधायक उमेश के हंगामे का वीडियो वायरल

## अध्यापिका की समस्या लेकर पहुंचे थे बीएसए कार्यालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में उसे वक्त हलचल मच गई जब एक अध्यापिका की समस्या को लेकर पहुंचे पूर्व विधायक उमेश मलिक ने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। बीएसए कार्यालय में हुई तीखी नोक झोंक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही यह मामला तूल पकड़ गया और इस मामले ने सियासी रंग ले लिया।

दरअसल बुढ़ाना विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक उमेश मलिक सरकुलर रोड स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एक अध्यापिका से जुड़े प्रकरण को लेकर बीएसए संदीप कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए खुली नाराजगी जाहिर की। इस दौरान कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों के सामने ही पूर्व विधायक ने तीखे शब्दों में अपनी बात रखी। बताया जा रहा है कि मामला एक सहायक अध्यापिका के शैक्षणिक एवं विभागीय दस्तावेजों से जुड़ा है। आरोप है कि आवश्यक अनुभव प्रमाण पत्र की विभागीय रिपोर्ट पर बीएसए द्वारा काउंटर साइन न किए जाने के कारण प्रधानाध्यापक पद पर समायोजन अटका हुआ है। इस कारण वह पिछले दो महीनों से लगातार बीएसए कार्यालय और स्कूल के चक्कर काट रही थी। बीएसए कार्यालय में पूर्व विधायक की तीखी नाराजगी का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें पूर्व विधायक उमेश मलिक बीएसए संदीप कुमार पर लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वे यह कहते हुए भी दिखाई दे रहे हैं कि यदि काम शीघ्र नहीं हुआ, तो वे इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनके इस आक्रामक तेवर से कार्यालय में मौजूद कर्मचारी असहज नजर आए। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि जानबूझकर परेशान किया जा रहा है और उसके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

मंत्री कपिल देव ने रखा कार्यकर्ताओं का सम्मान

# भाजपा सभासद से अभद्रता का आरोपी हेड कांस्टेबल लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वाहन चेकिंग के दौरान सार्वजनिक रूप से भाजपा सभासद के साथ अभद्रता करने और चालान काटने की धमकी देने के आरोपी हैड कांस्टेबल को आखिरकार लाइन हाजिर कर दिया गया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल के हस्तक्षेप के बाद इस कार्रवाई से सभासद का सम्मान बहाल हुआ है।

दरअसल गुरुवार को जब मेरठ रोड स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास सिविल लाइन थाना पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान भाजपा सभासद प्रशांत गौतम अपनी बुलेट बाइक से सदर तहसील जा रहे थे। बताया गया कि वे एस आईआर के तहत अपने वार्ड के मतदाताओं को आए नोटिस संबंधी काम से सदर तहसील जा रहे थे।

मेरठ रोड पर डाक बंगले के सामने ही थाना सिविल लाइन के पुलिसकर्मियों ने चेकिंग के नाम पर उन्हें रोका। सभासद के अनुसार बाइक के सभी कागजात सही पाए गए, इसके बावजूद हेलमेट न पहनने का हवाला देते हुए सिपाही ने चालान काटने की धमकी दी। आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया और आसपास बिना हेलमेट चल रहे अन्य वाहन चालकों पर कार्रवाई न होने का सवाल उठाया, तो संबंधित पुलिसकर्मी ने उनके साथ अभद्रता की। सभासद प्रशांत गौतम का कहना है कि परिचय देने के बाद भी सिपाही के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया और बहस बढ़ती चली गई। दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक नोकझोंक होती रही। स्थिति बिगड़ते देख सभासद ने अन्य भाजपा सभासदो और पार्टी पदाधिकारियों को मौके पर बुला लिया। उनके पहुंचते ही हंगामा बढ़ गया और पुलिसकर्मी के रवैये के खिलाफ जोरदार विरोध शुरू हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभासद राजीव शर्मा व मनोज वर्मा ने राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल को फोन पर पूरी घटना से अवगत कराया और संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने एसएसपी संजय वर्मा से बात कर निर्वाचित जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ की गई कथित अभद्रता पर कड़ा रोष जताया। देर रात एसएसपी संजय वर्मा ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी हैड कांस्टेबल सुशील कुमार को सिविल लाइन थाने से हटाकर पुलिस लाइन में स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए। इसके साथ ही उसे लाइन हाजिर कर दिया गया।

# भाजपा नेता के पेट्रोल पंप के शुभारंभ समारोह में उमड़े लोग

■ मैनपाल प्रजापति व कृष्णपाल ने अतिथियों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा सचिन प्रजापति द्वारा खोले गए जिओ पेट्रोल पंप का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप भाजपा नेता गौरव स्वरूप वह पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

बुढ़ाना रोड स्थित शाहपुर सोरम रोड पर जिओ पेट्रोल पंप के शुभारंभ में पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला ने सचिन प्रजापति को बधाई देते हुए कहा कि यह पेट्रोल पंप लोगों के भरोसे पर खरा उतरेगा वहीं भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने भी उन्हें बधाई दी शुभारंभ के मौके पर पेट्रोल पंप मालिक मैनपाल प्रजापति व कृष्णपाल प्रजापति ने लोगों को भरोसा दिलाया कि यह पेट्रोल पंप आप लोगों के लिए खोला गया है। यहां आपको उचित दाम पर पेट्रोल मिलेगा वहीं शुभारंभ के मौके पर मुख्य रूप से पहुंचे जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन मलिक, पूर्व विधायक उमेश मलिक, सुनील दर्शन, रोहतास पाल, रितेश प्रजापति, अमित पाल, सभासद अंकित प्रजापति, राजकुमार पाल आदि मौजूद रहे।




मुजफ्फरनगर: पेट्रोल पंप के शुभारंभ समारोह में अतिथियों का स्वागत करते पंप मालिक।

### पिता ने डांटा तो खाया जहर, हालत नाजुक

**बुढाना।** अपने पिता की डांट से गुस्साए युवक ने जहर का सेवन कर परिजनों में चीख पुकार मचवा दी। युवक की गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया है। पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गयी है। कुरालसी गांव का लगभग 23 वर्षीय शुभम पुत्र संजू को पिता ने किसी बात पर डांट डपट दिया। उसने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन फानन में कस्बे के निजी अस्पताल में ले गए जहां उसको गंभीर हालत में मेरठ रैफर कर दिया। बच्चे की हालत में सुधार बताया जा रहा है। पुलिस को भी इस मामले की सूचना मिल गई है।




# बैंक खाते से रकम गायब होने पर शाखा में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** बैंक खाते से हज़ारो रूपये की रकम स्वत: गायब हो जाने पर शाखा पर जानकारी करने आये ग्राहक के साथ कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार करने पर हंगामा खड़ा हो गया। देर शाम किसान संगठन, खाप संगठन, हिन्दू संगठन के पदा. धिकारियों ने बैंक आधिकारियो से तुरंत जांच की मांग की हंगामे की सूचना पर भोपा पुलिस भी बल सहित शाखा मे पहुंच गयी।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी बस स्टेण्ड पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा पर शुक्रवार की शाम भारी हंगामा खड़ा हो गया। जहां कस्बे के मोहल्ला कुँवापट्टी निवासी राहुल पुत्र विनोद सहरावत ने बताया की उसकी बहन निशा का शाखा मे बचत खाता है। जिसमे चीनी मिल का गन्ना मूल्य भुगतान भी आता है। बीते 28 जनवरी को वह दोनों बहन भाई खाते से 17000 के गन्ना भुगतान को निकालने आये थे। शाखा के कर्मचारी ने बताया की उनके खाते मे मात्र 7



हज़ार के लगभग रकम शेष है यह जानकर वह सन्न रह गये। कुछ देर बाद उन्हें खाते से 7 हजार की रकम निकालने का मैसेज मोबाइल पर मिला।

जिस पर वह दोनों पुनरूशाखा पर पहुंचे जहां उन्हें जानकारी मिली की बीते 23 जनवरी को उनके खाते से 10 हजार की रकम 28 जनवरी को 7 हजार की रकम निकाली गयी।

राहुल ने आरोप लगाते हुए बताया की इस संबंध मे जानकारी करने पर शाखा कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया जिसके बाद शुक्रवार की शाम सहरावत खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव चौधरी, भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक् अध्यक्ष मेघेन्द्र बालियान व हिन्दू सेना संगठन के जिलाध्यक्ष मंकुल सहरावत व नवीन चौधरी के नेतृत्व मे, अश्विनी सहरावत, अनिकेत सहरावत, अर्जुन कुमार, अंकित कुमार, पिंकू, हनी, विनोद, अवनीश कुमार, पंकज, परमवीर,राहुल, आकाश राठी, विशु,सागर सहरावत आदि ने हंगामा करते हुए एक प्रार्थना देकर तुरंत मामले की जांच की मांग की है वहीं हंगामा की सूचना पर शुक्रताल चौकी इंचार्ज विवेक चौधरी, उपनिरीक्षक मनोज कौशिक, रणवीर सिंह, प्रेमपाल सिंह कांस्टेबल अमित कुमार नरेन्द्र भी शाखा मे पहुँच गये। शाखा मे तैनात क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार ने बताया की व्यवहार के लिए ग्राहक से खेद व्यक्त किया गया है तथा दो दिन मे मामले की जांच कर ली जायेगी।

# तहसीलदार पर आग बबूला हुए पूर्व प्रमुख विनोद मलिक

## भतीजे को गुंडा बताने पर जतायी नाराजगी, भारी रोष

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना के पूर्व प्रमुख व राष्ट्रीय लोकदल के कद्दावर नेता विनोद मलिक ने शुक्रवार की सायं बुढ़ाना ब्लाक परिसर में स्थित अपनी माता बुढ़ाना ब्लाक प्रमुख श्रीमति पाल्लो देवी के कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपना नजला बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव पर निकालते हुए कहा कि उनके भतीजे जितेंद्र को गुंडा बताने वाले बुढाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव का अगर प्रशासन ने तीन दिन के भीतर तबादला ना किया और मुकदमा दर्ज ना किया तो वे मंगलवार को बुढ़ाना तहसील में धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार के आफिस पर तालाबंदी कर देंगे।

पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने बताया कि तहसीलदार पटवारियों के माध्यम से प्रति पीड़ित व्यक्ति से एक हजार रूपये तक की रिश्वत ले रहे हैं। बिना रिश्वत वे किसी का भी काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने उनको फोन पर जनता के 3 जायज काम बताए जो उन्होंने नहीं किए। बीते कल उनके गांवध मौहम्मदपुर रायसिंह के दलित हिमांशु एससी जाति प्रमाण पत्र बनवाने गया तो उसको जातिसूचक शब्द कहकर भगा दिया गया। आज उनका भतीजा गया तो तहसीलदार ने उसको गुंडा बताया। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट तहसीलदार को अगर इस तहसील से नहीं हटाया गया तो वे 3 दिन बाद मंगलवार को तहसील बुढ़ाना परिसर में ट्रेक्टर और हजारों आदमी भर देंगे और तहसीलदार के आफिस पर ताला डाल देंगे। उन्होंने कहा कि तहसीलदार रालोद नेताओं के भी काम नहीं कर रहे हैं। वे सरकार को बदनाम करके क्या हासिल करना चाह रहे हैं ये समझ से परे है। तहस. ीलदार महेंद्र सिंह यादव को पता होना चाहिए कि उत्तर प्रदेश में अब यादव की नहीं बल्कि भाजपा रालोद गठबंधन की सरकार है। उन्होंने बताया कि तहस. ीलदार ने उनके फोन का भी कोई संज्ञान नहीं लिया। वार्ता में रालोद नेता सुरेंद्र सहरावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अब्दुल जब्बार जौला, लविश जांगिड व अन्य कई रालोद नेताओं की भी मौजूदगी रही।




**क्या बोले तहसीलदार बुढ़ाना...**

**बुढ़ाना।** इस संबंध में जब तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव से बात हुई तो उन्होंने बताया कि मेंने उसे गुंडा गलत नहीं बताया क्योंकि वह मुझे कई लोगों के सामने धमका रहा था। में एक अधिकारी हूं। कोई जबरदस्ती करे तो वो ग़लत बात है। में सभी के काम करता हूं। गलत काम नहीं करता।

# जमीयत पदाधिकारियों ने की नई वोट बनवाने की अपील



**बुढ़ाना।** मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, संशोधन कराने व सत्यापन के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जमीयत बुढ़ाना के नगराध्यक्ष हाजी शराफत अली, महासचिव हाफिज़ तहसीन, हाफिज़ राशिद कुरैशी व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी मौहम्मद आसिफ कुरैशी ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के सब लोगों विशेषकर युवाओं से लोकतांत्रि प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील कर कहा कि जिन युवाओं की आयु बीते 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हुआ वे फर्क्म 6 भरकर अपना नाम दर्ज करा लें। वहीं जिन मतदाताओं के नाम, पिता पति के नाम, पते, आयु या फोटो आदि विवरणों में किसी प्रकार की त्रुटि है वे फार्म 8 के माध्यम से समय रहते जरुरी संशोधन करा लें। जिन लोगों का निवास स्थान बदल चुका है या जो किसी अन्य क्षेत्र से स्थानांतरित होकर आए हैं वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित फार्म भरकर अपने मताधिकार को सुरक्षित करें ताकि भविष्य में उन्हें मतदान के अधिकार से वंचित न होना पड़े। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना प्रत्येक व्यक्ति की संवैधानिक जिम्मेदारी है। मतदान का अधिकार केवल एक अधिकार नहीं बल्कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने का सशक्त माध्यम भी है। इसलिए सभी लोग वक्त निकालकर अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर पहुंचें मतदाता सूची का अवलोकन करें और आवश्यकता अनुसार पंजीकरण या संशोधन जरुर कराएं। जमीयत ने क्षेत्र के सब लोगों से अपील की है कि वे विशेष अभियान का लाभ उठाएं व लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## मुठभेड़ में दो बदमाश दबोचे

**मीरापुर।** पुलिस ने चैकिंग के दौरान देर रात मुठभेड के बाद दो बदमाशो को दबोच लिया। पकडे गये बदमाशो पर एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज बताये गये हैं। क्षेत्राधिकारी जानसठ रूपाली राव द्वारा बताया गया कि देर रात मीरापुर थाना प्रभारी राजीव शर्मा पुलिस टीम के साथ कुतुबपुर झाल के निकट चैकिंग कर रही थी पुलिस को देखकर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी और कुतुबपुर नहर पटरी होते हुए भुम्मा चौकी कच्ची नहर पटरी की ओर भागने लगे। पुलिस टीम ने तत्काल पीछा किया। सिंचाई विभाग कार्यालय कुतुबपुर झाल के पास अभियुक्तों ने एक बार फिर पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में अभियुक्त शाहनवाज पुत्र सरफराज निवासी राजपुर तिलोरा थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार शाहनवाज थाना मीरापुर का हिस्ट्रीशीटर भी है।

# मदरसा इस्लामिया जामिया में आयोजित हुआ सालाना इस्सास व दस्तारबंदी समारोह

**मीरापुर।** स्थित मदरसा इस्लामिया जामिया में सालाना इजलास व दस्तारबंदी समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मदरसे में अध्ययनरत छात्रों को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मदरसे के मोहतमिम मौलाना अरशद कासमी ने बताया कि सालाना जलसे में दारुल उलूम देवबंद से मुफ्ती मुजम्मिल विशेष रूप से पहुंचे। उनके साथ दारुल उलूम देवबंद से ही मुफ्ती इकबाल भी उपस्थित रहे। दोनों विद्वान उलेमा ने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर कुरान मुकम्मल करने वाले सात छात्रों की दस्तारबंदी की गई। वहीं मिश्कात व हदीस की शिक्षा ग्रहण कर रहे 12 छात्रों को तथा इंग्लिश एवं कंप्यूटर विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन छात्रों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान छात्रों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला।



मदरसे के अध्यक्ष आफताब आलम मेवाती ने कहा कि मदरसा इस्लामिया जामिया में प्रतिवर्ष छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर छात्र देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर न केवल अपने परिवार बल्कि क्षेत्र और मदरसे का भी नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने मदरसे की शैक्षिक गुणवत्ता और आधुनिक विषयों के साथ दीनि तालीम के संतुलन पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में जान मोहम्मद मेवाती, मौलाना शाहिद, मौलाना आस मोहम्मद, मौलाना सईदुज्जमा सहित मदरसे के सभी शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# दवा व्यापारियों के हितों की रक्षा को कैमिस्ट ड्रग एसोसिएशन के जिला मंत्री ने भेजा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर।** जिले के दवा व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कैमिस्ट एण्ड ड्रग एसोसिएशन के जिला महामंत्री सुभाष चन्द चौहान ने लखनऊ के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सचिव आयुक्त डा. रौशन जैकब को एक पत्र भेज कर बताया कि आर्गेनाइजिंग कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जो प्रदेश के 150000 दवा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं यह संस्था उनकी प्रादेशिक इकाई है। उन्होंने राज्यमंत्री कपिल देव के साथ अन्य अधिकारियों को पत्र की प्रतिलिपि भेजकर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि

प्रदेश की दवा व्यापार से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय संज्ञान में लाना चाहते हैं। समस्त उत्तर प्रदेश में लगभग 150000 मेडिकल थोक और रिटेल के लाइसेंस है और सभी दवा व्यापारी ड्रग एक्ट के नियमों अनुसार अपना व्यापार कर रहे हैं कुछ समय से दवा व्यापारियों के सामने कुछ समस्याएं आ रही है। जैसे लाइसेंस से संबंधित एक नया पोर्टल ओएनडीएलएस बनाया गया है, नए पोर्टल में सरकार के द्वारा गोदाम के लाइसेंस का प्रावधान ही नहीं डाला गया है। नए पोर्टल में ना तो नया गोदाम का लाइसेंस बन रहा है, और ना ही पुराने गोदाम का लाइसेंस रिनूवल हो रहा हैं ।नए पोर्टल की इस खामी के कारण से दवा व्यापारियों के सामने बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो गई है 50: दवा व्यापारियों के पास गोदाम की आवश्यकता होती है और लाइसेंस भी है।

नए पोर्टल में अग्रिम तारीख तक गोदाम का नए लाइसेंस/रिन. ूवल का प्रावधान नहीं आता है उस समय तक को जिन व्यापारियों के पास पुराना गोदाम का वैध लाइसेंस है, उन्हीं को मान्यता प्रदान की जाए। नए पोर्टल में प्रावधान ना आने तक पुराने वैध गोदाम लाइसेंसी व्यापारी को ड्रग एंड कास्मेटिक एक्ट के तहत सहूलियत प्रदान की जाए।

# पूर्व उपसभापति मुमताज अली की सौयम मजलिस सम्पन्न

**भोपा।** संवाददाता बेलडा के भूतपूर्व प्रधान व चीनी मिल मोरना के पूर्व उपसभापति मुमताज अली जैदी का मंगलवार शाम निधन हो गया था बुधवार को दोपहर जनाजे नमाज के उपरांत सुपुर्द खाक किये गये वही बडी सख्या मे गणमान्य व्यक्ति ने उनकी अंतिम यात्रा मे भाग लिया आज शुक्रवार को मुमताज अली जैदी की सौयम की बेलडा के ईमाम बाडे मे सम्पन्न हुई इस मजलिस को दिल्ली से आये मौलाना सुल्तान साहाब ने पढा मजलिस मे मुजफ्फरनगर, बिजनौर, किरतपुर, सहारनपुर, देवबंद, जौली, मेरठ, दिल्ली, जौली, जानसठ, भोकरहेडी बेहडा सादाद, सहित विभिन्न गांवो व, जिलो से बडी सख्या उनके चाहाने वाले सामिल हुये



एडवोकेट नासिर अली, डाक्टर हाशिम रजा जैदी, शिया वक्त बौड के चौयरमैन व राज्य मंत्री विशाल मैहदी, बुलंदशहर से एसडीएम अब्बास, ईरम अली जैदी, आजम अली जैदी, कलबे अब्बास, नदीम जैदी, गुलाम अब्बास, शमीम रजा, डाक्टर जमाल महेदी, मगरूर जैदी, मेहंदी रजा, जहूर मेहंदी, बाबर रजा जैदी, रिहान रजा जैदी, वसीम रजा, मेहंदी रजा जैदी, नफसर अली जैदी, गुलजार एडवोकेट, हुसैन मिया जैगम हुसैन, सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रही मुमताज अली जैदी एक मिलनसार ओर सज्जन व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे उनके निधन से आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है।

# डाक्टर सिद्धार्थ भट्टाचार्य बने अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री

**मुजफ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 1008 जगतगुरु स्वामी माधवन जी सरस्वती महाराज एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत महामंडलेश्वर स्वामी हर मनोज दास गुरु जी की संस्कृति के आधार पर अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा द्वारा वरिष्ठ हिंदू नेता एवं अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री डा. सिद्धार्थ भट्टाचार्य को अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा का राष्ट्रीय महा मंत्री भारत नियुक्त किया इसके अलावा अजय दादा अयोध्या वासी को अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आईटी सेल विभाग की जिम्मेदारी दी गई है अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा पूरे विश्व में कार्य कर रही हैं जिसका नेतृत्व अनेक महासंघ जगतगुरु महामंडलेश्वर कर रहे हैं।



ऐसी पार्टी में जुड़ना सौभाग्य की बात है अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा एक ऐसी पार्टी है जिसका एकमात्र उद्देश्य है भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना है संतों के सम्मान की रक्षा करना एवं देश के विरुद्ध कार्य करने वाली सभी पार्टियों के विरोध में जन आंदोलन चलाना इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा गौ रक्षा सनातन धर्म की रक्षा पुराने मंदिरों का निर्माण करना भी इसका मुख्य झंडा है।

इसी कड़ी में जल्द ही एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन एक शाम देश के अमर बलिदानियों के नाम किया जा रहा है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा द्वारा सनातन धर्म के लिए कार्य करने वाले महान योद्धाओं को सम्मानित किया जाएगा इसके अलावा पुलिस विभाग के अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी अधिवक्ता डाक्टर सफाई कर्मचारी सनातन वीर देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले बलिदानों के परिवारों को सम्मानित किया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा अंतरराष्ट्रीय महामंत्री आचार्य अजय कृष्ण शास्त्री आचार्य मदन जी महाराज अंतरराष्ट्रीय संरक्षक ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है

## पंजाब राज्य की तर्ज पर किसानों को सुविधाएं देने की मांग

**मोरना।** दि गंगा किसान चीनी मिल मोरना में भाकियू कार्यकर्ताओं ने पंचायत का आयोजन किया। जिसमें पंजाब सरकार की तरह किसानों को गन्ना अनुदान, पीबी गन्ना वैरायटी लेने, आगामी पेराई सत्र में गन्ना सटा पुरा करने और खाद सीसी बढ़ाने सहित किसानों को आवश्यकता अनुसार खाद उपलब्ध कराने व अप्रैल के बजाय मार्च महीने में दवाइयां पर सब्सिडी देने आदि की मांग का ज्ञापन मिल प्रबंधन को दिया। मिल प्रबंधक ने एक सप्ताह में समस्याओं का एक सप्ताह में निस्तारण करने का आश्वासन दिया। पंचायत में बोलते हुए जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने कहा उत्तर प्रदेश में चीनी मिल गन्ने की कमी होने से प्रतिदिन नोकेन की स्थिति में रहता है। गन्ने की कम पैदावार होने से कोल्हू पर गन्ना रेट अधिक है। लेकिन किसान फिर भी चीनी मिल के गन्ना सटे पर रेट के अन्तर पर नुकसान उठाकर मिलों को गन्ना सप्लाई कर रहा है। इसलिए किसानों का आगामी गन्ना सत्र में सटा ज्यों का त्यों रखना होगा। सरकार पर पेस्टीसाइड व्यापारियों का भारी दवाब है इसलिए चीनी संस्थान मिल संस्थान दुसरे राज्यों के गन्ने को किसानों को बुवाई करने से मना करते हैं। जबकि पीबी वेराइटी गन्ना प्रजातियों चीनी परता की मात्रा अच्छी है और पैदावार भी अधिक है। कोल्हुओं पर साढ़े चार हो प्रति कुंतल का भाव है। सरकार मिल स्वामियों के दोहरे मापदंड को तुरन्त बैन करें। मोरना मिल विस्तारीकरण के लिए भाकियू ने लगातार कई वर्षों तक लगातार धरने प्रदर्शन किया। इतिहास गवाह है किसानों का उत्पीड़न करने वाले कभी आबाद नहीं होते। इसलिए प्रदेश सरकार तुरंत पंजाब सरकार की तरह गन्ना समर्थन मूल्य बढ़ाए। मिल प्रबंधन बीपी पांडे को मांगों का ज्ञापन दिया। पंचायत का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी ने की। विकास डायरेक्टर, योगेश बिट्टू प्रधान, परमिंदर सहरावत, श्यामवीर, विनित, पिंटू शर्मा, ऋषि पाल, राजा, फैजान, पंकज मलिक, विपिन राठी, मोंटी राठी, तिलकराम, संजीव शर्मा, अफसर, प्रमोद छोटा, विनय त्यागी, बंटी आदि दर्जनों किसान मोजूद रहै।

## जर्जर आंगनवाड़ी केंद्र हुआ बंद तो बच्चे खुले में बैठने को हुए मजबूर

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव खिजरपुर उर्फ मदीनपुर में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र को प्रशासन द्वारा करीब चार महीने पूर्व जर्जर घोषित कर दिया गया था। इसके बाद से ही ये आंगनवाड़ी भवन पूरी तरह से बंद पड़ा हुआ है। भवन बंद होने के कारण आंगनवाड़ी में पढ़ रहे सब बच्चे खुले आसमान के नीचे बैठकर भयंकर सर्दी में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। अभी तक ना ही तो प्रशासन ने किसी भी वैकल्पिक सुरक्षित भवन की व्यवस्था करवाई है और ना ही अभी तक भी निर्माण अथवा मरम्मत कार्य शुरू करवाया गया है। स्थानीय निवासी इंजीनियर मोहम्मद अरशद ने शुक्रवार के दिन मीडिया को जानकारी देते हुए बतलाया कि ग्राम प्रधान द्वारा कई बार कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया गया लेकिन अभी तक भी कोई कार्य नहीं हुआ है। बच्चों के खुले में बैठने से उनकी सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। संबंधित विभाग को स्थिति की जानकारी होने के बावजूद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय स्तर पर मांग की जा रही है कि आंगनवाड़ी भवन का कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए अथवा बच्चों के लिए अस्थायी सुरक्षित व्यवस्था की जाए।

**सार्वजनिक सूचना**

यह कि मेरा नाम (**इंतजार हुसैन** (**INTZAR HUSSAIN**) सही है, जो कि आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी व अन्य आईडी में यही सही चली आ रहा है तथा पासपोर्ट में **INTAZAR HUSSAIN** हो गया था जो कि गलत है। अतः मुझे भविष्य में (**इंतजार हुसैन** (**INTZAR HUSSAIN**) के नाम से जाना जाए।

**इंतजार हुसैन (INTZAR HUSSAIN)**, 786/18, योगेन्द्रपुरी, मुजफ्फरनगर (यू0पी0)

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **शाहफैसल** मेरे कहने-सुनने में नहीं है। **शाहफैसल** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में **शाहफैसल** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

**गुलनाज बेगम** पत्नि **अबरार अहमद**, निवासी: म0नं0 523/1, खालापार दक्षिणी थाना खालापार, जिला मुजफ्फरनगर।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **फैजल** मेरे कहने- सुनने में नहीं है। **फैजल** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में **फैजल** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

**मो0 आकिल** पुत्र **मौ0 यामीन** निवासी: मिमलाना रोड, कलीम कालौनी न्याजुपुरा मजरा शाहबुद्दीनपुर, थाना कोतवाली नगर, जिला मुजफ्फरनगर।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा जैन इण्टर कॉलेज मुजफ्फरनगर वर्ष 2023 का कक्षा 12 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक 2235441554 है, वास्तव में कहीं खो गया है।

**मोहसीन (MOHSEEN)** पुत्र **इजहार**, निवासी- खालसा पट्टी, सुजडू, जिला मु0नगर, मोब0 9084189594.

**भागवत कथा से सामाजिक जीवन में बदलाव आता है : ब्रह्मस्वरूपानंद**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे स्थित मानव चेतना केंद्र धाम में श्रीमदभागवत ज्ञानयज्ञ कथा महोत्सव में छठे दिन अमृत ज्ञान की वर्षा करते हुए ऋषिकेश से आए कथा वाचक स्वामी ब्रहमस्वरूपानंद महाराज ने कहा कि भागवत कथा से पारिवारिक और सामाजिक जीवन में बदलाव आता है। भागवत कथा मनुष्य को यह सिखाती है कि जीवन केवल भोग-विलास के लिए नहीं, बल्कि सेवा, सद्भाव और परोपकार के लिए है। भागवत का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन को संस्कारित करना है। जब मनुष्य भगवान के चरित्र और आदर्शों को आत्मसात करता है तो उसका जीवन स्वतः ही मर्यादित और अनुशासित हो जाता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भागवत कथा जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से जुड़ें। इससे उनमें संस्कारों का विकास होगा और वे नशा, अपराध तथा कुरीतियों से दूर रहेंगे। कथा में मानव चेतना केंद्र परिवार से जुडे हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, यूपी के विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालुओं भाग ले रहे है। कथा की व्यवस्था में प्रेम कोहली, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, रमेश गोयल, हिमांशु, हरिओम, अशोक, राजेश, डा.ओम, डा. दिलबाग नेहरा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# सैंकड़ों लोगों ने एआईएमआईएम ज्वॉइन की

## ग्राम सफीपुर पट्टी में आयोजित हुई थी बैठक



**बुढ़ाना।** आल इण्डिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिलाध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी के आदेशानुसार शुक्रवार को बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र की ग्राम सफीपुर पट्टी में बीडीसी पद के उम्मीदवार शाहरुख सिद्दीकी के आवास पर पार्टी की एक मीटिंग का हुई। जिसमें काफी ग्रामीणों ने आल इण्डिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और आल इण्डिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के प्रति अपनी अपनी बातें रखीं। जिसमें आल इण्डिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की विचार धारा से प्रभावित होकर सभी ने आने वाले किसी भी चुनाव में भरपूर मतों से अपने प्रत्याशियों को जिताने की बात कही और कहा कि वे अपना डंडा और आल इण्डिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी का झंडा हर घर और हर प्रतिष्ठान पर लहराने का काम करेंगे।

इस दौरान यहां पर जिला महासचिव आजम फारूकी, बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम, जिला पंचायत के वार्ड नंबर 20 से प्रत्याशी सैफ्यद बाबर, बीडीसी पद प्रत्याशी शाहरुख सिद्दीकी, बुढ़ाना विधानसभा सचिव अब्दुल वहाब, बुढ़ाना कोषाध्यक्ष रशीद अंसारी, युवा नेता परवेज खान, वसीम खान, अफ्यूब सिद्दीकी, मन सिद्दीकी और फिरोज सिद्दीकी सहित अन्य सैंकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# मदरसे में वार्षिक परीक्षा का सफल आयोजन

**बुढ़ाना।** गांव विज्ञाना के मदरसे में वार्षिक परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। ये मदरसा एक योग्य आलिमे दीन मुफ्ती मोहम्मद अमजद विज्ञानवी की निगरानी व कुशल प्रबंधन में संचालित हो रहा है। मदरसा निरंतर प्रगति की राह पर है। जहां स्थानीय व गैर स्थानीय क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों की अच्छी खासी संख्या मौजूद है। वार्षिक परीक्षाओं के माध्यम से ये स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष भर कितनी लगन व मेहनत से अध्ययन किया है। मदरसे के नाज़िमे इम्तिहान मौलाना गुलाम मुरसलीन व मुफ्ती मोहम्मद तौसीफ की मेहनत व लगन साफ तौर पर नजर आई। मौलाना साकिब, कारी शुऐब व मास्टर मोहम्मद साबिर की निगरानी में मदरसे की परीक्षाएं पूरी हुई। बच्चों के अरबी दर्जात की परीक्षा मौलाना अब्दुल्लाह शेरपुरी ने ली व बच्चों की सफलता व मेहनत को देखते हुए उन्होंने विद्यार्थियों और असातिज़ा को दुआओं से नवाज़ा। क़ुरआन पाक की परीक्षा कारी फुरक़ान विज्ञानवी ने ली व बच्चों की बेहतरीन तैयारी पर खुशी जाहिर की। यहां हाफ़िज़ मोहम्मद परवेज़, मोहम्मद उस्मान अन्य लोग मौजूद थे। सबने मदरसे के नज़्म ओ नसक़ व ज़िम्मेदारों की मेहनत की सराहना की। मदरसे के बानी व मोहत. मिम मुफ्ती मोहम्मद अमजद ने सब अतिथियों व सहयोगियों का दिल से शुक्रिया अदा किया।?



## सचल ग्राम न्यायालय से मिली राहत:

# मौके पर सुलझाएं कई वाद, वादकारियों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आमजन को त्वरित, सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद खतौली के सभा कक्ष में सचल ग्राम न्यायालय का सफल आयोजन किया गया। इस न्यायिक पहल की अध्यक्षता पीठासीन अधिकारी एवं न्यायाधिकारी दिव्य प्रताप सिंह निमेश ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से किया गया। सचल ग्राम न्यायालय के अंतर्गत पूर्व से चिन्हित सुलह-समझौते योग्य मामलों की सुनवाई की गई। दोनों पक्षों की सहमति से कई वादों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जिससे वर्षों से लंबित मामलों से परेशान वादकारियों को बड़ी राहत मिली। त्वरित न्याय पाकर वादकारियों में संतोष और विश्वास का माहौल देखने को मिला।पीठासीन अधिक. ारी दिव्य प्रताप सिंह निमेश ने उपस्थित वादकारियों व अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सचल ग्राम न्यायालय का मूल उद्देश्य न्याय को लोगों के दरवाजे तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था छोटे और साधारण प्रकृति के विवादों के समाधान के लिए बनाई गई है, ताकि लोगों को लंबी कानूनी प्रक्रिया और बार-बार अदालतों के चक्कर न लगाने पड़ें। यह प्रणाली समय और धन की बचत के साथ-साथ आपसी सौहार्द बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन खतौली के अध्यक्ष नवीन उपाध्याय एवं महासचिव प्रदीप कुमार एडवोकेट ने भी अपने विचार व्यक्त किए।




उन्होंने सचल ग्राम न्यायालय को न्याय व्यवस्था की एक सराहनीय और जनहितकारी पहल बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आमजन का न्याय प्रणाली पर विश्वास और अधिक मजबूत होता है। सचल ग्राम न्यायालय के आयोजन में बड़ी संख्या में अधिवक्तागण एवं वादकारी उपस्थित रहे। अंत में सभी वादकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मरम्मत अधूरी छोड़ गई पालिका, सैनी नगर की सड़क बनी मुसीबत

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर पालिका की लापरवाह कार्यशैली एक बार फिर आम नागरिकों की परेशानी का कारण बन गई है। पेयजल पाइपला. इन की मरम्मत के नाम पर सड़कों को खोद दिया जाता है, लेकिन काम पूरा होने के बाद सड़क की सुध लेना पालिका भूल जाती है। नतीजा यह है कि शहर के कई मोहल्लों में सड़कें बदहाल पड़ी हैं और लोग रोज़ जोखिम उठाकर आवाजाही करने को मजबूर हैं।

पालिका मार्ग स्थित सैनी नगर इसका ताजा उदाहरण बनकर सामने आया है। कुछ समय पहले यहां पेयजल पाइपलाइन में खराबी आने से सड़क पर जलभराव हो गया था। पालिका ने पाइपलाइन तो ठीक कर दी, लेकिन इसके बाद सड़क की मरम्मत को लेकर केवल औपचारिकता निभाई गई। खोदी गई सड़क को ठीक से समतल नहीं किया गया, जिससे कुछ ही दिनों में सड़क पूरी तरह उखड़ गई। बारिश होते ही सड़क की हालत और बदतर हो जाती है। कीचड़, फिसलन और गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों को आए दिन परेशानी झेलनी पड़ रही है। पैदल चलने वालों के लिए तो यह रास्ता और भी खतरनाक साबित हो रहा है। कई लोग फिसलकर गिर चुके हैं और चोटिल भी हुए हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि खराब सड़क के चलते ग्राहक आने से कतराने लगे हैं, जिससे उनके कारोबार पर सीधा असर पड़ रहा है। दिनभर धूल, कीचड़ और जाम जैसी स्थिति बनी रहती है।



शिकायतों के बाद भी नहीं हुई सुनवाई सैनी नगर के लोगों में नगर पालिका के प्रति गहरा आक्रोश है। स्थानीय निवा. सियों का कहना है कि सड़क की मरम्मत को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि पाइपलाइन सुधारने के बाद सड़क को उसी हाल में छोड़ देना पालिका की गैरजिम्मेदारी को उजागर करता है। नागरिकों ने मांग की है कि सड़क की जल्द से जल्द पक्की मरम्मत कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो स्थानीय लोग आंदोलन का रास्ता अपनाने को विवश होंगे।

## शिक्षुता मेले का आयोजन आज

**मुजफ्फरनगर।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुकेश प्रताप सिंह ने बताया कि 31 जनवरी को कैम्पस, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, में प्रातः 10:30 बजे से 03:30 बजे तक शिक्षुता मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में जनपद के प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाईयों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। अप्रेन्टिसशिप मेले में समस्त व्यवसायों (ट्रेड) के अभ्यार्थी प्रतिभाग कर सकते है, तथा मेले में सम्मिलित होने के लिये अभ्यार्थी को अप्रेन्टिसशिप पंजीकरण, हाई स्कूल अंकतालिका, प्रमाण पत्र, आई.टी. आई. अंकतालिका, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मूल निवास एंव जाति प्रमाण पत्र, सभी प्रपत्रो की छाया प्रति साथ लाना अनिवार्य है।

अधिक जानकारी के लिये अभ्यार्थी, कार्यालय नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुजफ्फरनगर में उपस्थित होकर सम्पर्क करें।

# त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाने पर धर्मगुरुओं के साथ मंथन

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में आगामी पर्व व त्यौहारों (संत रविदास जयंती, शब-ए-बारात) आदि को सकुशल सम्पन्न कराने, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी उमेश मिश्रा तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा जिला पंचायत सभागार में गणमान्य/संभ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ शांति समिति की मीटिंग का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी पीस कमेटी के सदस्यों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा सभी से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखते हुए त्योहारों को मनाया जाए।साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश करने वालों/असामा. जिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक अवंछित गतिविधियों दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन/ पुलिस प्रशासन को दें, किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करे तथा जनपद में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। सोशल मीडिया पर ऐसी कोई भी पोस्ट शेयर न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भडकाऊ/गलत/अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें जिससे आपसी सौहार्द खराब हो, शोभायात्रा में शांति, अनुशासन एवं धार्मिक सौहार्द बनाए रखें तथा प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। साथ ही सभी को निर्देशित किया गया कि संत रविदास जयंती व शब-ए-बारात शोभा यात्रा/जुलुस के दौरान शासन द्वारा जारी गाईडलाइन्स का पालन करे तथा कोई भी नई परंपरा प्रारम्भ न करें।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर श्री सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, समस्त क्षेत्राधिकारीगण तथा पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# क्रिकेट के दौरान गेंद लगने से शुरू हुआ विवाद, दो पक्षों में मारपीट और पथराव

**मीरापुर।** मीरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुझेड़ा में आपसी विवाद के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट और पथराव की घटना सामने आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर कुल 18 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।ग्राम मुझेड़ा निवासी तसलीमा पत्नी कल्लू द्वारा थाना मीरापुर में तहरीर के अनुसार उनकी पुत्रवधू शबाना पत्नी मुजफ्फर लगभग आठ माह की गर्भवती है, अपने मकान के पीछे खुले हिस्से में बैठकर धूप सेक रही थी। इसी दौरान मकान से सटे इमामबाड़ा परिसर में शिया समुदाय के कुछ युवक क्रिकेट खेल रहे थे। खेल के दौरान जोर से मारी गई गेंद अचानक शबाना के पेट में जा लगी, जिससे वह घबरा गई और चीख पड़ी। तसलीमा का आरोप है कि जब परिजनों ने इस संबंध में क्रिकेट खेल रहे युवकों से बातचीत करनी चाही, तो वे उग्र हो गए और हाथों में ईंट, पत्थर, धारदार हथियार व डंडे लेकर उनके मकान में घुस आए। आरोप है कि उक्त लोगों ने पथराव करते हुए हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने तसलीमा की तहरीर पर रहबर राजा, शान हैदर, मेहंदी, हैदर राजा, रिहान, आरिफ राजा उर्फ पप्पू, रोजी, अकबर, शबी हैदर व तनवीर आलम सहित कुल 10 लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से ग्राम मुझेड़ा निवासी सभी हैदर पुत्र मुजफ्फर ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि दिनांक 29 जनवरी को शाम करीब 4 बजे गांव के कुछ युवक क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो गाली-गलौज में बदल गई। आरोप है कि जब उनके पक्ष के युवकों ने इसका विरोध किया तो गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंच गए और उन पर पथराव कर दिया। इस हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने शबी हैदर की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए इमरान, मुदस्सिर, शादाब, गुलजार, सोनू, भोलू, आकिल व कल्लू निवासीगण ग्राम मुझेड़ा सादात थाना मीरापुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच आपसी मारपीट और पथराव की घटना के कारण गांव में तनावपूर्ण माहौल उत्पन्न हो गया था। स्थिति को नियंत्रित करते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## वर्द्धजनों के बीच पहुँचे एसएसपी संजय वर्मा, सेवा और संवेदना से जीता बुजुर्गों का दिल

**खतौली।** बुधवार का दिन पमनावली स्थित वृद्धा आश्रम के बुजुर्गों के लिए खास बन गया, जब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा स्वयं आश्रम पहुँचे। अचानक मिले इस स्नेहपूर्ण सान्निध्य से आश्रम का माहौल भावुक और आत्मीय हो उठा।एसएसपी संजय वर्मा ने आश्रम में रह रहे वृद्ध महिलाओं और पुरुषों से न केवल उनके हालचाल पूछे, बल्कि उनके जीवन से जुड़े अनुभवों को भी ध्यानपूर्वक सुना।

बातचीत के दौरान उन्होंने बुजुर्गों को जूते, गर्म शॉल और मिठाइयाँ भेंट कीं, जिससे बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई।इस मौके पर एसएसपी ने आश्रम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता, देखभाल और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने आश्रम की वार्डन रेखा सिंह को निर्देशित किया कि साफ-सफाई और बुजुर्गों की देखरेख में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, ताकि सभी वर्द्धजन सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में जीवन व्यतीत कर सकें। सेवा और सम्मान पाकर बुजुर्ग भावुक हो उठे और उन्होंने एसएसपी संजय वर्मा को हृदय से आशीर्वाद दिया। आश्रम पहुँचने पर वार्डन एवं कर्मचारियों द्वारा एसएसपी का फूलों के बुके से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीओ रामआशीष यादव, कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल तथा पमनावली चौकी प्रभारी आरिफ भी उपस्थित रहे। एसएसपी की यह पहल पुलिस की कठोर छवि से अलग, एक संवेदनशील और समाजसेवी चेहरे को उजागर करती नजर आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की पहल समाज में सकारात्मक संदेश देती है और प्रशासन व आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करती है।

# सीएचसी में दिलाई कुष्ठ रोग उन्मूलन की शपथ



**बुढ़ाना।** शुक्रवार के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना परिसर में जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया, एसीएमओ डॉक्टर दिव्या, फैमिली प्लानिंग कंसल्टेंट दिव्यांग दत्त और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रणव तेवतिया की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन दिवस के अवसर पर कुष्ठ रोग उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आशा कार्यकत्रियों को परिवार नियोजन कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया। परिवार नियोजन की समीक्षा एवं लक्ष्य निर्धारण किया गया। आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बुढ़ाना की सभी छात्राओं को चश्मों का वितरण भी किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा एवं संगिनी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और साथ ही सीएमओ डाक्टर सुनील तेवतिया के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में संचालित मॉडड्ूलर ओटी के कार्यो की समीक्षा भी की गई। इस कार्यक्रम में समस्त आशा एवं संगिनी उपस्थित रही। स्टाफ एवं अन्य समस्त स्वास्थ्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। जिसमें मुख्य रुप से सीएचसी नेत्र परीक्षण अधिकारी डाक्टर उमंग श्रीवास्तव आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित मौजूद रहे।

## आय बढ़ाने को कृषि विशेषज्ञ ने मिश्रित खेती पर दिया बल

**मोरना।** शुकतीर्थ मोरना मार्ग स्थित ब्रजवीर राठी फार्म हाउस पर इफको के तत्वाधान में बसंत कालीन गन्ना उत्पादन विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में साहरनपुर मण्डल के उन्नतशील किसानों सहित गन्ना विशेषज्ञों ने भाग लिया। गन्ना गोष्टी को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त सहारनपुर ओमप्रकाश ने कहा शहर और कस्बों के निकट खेती करने वाले किसान भिंडी, तरबूज़ खरबुजा आदि फसलों को गन्ने के साथ लगाए , निश्चित आमदनी बढ़ेगी। किसान खेतों की तीस इंच की गहरी जुताई कर गन्ने फसल की बुवाई करें। मिटी की जांच अवश्य कराएं। केल्शीयम, मेग्निशियम, फास्फोरस, माइक्रो न्यूटेन्ट सहित पोटाश आदि की संतुलित मात्रा मैं डालने से गाना की पैदावार में बढ़ोतरी होगी। सीओ 0118 में 0138 से चीनी परता और अधिक पैदावार देने की क्षमता है। जिससे किसानों और मिल संस्थानों को लाभ मिलेगा। इफको उप महाप्रबंधक लखनऊ से आए हरीश तेवतिया ने कहा गन्ने की बुवाई से पहले खाद डालें। और हो सके तो रेड रोट के लिए गन्ने के बीच को उपचारित कर बुवाई करें। गन्ना ट्रच विधि से यह लाभ है कि वह किसान को लंबे समय तक संतुलित मात्रा में गन्ना पैदावार देती रहेगी। हवा और धुप और जमीन की पर लगने से भुमि की उपजाऊ शक्ति भी बनी रहेगी। समय से गन्ना बुवाई करें ,और नेचुरल गन्ना फुटाव किसानों को ज्यादा ध्यान देना चाहिए। गन्ने की फसल में ज्यादा पानी लगाने से उसकी जड़ों में गलन होने लगती है और लाल सड़न भी इसका मुख्य कारण है। रेड रोट न आए तो इसके लिए आधा घण्टे तक दवाई घोल मे उपचारित कर गन्ने बुवाई करनी चाहिए। गन्ने से जूडे प्रश्नो के सही जवाब देने पर साहरनपुर के समद न्योता,तनवीर अहमद जडेजा, सरफराज टिकोला, संजीव मोरना, आदि को सम्मानित किया गया। गोष्ठी को इफको क्षेत्रीय प्रबंधक गुंजन बिवकर्मा,विवेक शामली, ईश्वर तालियान मुजफ्फरनगर,सुक्षम पुनिया आदि ने संबोधित किया। आयोजन में आयूष राठी, जितेंद्र, अंकित राठी, अवतार आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## शहीदों को नमन कर आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**मुजफ्फरनगर।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, मुजफ्फरनगर में पूर्वान्ह 11:00 बजे 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र मुजफ्फरनगर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा हेतु कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने की भावना व्यक्त की गई। शहीदों का बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

## सपा जिलाध्यक्ष ने ई-रिक्शाओं को दिखाई हरी झंडी



**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जिया चौधरी व समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल ने संयुक्त रूप से शुक्रवार की सायं बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर मुख्य अतिथि के रुप में अपने समर्थकों के साथ में पहुंचकर समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव नवाब इम्तियाज के प्रतिष्ठान से एक दर्जन से भी अधिक ई रिक्शाओं को अपने कर कमलों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी ई रिक्शाएं बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में चल रही विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया के बीच पीडीए प्रहरी बनकर घर घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने का काम करेंगी। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिहार की तरह यूपी में भी बड़ी संख्या में पीडीए समाज के मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश हो रही है। ऐसे मे हम सभी सपा नेताओं ने प्रहरी बनकर मतदाता जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। सपा नेता सत्येंद्र पाल ने कहा कि ई-रिक्शाओं में चारों तरफ एसआईआर को लेकर जो बातें लिखी हैं वे ई-रिक्शाएं मोहल्लों में पहुंचेंगी और लोगों को जागरुक करेंगी ताकि वोटर नई वोट बनवाए। हमारा मकसद लोगों तक पहुंचना, उन्हें जागरूक कर उनके फॉर्म छह भरवाकर उनके वोट सुरक्षित करवाना है। ये मत सोचो कि हम अंतिम दिन अपनी वोट बनवाएंगे। आज अभी अपने बीएलओ से संपर्क करें और जहां बीएलओ नहीं आता तो उन्हें बताएं। सपा नेता नवाब इम्तियाज ने कहा कि उनके नेतृत्व में 13 ई रिक्शाएं एसआईआर का प्रचार कर लोगों को जागरुक करने का काम करेंगी। यहां सभासद गुलफाम खान, फिरोज कुरैशी, इनाम कुरैशी, मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी, जमशेद अंसारी, इरफान, सलमान इम्तियाज, अब्दुल्ला इम्तियाज, प्रदीप डबास, मुनव्वर इम्तियाज, सपा जिला सचिव इकबाल कुरैशी और हसीन कुरैशी पूर्व प्रदेश सचिव सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों की याद में रखा मौन



**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार शुक्रवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में पूर्वान्ह 11 बजे 2 मिनट का मौन धारण किया गया। जिस में 2 मिनट के मौन की अवधि शुरु होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर दी गई। सहायक अध्यापिका अनुराधा प्रथम ने बताया कि दिल्ली के बिडला भवन में प्रार्थना सभा के दौरान 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी को गोली मार दी थी। महात्मा गांधी बापू को श्रद्धांजलि देने के लिए 30 जनवरी को शहीद दिवस के अवसर पर सुबह 11 बजे 2 मिनट का सामूहिक मौन रखा जाता है। ये मौन इस वर्ष भी रखा जा रहा है। स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देने और उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करने के लिए हर साल 30 जनवरी को दो मिनट का मौन रखा जाता है। यह मौन महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर देश की एकता, स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान और उनके त्याग के प्रति सामूहिक चिंतन का प्रतीक है।

# स्वतन्त्रता संग्राम के अमर शहीदों को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी** । पीएम श्री कंपोजिट स्कूल तुगलकपुर में शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया है।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में प्रातः 11बजे देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर शहीदों को याद कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा सहायक अध्यापक कुलदीप कुमार के निर्देशन में दो मिनट का मौन धारण कर देश के अमर शहीदों की आत्माओं को शांति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई।



इस अवसर पर कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानाध्यापक मेराज खालिद रिजवी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बच्चों को अवगत कराया है कि यह आजादी हमें आज हमारे अमर शहीदों की वजह से ही मिली है इसलिए इसअवसर पर हम सबको अच्छी शिक्षा ग्रहण करने का संकल्प लेना चाहिए तभी यह आजादी हमारे लिए एक उपहार होगी। इस अवसर पर अध्यापकगण मधुसूदन शर्मा, रूबी,सुभाष चंद्र,सपना, रेनू अल्पना,बाबर एवं छात्र छात्राएं मानवी,शिखा, उर्मी, संध्या, माही, सारिका, जानवी, रसिका, निशा, इशानी, सुहाना, अलीशा, निकिता, वंशिका, नबिया, नसरीन, फिजा, शिखा, मानसी, उज्बा रानी, रुनझुन, शीतल,राधिका, अंजनी आदि उपस्थित रहे।

## कोतवाली के सामने बेखौफ अव्यवस्था

# अवैध पार्किंग से खतौली यातायात व्यवस्था चौपट

**खतौली।** खतौली कस्बा बीते चार दिनों से लगातार भीषण जाम की समस्या से जूझ रहा है। नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है, लेकिन जिम्मेदार महकमे हालात पर लगाम लगाने के बजाय मूकदर्शक बने हुए हैं। सड़कों पर फैली अवैध पार्किंग और बेत. रतीब वाहनों की आवाजाही ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह अव्यवस्था किसी दूर-दराज इलाके में नहीं, बल्कि कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर खुलेआम देखने को मिल रही है। सड़क किनारे वाहन खड़े कर चालक घंटों तक गायब रहते हैं, जिससे मार्ग संकरा हो जाता है और जाम की स्थिति बन जाती है, लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। नगर के प्रमुख मार्गों और बाजार क्षेत्रों में हालात सबसे अधिक खराब हैं। जानसठ तिराहा, जानसठ मार्ग ओवरब्रिज, घंटाघर क्षेत्र और मुख्य बाजारों में कार, पिकअप, ट्रक और अन्य वाहन सड़कों पर ही खड़े कर दिए जाते हैं। वहीं, सड़क किनारे स्थायी रूप से जमी ठेलियां भी यातायात में बड़ी बाधा बनी हुई हैं। जाम को और गंभीर बनाने में ई-रिक्शाओं और रोडवेज बसों की भूमिका भी कम नहीं है। ई-रिक्शा चालक मनमाने तरीके से सवारी भरते हुए सड़क घेर लेते हैं, जबकि जानसठ तिराहे पर एक साथ कई रोडवेज बसों का खड़ा रहना यातायात को पूरी तरह ठप कर देता है। बसों के आसपास ई-रिक्शाओं की भीड़ से हालात और बिगड़ जाते हैं।लगातार जाम के कारण स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और मरीज सबसे ज्यादा परेशान हैं। कई बार एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। व्यापारियों का कहना है



कि जाम के चलते ग्राहकों की आवा. जाही घट रही है, जिससे व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। नगरवा. सियों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा कभी-कभार चालान की औपचारिक कार्रवाई कर जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की जाती है, जबकि स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। लोगों ने मांग की है कि अवैध पार्किंग के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए, रोडवेज बसों के लिए अलग ठहराव स्थल तय हों, ई-रिक्शाओं के संचालन पर नियंत्रण हो और ठेली-खोमचों को निर्धारित स्थानों पर लगाया जाए। नगरवासियों का साफ कहना है कि जब तक प्रशासन सख्ती नहीं दिखाएगा, तब तक खतौली को जाम की समस्या से निजात मिलना मुश्किल है।

## ट्यूशन पढ़ने जा रहे छात्र को दौड़ा दौड़ाकर पीटा

**बुढ़ाना।** ट्यूशन पढ़ने जा रहे एक छात्र को दौड़ा दौडाकर पीटा गया। डीएवी पब्लिक स्कूल के सामने एक युवक की चार पांच युवकों ने पिटाई कर दी। यह घटना उस समय हुई जब युवक ट्यूशन जा रहा था। पिटाई का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है जिसमें आरोपी युवक को लात घूसों से मारते दिख रहे हैं। पीड़ित युवक कर्बला रोड निवासी शादाब पुत्र शहजाद है। शादाब जब डीएवी पब्लिक स्कूल के पास से गुजर रहा था तब कुछ युवकों ने उसे रोका। पहले उनसे बात की। जिसके बाद उन्होंने शादाब को जमीन पर गिराकर लात घूसों से पीटना शुरु कर दिया। पिटाई के दौरान अफरा तफरी मच गई। हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल शादाब ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। इसी दौरान एक दोबारा शादाब को पीटने के इरादे से घटनास्थल पर आ गया जिसे डायल 112 की टीम ने पकड़ लिया। पुलिस ने घायल शादाब और पकड़े गए आरोपी को बुढ़ाना कोतवाली ले जाकर आगे की कार्रवाई शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलावर चार पांच युवक बाइक पर सवार होकर आए थे और उन्होंने अचानक लड़के को पीटना शुरू कर दिया। ये घटना सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गयी।

## ट्रेक्टर चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**भोपा।** जिला बिजनौर के मंडावर स्थित फार्म हाउस से ट्रैक्टर ट्रॉली सहित कीमती कृषि यंत्र सामान चोरी कर भाग रहे दो आरोपियों को पीड़ित आदि ने क्षेत्र के गांव बहुपुरा से पड़ पुलिस को सौंपा। आरोपियों से चोरी किया सामान भी बरामद हुआ है। थाना नई मंडी के गांव पंचेड़ा कला निवासी अविनाश पंवार ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया की बिजनौर जिला के मंडावर के गांव इंदरपुर में उनका फार्म हाउस है। देर शाम उनके फार्म हाउस से अज्ञात चोर एक ट्रैक्टर, दो ट्राली, एक डोलर, एक मेडा, एक लेजर आदि कृषि सामान सहित लाखों रुपए की कीमत का सामान चोरी कर ले गये थे। अविनाश ने बताया कि उसके ट्रैक्टर में जीपीएस लगा हुआ था। उसी के माध्यम से पता चला की दो आरोपी समस्त सामान चोरी कर ले जा रहे है। अविनाश अपने साथी अंकुर,विकास निवासीगण समौली थाना रतनपुरी तथा अपने ही गांव के मोहित के साथ चोरों की तलाश में गांव बहुपुरा पहुँचे तो गांव से कुछ दूर चोरों को दबौच लिया।

# भागवत से होता है आध्यात्मिक संवर्धन : अचल शास्त्री

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ के भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम में चल रही भागवत कथा में धूमधाम हर्षोल्लास से श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया।

कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री ने बधाई गीत गाये, नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की इन भजनों पर श्रद्धालुओं ने खूब नृत्य किया। बाल गोपाल को माखन मिश्री पंजीरी आदि का भोग लगाया गया। यजमान परिवार ने खूब बधाइयाँ लुटायी। कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान राम और कृष्ण भारत की आत्मा तथा भागवत, रामायण, भगवद् गीता आदि ग्रंथ भारत के आभूषण हैं। इन ग्रंथों से ही भारतीय संस्कृति और परंपरा समृद्ध होती है। भागवत मनुष्य के आत्मिक संवर्धन तथा शांति का आधार है, जो मानव जाति के कल्याण का सबसे बड़ा साधन है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को बांटने की जो राजनीति



हो रही है वह भारतीय अस्मिता के लिय बहुत ही घातक है। लोगों को चाहिय कि वे जातिवाद के चक्कर में आपस में ना टकराएं, एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहें। समाज में शांति से बड़ा कोई धन नहीं है। इस अवसर पर आचार्य अरुण, आचार्य युवराज, ठाकुर प्रसाद, अयोध्या से आये गायक रामचरण, गायक रविकांत, नोएडा से आयीं कथा यजमान स्वदेश, सुषमा आदि मौजूद रहीं।

# जया एकादशी पर भक्ति में डूबा शिवपुरी, खाटू श्याम संकीर्तन में गूंजे जयकारे

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शुक्ल पक्ष की जया एकादशी पर नवनिर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर परिसर, श्री झारखंड महाद. व देवालय शिवपुरी में आस्था का भव्य संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर आयोजित खाटू श्याम संकीर्तन में बाबा का मनोहारी व अलौकिक दरबार सजा, जहां श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ बाबा के जयघोष लगाए और पूरा परिसर भक्तिरस से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान रमा जैन, वैभव जैन, अभय जैन एवं मोनिका जैन द्धजय हनुमान ग्रुप ऑफ कंपनीज, खतौलीऋ सपरिवार उपस्थित रहे। उन्होंने परिवार सहित बाबा की ज्योत प्रज्ज्वलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते देर शाम तक मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिर समिति ने नवनिर्माणाधीन मंदिर के कार्यों में वैभव जैन द्वारा दिए जा रहे सहयोग को उल्लेखनीय बताते हुए इसे प्रेरणास्पद बताया। समिति की ओर से अध्यक्ष सुधीर गोयल ने शॉल ओढ़ाकर एवं खाटू श्याम बाबा की तस्वीर भेंट कर जैन परिवार को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समिति सदस्यों ने कहा कि धार्मिक व सामाजिक कार्यों के प्रति जैन परिवार की निष्ठा समाज के लिए आदर्श है।

संकीर्तन में सूफी नीशू, भावना रानी (अलीपुर अटेरणा), खुशबू राधा (सकौती), सरिता योगी, ज्योति अरोड़ा, शिवानी, शशि भारद्वाज, ऐशव. ती, राहुल सागर, दीपक योगी, यश छाबड़ा एवं हर्ष गुप्ता ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मोरछड़ी सेवा सुनील कुमार (अलीपुर अटेरणा) ने निभाई।व्यवस्थाओं में जनरेटर सेवा राजेंद्र जनरेटर वालों के परिवार द्वारा, फूलों की साज-सज्जा गुलशन फूल भंडार के परिवार द्वारा तथा लाइट व डेकोरेशन ग्रैंड इंपीरियल बैंकेट हॉल की चेयरमैन श्रीमती माया देवी एवं अन्नू पुंडीर परिवार के सौजन्य से की गई। मंच संचालन संजीव कुमार शर्मा



(प्रधानाचार्य) ने किया, जबकि संगीत व्यवस्था नटराज ग्रुप, खतौली द्वारा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सुधीर गोयल, ओमप्रकाश सूरी, तरुण सूरी, संजीव अग्रवाल, मदन छाबड़ा (वरिष्ठ भाजपा नेता), संदीप अग्रवाल, पंकज भटनागर, अनिल वर्मा ज्वैलर्स, मनोज उपाध्याय, सचिन उपाध्याय, प्रमोद अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, अनुराग शास्त्री, योगेश वर्मा, अरुण वर्मा, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, संजय भार्गव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था की गई, जबकि बाबा का भव्य दरबार आदेश भटनागर (गाजियाबाद) द्वारा सजाया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद व जलपान का वितरण किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# श्मशान घाट से अस्थियां चोरी, दो महिलाएं गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राम झाड़खेड़ी स्थित श्मशान घाट से चिता की अस्थियां और राख चोरी कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के गंभीर मामले का थाना कैराना पुलिस ने खुलासा करते हुए दो महिला अभियुक्ताओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरो. पियों के कब्जे से चिता की राख (अवशेष) भी बरामद कर ली है। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश और सनसनी फैल गई थी।

घटना विगत 28 जनवरी की है, जब ग्राम झाड़खेड़ी निवासी मिट्ठन सिंह का निधन हो गया था। परिजनों ने उसी दिन गांव के श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया। इसके बाद शुक्रवार को मृतक के पुत्र गोपाल जब अपने पिता की अस्थियां एकत्र करने श्मशान घाट पहुंचे तो मौके पर अस्थियां और चिता की राख गायब मिली। पूछताछ करने पर ग्रामीणों ने बताया कि 29 जनवरी को गांव की ही कलसुम पत्नी शब्बीर और अन्य महिलाओं ने लोगों के मना करने के बावजूद चिता से अस्थियां और राख एकत्र कर अपने साथ ले गई थीं। इस संबंध में गोपाल द्वारा थाना कैराना में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मु।अ।सं। 68/26 धारा 298, 305 ए एवं 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने तत्काल घटना के अनावरण और आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस ने वांछित दो महिला अभियुक्ताओं कलसुम पत्नी शब्बीर, निवासी ग्राम झाड़खेड़ी तथा मुन्नी पत्नी यूसुफ, निवासी रहमतनगर, कस्बा व थाना कैराना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चिता की राख बरामद की, जिसे एक काली पन्नी और सफेद थैले में घर के बक्से पर छिपाकर रखा गया था। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार महिलाओं ने बताया कि उन्होंने सुना था कि मृत व्यक्ति की राख लगाने से शरीर की गांठ और कुछ बीमारियां ठीक हो जाती हैं। इसी अंधविश्वास के चलते वे दोनों श्मशान घाट गई थीं और वहां से चिता की राख अपने साथ ले आई थीं।

हालांकि पुलिस का कहना है कि इस कृत्य से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और कानूनन यह गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समाज में अशांति फैलाने या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक पवन कुमार, हेड कांस्टेबल आक. ाशदीप और महिला हेड कांस्टेबल प्रेमलता शामिल रहीं।

## गैंगस्टर एक्ट के मामले में आरोपी को 2 साल 9 माह की कैद व 5 हजार रुपये जुर्माना

**कैराना।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की गई प्रभावी पैरवी का असर देखने को मिला है। गैंगस्टर अधिनियम के एक पुराने मामले में माननीय न्यायालय ने आरा. ेपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2008 में थाना कैराना क्षेत्र के ग्राम नंगला राई निवासी मेहरदीन पुत्र जरीफ के खिलाफ मु0अ0सं0 1035/2008 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस की ओर से न्यायालय में मजबूत व सशक्त पैरवी की गई। शुक्रवार को कोर्ट ने आरोपी मेहरदीन को 2 वर्ष 9 माह के साधारण कारावास तथा 5,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि आरोपी अर्थदंड जमा नहीं करता है तो उसे 1 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और न्यायालय में सशक्त पैरवी का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

# महिलाओं को घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम एक दिवसीय शि. विर का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत श्उठे समाज के लिए उठें-उठें, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे-जगेश से हुआ। शिविर के प्रथम सत्र में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार ने छात्राओं को व्यायाम एवं योग के द्वारा अपने तन और मन को कैसे स्वस्थ रखें इसकी जानकारी दी। तत्पश्चात छात्राओं ने शिविर स्थल के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें छात्राओं ने शिविर स्थल के घास की कटाई, कूड़े की सफाई एवं नालियों की गंदगी को साफ किया। शिविर के दूसरे बोधात्मक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित विषय श कौशल विकास हेतु युवाश को केंद्र में रखते हुए गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी सीमा सिंह ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं उसके द्वारा युवाओं में कौशल विकास




कैसे किया जाए इस पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य स्वयंसेविकाओं में सेवा भाव जगाना है। जिससे युवा आगे आकर देश को विकसित बनाने में अपना योगदान दे सकें। नि:स्वार्थ भाव से सेवा कर संस्था, समाज एवं देश का उत्थान ही इसका प्रमुख उद्देश्य है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, संस्कृति आदि को लेकर युवाओं में एक जागरुकता होनी चाहिए। स्वयंसेविकाओं को बस्ती में जाकर लोगों को विशेषकर महिलाओं को घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य की जानकारी किसी विषय विशेषज्ञों को बुलाकर देनी चाहिए एवं स्वयं को भी उससे लाभान्वित होना चाहिए। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर की संक्षिप्त जानक. ारी दी। शिविर का समापन सड़क सुरक्षा शपथ के द्वारा किया गया। प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्याम बाबू द्वारा किया गया।

## दो फरवरी को भूतपूर्व सैनिक रैली का आयोजन

**शामली।** कर्नल अजय कुमार सिह, अ.प्रा. जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी शामली द्वारा अवगत कराया गया आगामी 2 फर0 2026 दिन सोमवार समय सुबह 10:00 बजे जनपद शामली में पूर्व सैनिक रैली का आयोजन पश्चिम यूपी सब एरिया मेरठ द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

भूतपूर्व सैनिक रैली का आयोजन दिल्ली रोड स्थित ''सिटी ग्रीन'' में होगा। इस रैली में जनपद शामली के भूतपूर्व सैनिक, सैनिक जीवनसाथी, वीरगति प्राप्त सैनिक के परिजन, वीर नारियां एवं 1962,1965 और 1971 के युद्ध में अपना योगदान देने वाले सभी सैनिक ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर रैली सफल बनाएं और इसका लाभ उठाए। रैली में भाग लेने के इच्छुक पूर्व सैनिक व वीर नारियां समय से कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर कार्यक्रम की शोभा बढाए।

## एक नजर

### गंगा मंदिर में हुआ महा आरती का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति की मासिक माह की आरती का आयोजन नगर के गंगा मंदिर में किया गया आरती के मुख्य यजमान पूजा गोयल सपरिवार रहे पंडित मांगेराम शर्मा के मार्गदर्शन में माता रानी की पूजा अर्चना की गई समिति द्वारा आरती के पश्चात प्रसाद व माता का श्रृंगार का सामान और फल सब्जी भक्तों को वितरित किया गया आरती में आसपास के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया तथा सभी श्रद्धालुओं ने मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति का दिल से आभार व्यक्त किया अंत में अध्यक्ष रोबिन गर्ग सचिव डॉ अनिल कुमार बंसल द्वारा सभी सदस्यों और भक्त जनों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया आरती में प्रवीण बंसल लता अर्चना गोयल विशाल शर्मा अखिल गोयल कविता संगल अमित गोयल खुशीराम अरोड़ा अमित गर्ग अर्चना तायल ललतेश आदि शामिल रहे।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को थानाभवन पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को थानाभवन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरा. ेपी को बस स्टैंड के पास से पकड़ा। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान फरमान पुत्र महफूज के रूप में हुई है, जो मोहल्ला शाहलाल, कस्बा व थाना थानाभवन, जनपद शामली का निवासी है। आरोपी नाबालिग से छेड़छाड़ के एक मामले में मुक. दमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था और लगातार पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### कलेक्ट्रेट प्रागण में शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहीद दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नवीन कलेक्ट्रेट प्रांगण में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान के नेतृत्व में पूर्वान्ह 11 बजे अधिकारियों व कर्मचारियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया। एडीएम सत्एन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सोहन लाल, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

### यूजीसी बिल के विरोध में प्रस्तावित धरना आयोजक नजरबंद।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** यूजीसी बिल के विरोध में ब्राह्मण संगठनों द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रस्तावित धरना प्रदर्शन से पहले ही पुलिस प्रशासन ने आयोजक अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव आचार्य अशवनी शर्मा सिंगरा को समर्थकों सहित उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। जनपद से स्वर्ण समाज के बड़ी संख्या में जुटने की संभावना थी। पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का हवाला देते हुए कार्यक्रम को रद्द करा दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने यूजीसी बिल और शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ प्रयागराज माघ मेले में हुई कथित अभद्रता पर नाराजगी जताई। आयोजकों ने यूजीसी बिल को समाज को बांटने वाला बताते हुए विरोध जारी रखने की चेतावनी दी।

## झिंझाना सीएचसी का संयुक्त निदेशक ने किया निरीक्षण, सुधार के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** स्वास्थ्य संयुक्त निदेशक डीके सिंह ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नियमित निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सा प्रभारी रजत चौहान को केंद्र की साफ-सफाई दुरुस्त रखने तथा आम जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक ने सीएचसी परिसर में फैली झाड़ियों को तत्काल हटाने का भी आदेश दिया। उन्होंने बताया कि यह एक नियमित निरीक्षण था और निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां सामने आई हैं, उन्हें शीघ्र ही दूर कराया जाएगा। सीएचसी में लगी स्वास्थ्य एटीएम मशीन के लंबे समय से न चलने की शिकायत पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में एक रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी और जल्द ही मशीन को दोबारा चालू कराया जाएगा। संयुक्त निदेशक के अचानक निरीक्षण से स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सा प्रभारी में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बनी रही। उनके जाने के बाद ही स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

# व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में एक व्यक्ति के गले पर धारदार हथियार से गंभीर चोट लगने का मामला सामने आया है। घायल व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक पर हमला करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 पुलिस और 108 एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पुलिस मामले की जांच कर रही है।शुक्रवार को 112 पुलिस को



सूचना मिली कि गांव गढ़ी श्याम निवासी करीब 40 वर्षीय विनोद पुत्र रामकिशन अपने घर में लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ है। बताया गया कि उसके गले पर चारा काटने वाली दरांती से वार किया गया है। सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।घायल विनोद ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि गांव के ही एक युवक से उसका विवाद हो गया था, जिसके बाद आरोपी ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर गला काट दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल को डायल 108 एंबुलेंस की सहायता से नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई है। घायल के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# थानाभवन में चला जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शुक्रवार को मिशन शक्ति फेस-5.0 के अंतर्गत थाना थानाभवन की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा कस्बे के विभिन्न बाजारों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल पूनम व आंचल ने बालिक. ाओं व महिलाओं को महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर जानकारी दी।

अभियान के दौरान साइबर क्राइम धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध जैसे मामलों से बचाव के उपाय बताए गए तथा जरूरत पड़ने



पर तुरंत सहायता के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 108 एंबुलेंस सेवा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं के हित में संचालित सरकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, समूह विवाह योजना आदि के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

पुलिस टीम ने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में बिना डर तुरंत पुलिस से संपर्क करें। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाना बताया गया।

## गंगारामपुर खेड़की में बिजली चोरी पकड़ी, दो पर मुकदमा दर्ज

**चौसाना।** विद्युत विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान दो व्यक्तियों को सीधे लाइन से बिजली चोरी करते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही कनेक्शन काटते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की। बिजली विभाग की टीम बुधवार को क्षेत्र में राजस्व वसूली और विद्युत चोरी रोकने के उद्देश्य से सघन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान गंगारामपुर खेड़की गांव में अमरीश और सुलेन्द्र नामक व्यक्तियों के घरों पर जांच की गई। जांच में पाया गया कि दोनों उपभोक्ता मीटर को दरकिनार कर सीधे लाइन से अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। टीम ने मौके पर ही अवैध तार हटवाए और विद्युत आपूर्ति तत्काल प्रभाव से बंद कर दी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी से न केवल विभाग को राजस्व का नुकसान होता है, बल्कि लाइन पर ओवरलोड बढ़ने से ट्रिपिंग और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। अवर अभियंता आजम अकबर ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ विद्युत अधिनियम की संगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है तथा जुर्माना भी वसूला जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। चेकिंग टीम में अवर अभियंता आजम अकबर, टेक्नीशियन बृजेश कुमार, बबलू कुमार और संविदा कर्मी बिट्टू कुमार शामिल रहे।

# बापू की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने किया माल्यार्पण









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 78 वें शहादत दिवस पर जनपद शामली में गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर वरिष्ठ कांग्रेसजनौं द्वारा माल्यार्पण अर्पित कर सादर नमन कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि व्यक्त की।

ओमप्रकाश शर्मा ने बताया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने पूरी दुनिया को सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, निडरता और सर्वधर्म समभाव जैसे महान मूल्यों का संदेश दिया। आज ही के दिन नफरत की विचारधारा ने गांधी जी और उनके मूल्यों की हत्या का नाकाम प्रयास किया था लेकिन महान विचार कभी मरते नहीं। वे अमर होकर दुनिया को रास्ता दिखाते हैं। आज पूरा विश्व गांधी जी के सत्य, अहिंसा और शांति के संदेश को आत्मसात कर रहा है। बापू के विचार अन्याय के खिलाफ न्याय की हर लड़ाई को मशाल बनकर ताकत देते हैं। प्रवीण तरार,ज्योति प्रसाद शर्मा,शेखरपाल,सोमदेव तोमर,डाद्ग पाल सिंह,मास्टर नरेन्द्र सिंह,सागर कालखंडे रहे।

### पुण्यतिथि पर बापू को किया याद

**झिंझाना।** करनाल रोड स्थित एस डी एस कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने व दो मिनट का मौन रखकर की गई। विद्यालय के मैनेजर पाल आर्य एवं चेयरमैन डॉ। लोकेश तोमर ने अपने संदेश में कहा कि गांधी जी का जीवन सत्य, अहिंसा और मानवता का प्रतीक है। आज की पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में उतारना चाहिए। प्रधानाचार्य सतीश भटनागर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गांधी जी के विच. ारों व स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, विचार एवं भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने गांधी जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुमित चौहान, ऋतिक कुमार, पंकज गर्ग, आकाश तोमर, हिमांशी तोमर, अलका सैनी, हरप्रीत कौर, आदित्य शर्मा, सिया, रूचि, सबा खान, भुजवीर सिंह, लोकेश शर्मा, मोहित गर्ग आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### श्रद्धा के साथ मनाया शहीद दिवस

**शामली।** राष्ट्रीय किसान पीजी कॉलेज में शुक्रवार को शहीद दिवस श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सभी शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दो मिनट का मौन रखकर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि शहीदों का सर्वोच्च बलिदान सभी को देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, विचार और संक्षिप्त वक्तव्य प्रस्तुत किए गए, जिनमें अहिंसा, सत्य एवं राष्ट्रीय एकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी में देशभक्ति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया। इस मौके पर मेजर कृष्णपाल, डॉ। प्रवीण अहमद, डॉ. सौरभ कुमार पाण्डेय, डॉ. रानी मिश्रा, डॉ. शशि शेखर, डॉ. प्रीतम सिंह, रूपेश, संजीव, शमशाद आदि मौजूद रहे।

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कुष्ठ जागरूक अभियान

**शामली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को जनपद शामली में स्पर्श कुष्ठ जागरूक अभियान-2026 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला कुष्ठ अधिकारी द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभियान की शुरुआत की गई।

शुक्रवार को मुख्य कार्यक्रम सीएमओ कार्यालय पर हुआ। जहां सीएमओ ने जिलाधिकारी का संदेश पढ़कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कुष्ठ उन्मूलन की शपथ दिलाई। सीएमओ ने बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूक अभियान जनपद भर में 30 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक चलाया जाएगा। जिला कुष्ठ अधिकारी डा। अथर जमील ने बताया कि कुष्ठ रोग किसी पूर्वजन्म का फल या अभिशाप नहीं है, बल्कि यह माइकोबैक्टीरियम नामक जीवाणु से होने वाला रोग है, जो नियमित उपचार से पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ जागरूकता पखवाड़े के दौरान जनपद की सभी आशा, एएनएम, सीएचओ, हेल्थ वर्कर सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के सहयोग से ग्राम सभाओं, विद्यालयों, स्लम क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों पर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

### बापू के चित्र पर कांग्रेसजनों ने किया माल्यार्पण

**शामली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 78वें शहादत दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों द्वारा माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उन्हें सादर नमन किया गया।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, निडरता और सर्वधर्म समभाव जैसे महान मूल्यों का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि आज ही के दिन नफरत की विचारधारा ने गांधी जी और उनके मूल्यों की हत्या करने का प्रयास किया था, लेकिन महान विचार कभी मरते नहीं हैं। वे अमर होकर सदैव मानवता को सही मार्ग दिखाते रहते हैं।

आज पूरा विश्व गांधी जी के सत्य, अहिंसा और शांति के संदेश को आत्मसात कर रहा है। बापू के विचार अन्याय के खिलाफ न्याय की हर लड़ाई को शक्ति प्रदान करते हैं। कांग्रेसजनों ने मानवता के महानायक महात्मा गांधी को शत-शत नमन करते हुए उनके आदर्शों को अमर बताया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रवीण तरार, शेखरपाल, सोमदेव तोमर, डॉ. पाल सिंह और मास्टर नरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# बार काउंसिल उप्र चुनाव में शाहनवाज राना का दबदबा

**कैराना कचहरी में उमड़ा अधिवक्ताओं का सैलाब, बंपर वोटिंग से राना को निर्णायक बढ़त, शाम 5 बजे तक मात्र 29.62 प्रतिशत ही मतदान हुआ, 810 में से मात्र 240 मतदाताओं ने ही अपने मतों का प्रयोग किया**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव के तहत शुक्रवार को कैराना कचहरी पूरी तरह चुनावी अखाड़े में तब्दील नजर आई। सुबह से ही अधिवक्ताओं की भारी भीड़ कचहरी प्रांगण में उमड़ पड़ी। मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। इस दौरान प्रथम वरीयता के लिए 266 नंबर पर चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के पक्ष में बंपर वोटिंग हुई, जिससे उन्हें स्पष्ट बढ़त मिलती दिखाई दी।

कचहरी प्रांगण स्थित बार भवन में मतदान के लिए सुबह से ही अधिवक्ताओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। दोपहर तक मतदान केंद्र पर गहमागहमी का माहौल बना रहा। चुनाव को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। कचहरी परिसर और आसपास भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रवेश द्वारों पर चेकिंग की गई और हर गति. विधि पर पैनी नजर रखी गई। चुनाव मैदान में उतरे सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर मतदाताओं को साधने का प्रयास किया, लेकिन अधिवक्ताओं का रुझान साफ तौर पर शाहनवाज राणा की ओर झुका नजर आया।मतदान के दौरान राणा समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। अधिवक्ताओं ने प्रथम वरीयता में बड़ी संख्या में वोट देकर राणा की स्थिति मजबूत कर दी। दिन भर चले मतदान के दौरान जैसे-जैसे वोटिंग प्रतिशत बढ़ता गया, वैसे-वैसे विरोधी खेमे में बेचौनी बढ़ती नजर आई। हालांकि वोटिंग धीमी गति से रही। 810 वोटों में से मात्र 240 मत ही पड़ सके। कुल मिलाकर शाम पांच बजे तक 29.62 प्रतिशत वोट पड़े। कैराना कचहरी में शाहनवाज राणा के समर्थन में उमड़ी भीड़ ने चुनावी तस्वीर लगभग साफ कर दी। राणा को मिल रहे भारी समर्थन से विरोधियों के हौसले पस्त नजर आए। अधिवक्ताओं का कहना है कि शाहनवाज राणा का लंबा राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और अधिवक्ता हितों को लेकर उनकी मुखर भूमिका ही उन्हें भारी समर्थन दिला रही है। अधिवक्ताओं के बीच यह चर्चा आम रही कि राणा ने हमेशा बार और अधिवक्ताओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है, जिसका लाभ उन्हें इस चुनाव में मिलता दिखाई दे रहा है। कुल मिलाकर, बार काउंसिल उत्तर प्रदेश चुनाव में कैराना कचहरी से मिले रुझान शाहनवाज राणा के पक्ष में मजबूत संकेत दे रहे हैं। बंपर वोटिंग और अधिवक्ताओं के व्यापक समर्थन ने उनकी जीत की संभावनाओं को और प्रबल कर दिया है।

## बुंटा में मानवीय सहायता कार्यक्रम का आयोजन

**शामली।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए थानाभवन क्षेत्र के ग्राम बुंटा में जामियातूस-सालिहात समिति के तत्वावधान में मानवीय सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद बच्चों व विधवा महिलाओं को कंबलों का वितरण किया गया, जिससे उनके चेहरों पर राहत और खुशी दिखाई दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हजरत मौलाना मोहम्मद सुल्तान साहब रशीदी ने की। इस अवसर पर मौलाना मुबशिर साहब, मौलाना अजमल साहब और मास्टर फुरकान साहब सहित क्षेत्र की अन्य गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं। कंबल प्राप्त करने के बाद जरूरतमंदों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दुआएं दीं। अपने संबोधन में हजरत मौलाना मोहम्मद सुल्तान साहब रशीदी ने कहा कि इंसानियत की सेवा ही सच्ची इबादत है और कड़ाके की सर्दी में जरूरतमंदों को गर्म कपड़े या कंबल उपलब्ध कराना बड़ा सवाब का काम है।

# डीआरएम ने किया शामली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अमृत भारत योजना के तहत शामली रेलवे स्टेशन के कायाकल्प और दिल्ली-शामली-सहारनपुर रेल मार्ग के विकास कार्यों को लेकर शुक्रवार को डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने शामली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने रेंप के रास्ते में बनाई गई नाली को बंद करने के निर्देश दिए।

दरअसल शामली रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत मेट्रो स्टेशन की तर्ज पर लिफ्टयुक्त फुट ओवरब्रिज, सुंदर प्लेटफार्म, विस्तारित टिन शेड, बैठने की बेहतर व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल सुविधा, अप्रोच रोड एवं बागवानी जैसे विकास कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जा रहे है।

निर्माण कार्य समय से पूरा न होने के कारण अभी भी शामली रेलवे स्टेशन के नवनिर्माण कार्यो का शुभारंभ नही हो सका। शुक्रवार को डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने शामली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। जहां उन्होने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म, रैंप, अस्पताल आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैंप में नाली पाए जाने पर उसको बंद करने के निर्देश दिए। उन्होने बताया कि दिल्ली- शामली-सहारनपुर रेल मार्ग लगभग 119 वर्ष पुराना है और लंबे समय से उपेक्षित स्थिति में था। बीते एक वर्ष में लगातार निरीक्षण, संवाद एवं त्वरित निर्णयों के माध्यम से इस रेल मार्ग पर व्यापक सुधार किए गए।

भीड़ प्रबंधन के लिए चार नई रेलगाड़ियां शुरू की गई, कई ट्रेनों में डिब्बों की संख्या बढ़ाई गई, सुरक्षा एवं यात्री सुविधाओं का विस्तार किया गया। गति बढ़ाने के लिए हॉल्ट स्टेशनों पर लूप लाइन का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही रेल मार्ग के दोहरीकरण की घोषणा भी हो चुकी है। जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। डीआरएम के निरीक्षण से रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों में हडकंप मचा रहा।

## डीआरएम को दिया ज्ञापन

**शामली।** अग्रवाल मित्र मंडल के सचिव अनुज बंसल ने डीआरएम को ज्ञापन देकर शामली रेलवे स्टेशन पर हुए नवीन कार्यो के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं व कामगारों के लिए शिक्षा एवं रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। अग्रवाल मित्र मंडल ने डीआरएम को उनकी त्वरित विकासवादी कार्यशैली के लिए विशेष सम्मान से नवाजते हुए बुके भेट की।

# करोड़ों की ठगी मामले में गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों रूपए की ठगी करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से ठगी में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

शुक्रवार को पुलिस लाईन में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी एनपी सिंह ने बताया कि पकडा गया आरोपी म्यूल खातों के माध्यम से देशभर के लोगों से साइबर ठगी कर रहा था। गिरोह व्हाट्सएप और टेलीग्राम चौनलों के जरिए फर्जी ट्रेडिंग ऐप के लिंक भेजकर अधिक मुनाफे का लालच देता था। जैसे ही लोग निवेश करते थे, उनकी धनराशि अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कर ली जाती थी। 1।77 करोड़ रूपए की ठगी का खुलासा जांच में सामने आया कि गिरोह द्वारा इस्तेमाल किए गए पीएनबी बैंक खाते से संबंधित देशभर से अब तक 41 शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। इन शिकायतों के अनुसार आरोपियों ने कुल 1,77,24,087।40 रूपए की साइबर ठगी की है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद अमन अंसारी पुत्र रफीक अहमद, निवासी राजेंद्र नगर, अलीगंज रोड, लखीमपुर खीरी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से वीवो कंपनी का एक मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसका उपयोग ठगी में किया जा रहा था।

## पहले भी हो चुकी हैं गिरफ्तारियां

पुलिस ने बताया कि इस मामले में पूर्व में 21 जनवरी 2026 को दो अन्य आरोपियों हिमांक प्रशांत कनव और सुरभि भार्गव को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश लगातार जारी है।

# अवैध चरस के साथ किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाईन में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि थाना कांधला पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 200 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक लाख 20 हजार रूपए बताई जा रही है। इसके साथ ही आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन और एक कार भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान देव पुत्र जितेंद्र उर्फ जित्ता, निवासी ग्राम किवाना, के रूप में हुई है।

उसे मखमूलपुर और सुन्ना जाने वाली पटरी के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से अपने घर से ही नशे का अवैध कारोबार कर रहा था। एसपी ने बताया कि जनपद में नशे के कारोबार को जड़ से समाप्त करने के लिए पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

# इंडियन बैंक की मनमानी से ग्रामीण भड़के, ताला लटकी शाखा पर फूटा आक्रोश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राम तित्तरवाड़ा स्थित इंडियन बैंक शाखा पर शनिवार को बैंक प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। निर्धारित समय पर बैंक न खुलने और शाखा पर ताला लटका मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने बैंक परिसर में जमकर हंगामा किया और नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि बैंक कर्मचारी बिना सूचना शाखा बंद कर गायब हो गए, जिससे खाताधारकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। बैंक कर्मचारी आए दिन मनमाने ढंग से शाखा बंद कर देते हैं, जिससे किसान, मजदूर और बुजुर्ग खाताधारक लेनदेन से वंचित रह जाते हैं। घंटों इंतजार के बाद भी बैंक न खुलने से लोगों का सब्र जवाब दे गया और भीड़ इकठा हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहसिन चौधरी ने बैंक कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शाखा में न तो नियमित रूप से बैंक रजिस्टर में एंट्री की जाती है और न ही किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड द्धकेसीसीत्र ऋण की सुविधा दी जा रही है। इससे क्षेत्र के किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि हंगामे के दौरान ब्रांच मैनेजर महक सिंह ने ग्रामीणों से बातचीत करने से साफ इनकार कर दिया और बैंक का दरवाजा खोलने तक की जहमत नहीं उठाई, जिससे लोगों का रोष और भड़क गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहसिन चौधरी ने इंडियन बैंक मेरठ जोन के डायरेक्टर जनरल मैनेजर संतोष कुमार से फोन पर संपर्क किया। इस पर जोनल अधिक. ारी ने सोमवार को स्वयं तित्तरवाड़ा पहुंचकर शाखा का निरीक्षण करने और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। करीब दो घंटे बाद बैंक का दरवाजा खोला गया, तब जाकर खाताधारकों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि बैंक प्रशासन ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## एक नजर

### थानाभवन में अतिक्रमण व पॉलीथिन के खिलाफ चला संयुक्त अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत थानाभवन जितेन्द्र राणा के आदेश पर शुक्रवार को नगर पंचायत टीम और स्थानीय पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत दिल्ली-सहारनपुर मुख्य मार्ग पर रतन पेट्रोल पंप से चरथावल बस स्टैंड तिराहे तक सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों, ठेलों तथा दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान सड़क पर रखे गए अवैध सामान को जब्त कर लिया गया। इसके साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग व बिक्री के खिलाफ भी सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें कई स्थानों से अवैध प्लास्टिक जब्त की गई। नगर पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त रखने तथा स्वच्छता व यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण न करें और प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग न करें, अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त अभियान में संजय कुमार द्धलिपिकत्र, वसीक अहमद, महफुज अली, शुभम, अंशुल गोयल, शुभम डिमोरिया, कमल शर्मा, रिजवान, सचिन, नवीन, अन्य सफाई कर्मचारी सम्मिलित रहे।

### एसबीआई झिंझाना ने राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज की दस छात्राओं को साइकिलें की वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक झिंझाना की ओर से एक सामाजिक सरोकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय की 10 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने बैंक प्रबंधन का आभार जताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक राकेश कुमार ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं को सुविधाएं उपलब्ध कराना भी बेहद जरूरी है, ताकि वे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी एसबीआई की अन्य विद्यार्थी उपयोगी योजनाओं को विद्यालय के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक शैलेंद्र मित्तल व प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने मुख्य अतिथि राकेश कुमार का स्वागत किया। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की पहल से छात्राओं का मनोबल बढ़ता है और वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ती हैं। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार, प्रवक्ता रसायन विज्ञान ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समस्त विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# गंगेरू मार्ग पर ओवरलोड गन्ना ट्रकों से हादसे का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के गंगेरू मार्ग से गुजर रहे गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रकों के कारण लगातार हादसों की आशंका बनी हुई है। शुक्रवार को गन्ने से लदा एक ट्रक मार्ग संकरा होने के चलते सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

हालांकि किसी तरह का कोई भी हादसा नहीं हुआ।गंगेरू मार्ग निवासी रितेश, समून, अरशद, प्रदीप, राहुल, वसीम, नाजिम, कमल, दिनेश, दीपक सहित अन्य लोगों ने बताया कि रोजाना भीड़भाड़ वाले मार्ग से ओवरलोड गन्ना ट्रक गुजरते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। पूर्व में भी कई बार ऐसे ट्रकों की वजह से हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।दुकानदारों का कहना है कि जब गन्ने से भरे ट्रक संकरे रास्ते से निकलते हैं तो वे डर के मारे सहमे रहते हैं।

लोगों का आरोप है कि परिवहन विभाग, पुलिस प्रशासन और एसडीएम स्तर पर कार्रवाई संभव होने के बावजूद जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर कार्रवाई से बचते नजर आ रहे हैं।स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गंगेरू मार्ग पर ओवरलोड गन्ना ट्रकों पर तत्काल रोक लगाई जाए और नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

# एसीओ व कानूनगो पर बिना अधिकार पैमाइश व अवैध वसूली का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली के ग्राम जलालाबाद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के दौरान एसीओ और कानूनगो पर बिना अधिकार पैमाइश व अवैध वसूली के आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में समस्त मुस्लिम समाज एवं पूर्व पट्टाधारकों की ओर से डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायत में बताया गया कि उत्तर प्रदेश जोत चकबंदी अधिनियम 1953 के अंतर्गत ग्राम जलालाबाद में धारा-9 के तहत आपत्तियों की सुनवाई प्रक्रिया चकबंदी अधिकारी शामली के समक्ष लंबित है। इसके बावजूद एसीओ शामली नरेन्द्र चौहान एवं कानूनगो राकेश मौर्य द्वारा बिना किसी उच्चाधिकारी के आदेश के सैकड़ों वर्ष पुराने मुस्लिम कब्रिस्तान की पैमाइश किए जाने का प्रयास किया गया। आरोप है कि इस प्रक्रिया



से कब्रों को नुकसान पहुंचाने की आशंका है। बताया कि उक्त भूति जो पूर्व में ऊसर भूमि थी, का पट्टा 23 फरवरी 1979 को खिलारी पुत्र जुम्मा सहित अन्य को आवंटित किया गया था, जिसे उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा भी सही माना गया है। बाद में वर्ष 2004 में इसी भूमि पर कथित रूप से दोबारा पट्टे आवंटित कर दिए गए, जिसका वाद वर्तमान में एडीएम न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि बिना किसी न्यायालय या सक्षम अधिकारी के आदेश के डबल पट्टेदारों को कब्जा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

शिकायतकर्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश जोत चकबंदी अधिनियम की धारा 28 से पूर्व किसी भी प्रकार की पैमाइश या कब्जा परिवर्तन का प्रावधान नहीं है। इस स्थिति से ग्राम में तनाव व्याप्त है और विवाद की आशंका बनी हुई है। मांग की है कि संबंधित एसीओ और कानूनगो को तत्काल स्थल पर पैमाइश, निशानद. ेही एवं कब्जा परिवर्तन से रोका जाए तथा उनके विरुद्ध स्पष्टीकरण लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। इस अवसर पर सावेज, याकूब अहमद, सईद अहमद, तहसीन, अकबर, इकराम, रिजवान, महरबान, युनुस आदि मौजूद रहे।

# बिना आवेदन महिला के नाम पर 11 लाख का लोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** आमजन की गाढ़ी कमाई की सुरक्षा का जिम्मा जिनके कंधों पर होता है, वही अगर भरोसे में सेंध लगा दें तो व्यवस्था पर सवाल खड़े होना लाजिमी है। पंजाब नेशनल बैंक द्धपीएनबीत्र की कैराना शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक पर एक महिला की पहचान का दुरूपयोग कर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर 11 लाख रूपए का फर्जी ऋण स्वीकृत कराने और रकम हड़पने का गंभीर आरोप लगा है।

मोहल्ला मुलतानियान निवासी पीड़िता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रेषित शिकायती पत्र में बताया कि उसने कभी भी पीएनबी कैराना शाखा से किसी प्रकार के ऋण के लिए आवेदन नहीं किया। इसके बावजूद तत्कालीन शाखा प्रबंधक अंकित पटेल ने आपराधिक षडडंत्र के तहत उसकी आईडी का दुरूपयोग करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कर 11 लाख रूपए का ऋण स्वीकृत करा लिया। पीड़िता का आरोप है कि ऋण की पूरी राशि उसके खाते में कभी जमा ही नहीं हुई। बताया गया कि रकम को नकद निकाल लिया गया।हैरानी की बात यह है कि किसी भी दस्तावेज पर न तो उसके हस्ताक्षर हैं और न ही अंगूठे का निशान, फिर भी बैंकिंग सिस्टम में यह फर्जीवाड़ा बिना रोकटोक चलता रहा। मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब बैंक की ओर से महिला के घर 11 लाख रूपए से अधिक की वसूली का नोटिस पहुंचा। नोटिस देखकर महिला स्तब्ध रह गई। मामला 23 जनवरी 2023 का बताया जा रहा है, लेकिन अब तक इस प्रकरण में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। पीड़िता ने मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराकर दोषी शाखा प्रबंधक सहित अन्य संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। यह मामला न केवल बैंकिंग व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर करता है, बल्कि यह भी सवाल खड़ा करता है कि बैंक के भीतर बैठकर जनता की पहचान और भरोसे को लूटने वालों पर आखिर कब सख्त कार्रवाई होगी। बताया जा रहा है कि कस्बे का ही एक चर्चित युवक भी इस घोटाले में शामिल है। अगर तत्कालीन शाखा प्रबन्धक के खिलाफ निष्पक्ष जांच हुई तो चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

# नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** संत रविदास जयंती के अवसर पर जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शुक्रवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 1 फरवरी 2026 को मनाई जाने वाली संत रविदास जयंती को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर आयोजकों से सुझाव लिए गए तथा उनके द्वारा बताई गई समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। डीएम ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारियों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डीपीआरओ को साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश



दिए। इसके अलावा विद्युत विभाग को विद्युत सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने तथा स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए गए।

एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने संत रविदास जयंती के अवसर पर की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एडीएम सतएन्द्र सिंह, एएसपी सुमित शुक्ला, एसडीएम अर्चना शर्मा, क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निबांडिया मौजूद रहे।

# छात्र मयंक की मौत के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** छात्र मयंक की मौत के मामले में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने भीम आर्मी पदाधिकारियों के साथ सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। भीम आर्मी पदाधिकारियों ने शीघ्र गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मद अलीपुरा गांव निवासी नौवीं कक्षा के छात्र मयंक का शव 15 जनवरी को रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला था। मामले में पीड़ित रुपचंद ने मेघराजपुर गांव निवासी रवि, उसकी पत्नी संजो, बेटे निखिल, बेटी और काला पर मयंक को घर से बुला चाकुओं से गोदकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर रवि और निखिल को गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़ित परिजन और ग्रामीणों ने भीम आर्मी के ब्लाक अध्यक्ष नितिन जाटव के नेतृत्व में सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। मयंक के भाई अभिषेक ने बताया कि पुलिस ने वांछित तीन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है। जिसके चलते आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। ब्लाक अध्यक्ष नितिन जाटव ने कहा कि यदि पुलिस ने शीघ्र आरो. पियों की गिरफ्तारी नहीं की तो जिलाध्यक्ष शौर्य आंबेडकर के नेतृत्व में नौ फरवरी को हाईवे जाम कर आंदोलन किया जाएगा।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संत शिरोमणि गुरु रविदास युवा समाज विकास समिति के बैनर तले संत शिरोमणि गुरु रविदास के 649वें जन्मोत्सव पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

शोभायात्रा का उद्घाटन लोक. जन शक्ति पार्टी के प्रदेश महासचिव राघव दास अग्रवाल ने फीता काटकर किया। जाटव नगर रविदास मार्ग से आरंभ हुई यात्रा हाईवे स्थित नीला गेट, शाहजीलाल, मेन बजार ठाकुरद्वारा मंदिर, सर्राफा बजार, हनुमान चौक, मित्तर सैन चौक, कायस्थवाडा सफेद हवेली और मंगलौर चौकी से होते हुए वापस रविदास मार्ग पर पहुंची। इसमें बैंड बाजों के साथ ही आकर्षित झांकियों ने लोगों का मनमोह लिया। इस अवसर पर राघव दास अग्रवाल संत गुरु रविदास के जीवन पर प्रकाश



डालते हुए कहा की गृहस्थ जीवन मे रहकर भी ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। चंडीगढ़ से आए बसपा के प्रदेश प्रभारी विपुल कुमार जाटव ने कहा की गुरु रविदास के बताए मार्ग पर चलकर समाज में बुराईयों का अंत करके सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए। भारतीय शिक्षा चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक जयराम गौतम ने कहा कि दलित समाज में जन्में गुरु रविदास ने आजीवन सामाजिक बुराईयों से जूझकर सामाजिक मानवता व स्वच्छता लाने का काम किया। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा कि संत गुरु रविदास के जन्मोत्सव को सभी को महत्वपूर्ण त्योहार की तरह मनाना चाहिए और संतो के मार्ग पर चलकर समाज में बुराईयों का अंत करना चाहिए।

अंत में शोभायात्रा में शामिल झांकियों व बैंड बाजो को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर राज. कुमार जाटव, सभासद मनोज सिंघल, अजय गांधी, सुधा गांधी, सुनील कुमार, डॉ. प्रदीप बाबरा, अरुण गुप्ता, डॉ. अरविंद जौहरी, अशोक कुमार, मोहन लाल कोरी, मुकेश बौद्ध, उमेश कुमार, नितिन जाटव आदि शामिल रहे।

# बार काउंसिल चुनाव में अधिवक्ताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव के अंतिम चरण के पहले दिन देवबंद में 180 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

हाईवे स्थित सिविल कोर्ट परिसर में चुनाव एडीजे विनीत वासवानी की देखरेख में अंतिम चरण के पहले दिन देवबंद में चुनाव सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक देवबन्द बार एसोसिएशन के 323 अधिवक्ताओं में से 180 अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के 25 सदस्य पदों के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी-अपनी किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों का भविष्य मत पेटियों में



कैद हो गया। बता दें कि शनिवार को (आज) अंतिम चरण के दूसरे दिन वोट डाले जाने के बाद बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव संपन्न हो




प्रत्याशी शाहनवाज़ राणा को वोट की अपील करते अधिवक्ता

जाएंगे। सुरक्षा की दृष्टि से सिविल कोर्ट परिसर में पुलिस बल तैनात रहा।

# मेला कमेटी का चेयरमैन बनने पर मंच ने सभासद विपिन त्यागी का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पालिका सभासद विपिन त्यागी एडी. को श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेला कमेटी का चेयरमैन बनाए जाने पर मानव कल्याण मंच के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मेला चेयरमैन का स्वागत किया।

शिवपुरी कालोनी स्थित मंच संस्थापक अरुण कुमार अग्रवाल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों ने मेला चेयरमैन विपिन त्यागी और मेला कमेटी सदस्य सभासद कुलदीप सैनी का अंगवस्त्र भेंट करने के साथ ही पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मेला चेयरमैन विपिन त्यागी ने कहा कि श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले को भव्यता बनाए जाने के लिए हर संभाव प्रयास किये जायेंगे।



मेले व मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की हर सुविधा का ध्यान रखा जाएगा।

अभिनंदन समारोह में सभासद रविंद्र चौधरी, रोहित अग्रवाल, विकास देशवाल, राजू सैनी, जितेंद्र कश्यप, विनोद गर्ग, गिरीश गोयल व सुमित सैनी आदि मंच सदस्य शामिल रहे।

# विद्युत निगम के अभियान के चलते विद्युत उपभोक्ताओं के कटेंगे कनेक्शन

**देवबन्द।** विद्युत निगम महा डिस्कनेक्शन अभियान के तहत जिन बिजली चोरी वाले उपभोक्ताओं ने बिजली बिल राहत योजना के तहत पंजीकरण कराकर जुर्माना जमा नहीं किये जाने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जाएंगे।

देवबंद-बरला मार्ग स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में अधिशासी अभियंता मृत्युंजय शाही ने अधिनस्थों को शनिवार से कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरु करने के निर्देश दिए। इसके लिए चार टीमें भी बनाई गई हैं, जो अलग-अलग इलाकों में पहुंचकर कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने

**अधिशासी अभियंता ने अधिनस्थों को दिए निर्देश**

बिजली चोरी वाले उपभोक्ताओं को राहत पहुंचने के लिए योजना की शुरुआत की हुई है। जिसका दित्वीय चरण पूरा होने वाला है। जिन उपभोक्ताओं ने बिजली चोरी के मामले में योजना में पंजीकरण कराकर जुर्माना जमा नहीं किया उनके कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। शाही ने बिजली उपभोक्ताओं से आह्वान किया कि कनेक्शन कटने की कार्रवाई से बचने के लिए योजना के तहत पंजीकरण कराकर जुर्माना जमा कराएं।

# जनपद स्तरीय ग्राम समिति सम्मेलन

## किसानों की समस्याओं के समाधान का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में जनपद स्तरीय ग्राम समिति सम्मेलन का आयोजन जेबीएस रिजॉर्ट में किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, किसान कार्यकर्ता एवं पूर्व सैनिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष राजकुमार की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री सुरेश कुमार के संचालन में दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण के साथ किया गया। अखिल भारतीय अध्यक्ष के.साई रेड्डी के बिजनौर में प्रथम आगमन पर उनका भव्य स्वागत हाजीपुर मंडावर में किया गया, जिसके उपरांत सभी कार्यकर्ता



जेबीएस रिजॉर्ट पहुंचे। यहां बंगाली समाज की महिलाओं, किसान संघ कार्यकर्ताओं द्वारा शंखनाद कर स्वागत किया गया। जिला महिला प्रमुख श्रीमती सीमा त्यागी ने साथियों सहित तिलक लगाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया, जबकि खंड अध्यक्षों व पूर्व सैनिकों ने पुष्प भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अध्यक्ष के. साई रेड्डी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरपाल नागर तथा प्रदेश संगठन मंत्री शिवाकांत दीक्षित का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अखिल भारतीय अध्यक्ष ने जिले में अंडरपास की मांग को लेकर कहा कि किसानों की हर समस्या का समाधान अवश्य किया जाएगा। वहीं प्रदेश संगठन मंत्री शिवाकांत दीक्षित ने अंडरपास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा धरना हटाने की कार्रवाई को कायरतापूर्ण बताते हुए कहा कि किसान संघ के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं और अपना हक लेकर रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय, भगवान बलराम की जय एवं भारतीय किसान संघ जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगे।

# पुलिस ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**किरतपुर।** संत रविदास जयंती के अवसर पर प्रस्तावित शोभायात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस क्षेत्राधिकारी नीतेश प्रताप सिंह ने कस्बा किरतपुर में पुलिस बल के साथ रूट निरीक्षण एवं पैदल गश्त कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से त्वरित रूप से निपटने के निर्देश दिए। साथ ही आम नागरिकों से शांति, सौहार्द और सहयोग बनाए रखने की अपील की। थाना किरतपुर प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने भी पुलिस बल के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि संत रविदास जयंती की शोभायात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और लगातार निगरानी रखी जाएगी। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह मय पुलिस बल के उपस्थित रहे।

# महिला ने की आत्महत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आदर्श नगर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला की पहचान रूपाली राजपूत, पत्नी अंकित राजपूत के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार यह घटना तब सामने आई जब रूपाली के बच्चे स्कूल से घर लौटे और उन्होंने कमरे का दरवाजा बंद पाया। मौहल्ले वालों की मदद से दरवाजा खोला गया, तो रूपाली राजपूत फांसी पर लटकी मिलीं। उन्हें तुरंत एक निजी

**फांसी पर लटका मिला शव**

अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रूपाली राजपूत के पति अंकित राजपूत रेलवे में कर्मचारी हैं। उनकी शादी को लगभग 15 वर्ष हो चुके थे। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# महाशिवरात्रि-कांवड़ यात्रा की तैयारी तेज

## महाशिवरात्रि पर सुरक्षा, सुविधा और शांतिपूर्ण आयोजन के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्वयंभू मोटा महादेव परिसर में महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी जसजीत कौर ने की और उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि यात्रा को सुरक्षात्मक, सुविधाजनक और शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का आदेश दिए। उन्होंने नगर पालिकाओं को सफाई, पेयजल व्यवस्था और मोबाइल टॉयलेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग को नियमित रूप से खाद्य सामग्री की जांच और सैंपलिंग करने का निर्देश भी दिया गया।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की टीमों को मुख्य शिविरों और निर्धारित स्थानों पर



दवाओं सहित मौजूद रहने के निर्देश दिए। बिजली विभाग को लटके तारों और झुके खंभों को ठीक करने का आदेश दिया गया, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान कोई समस्या उत्पन्न न हो। वन और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को यात्रा मार्गों पर विशेष सांकेतिक साइन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए गए, जिनमें संबद्ध अधिकारियों के मोबाइल नंबर उपलब्ध होंगे। इसका उद्देश्य किसी आपदा की स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा, नेशनल हाईवे, पीडब्ल्यूडी और पुलिस अधिकारियों को कांवड़ यात्रियों के पड़ावों, पुलिस बल और रूट डायवर्जन की तैयारियों की पूर्व समीक्षा करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कांवड़ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और संवेदनशील स्थलों पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा यात्रा में सांप्रदायिक तनाव फैलाने की किसी भी कोशिश को रोकने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने शिविरों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक कृष्ण गोपाल, सीओ नितेश प्रताप सिंह, चांदपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह, बिजनौर एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, नजीबाबाद ब्लॉक अधिकारी दीपक तेवतिया, समाज कल्याण विभाग के अतुल कुमार, एसडीएम शैलेंद्र कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से अपील की कि वे समय-समय पर मार्गों और शिविरों का निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि कांवड़ यात्रा सुचारू, सुरक्षित और भक्तों के लिए सहज अनुभवपूर्ण रहे।

# रामपाल सिंह का जन्म दिवस मनाया



**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कॉलेज में शिक्षाविद पूर्व प्रबंधक, प्रधानाचार्य रामपाल सिंह के जन्मदिन पर प्रतिभा सम्मान एवं शैक्षिक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मां सरस्वती चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित के साथ समस्त विद्यालय परिवार ने श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 11 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र सचिन राजपूत की तरफ से हर वर्ष की भांति प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को नकद राशि प्रदान की। यह राशि विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेश चंद राजपूत द्वारा वितरित की गई। इस अवसर पर प्रबंधक कावेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष राघव प्रताप एड., अध्यक्ष यशवीर सिंह, प्रधानाचार्य राजीव चौहान, केशवशरण, सत्य पाल सिंह, जाकिर हुसैन, जीतेन्द्र कुमार, विजेन्द्र सिन्हा, सुरेंद्र सिन्हा, डॉ. नयपाल सिंह, हरवीर सिंह, संजय कुमार, दीपक कुमार, लोकेश पटेल, भीमसेन हल्दिया एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# रावली में जागरूकता कार्यक्रम

**बिजनौर।** रेडियो संदेश 89.6 एवं स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में रेडियो संदेश स्थित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट की टीम द्वारा रावली ग्राम में एक जागरूकता कार्यक्रम व नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सेहत सही, लाभ कई विषय के अंतर्गत छोटे बच्चों में कुपोषण की समस्या एवं उनके लिए उचित भोजन, फलाहार, आयरन-कैल्शियम का महत्व तथा शिशु जन्म के बाद मां एवं नवजात की सही देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आमजन तक पहुंचाना रहा। टीम कोऑर्डिनेटर सुनील भारद्वाज ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, टीकाकरण, नियमित जांच, साफ-सफाई तथा जन्म के बाद नवजात की पोषण आवश्यकताओं के बारे में विस्तारपूर्वक जागरूक किया। साथ ही स्वस्थ समाज निर्माण में मातृ व शिशु स्वास्थ्य की भूमिका पर चर्चा की गई।

**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र सद्दाम व उसकी पत्नी आयशा मेरे कहने में नहीं हैं, गलत संगत में उठते बैठते हैं, तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उनका व्यवहार भी ठीक नहीं है। जिस कारण मैं उनके परिवार से संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उनके किसी भी कृत्य का मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगा।

**नसीम अहमद पुत्र शेरी, पांडोली रोड, रामदासपुर उर्फ नागल, सहारनपुर।**

# प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर स्योहारा में चर्चाओं का दौर, लाभार्थियों में असमंजस

**स्योहारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि प्रदेश व देश का कोई भी पात्र नागरिक कच्ची छत के नीचे जीवन न गुजारे। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत लाभार्थियों को सीधा उनके बैंक खातों में धनराशि भेजी जा रही है। इस योजना से लाखों परिवारों को स्थायी आवास का सपना साकार हुआ है। सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा लगातार यह संदेश दिया जा रहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी भी प्रकार की दलाली, सिफारिश या अवैध वसूली को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लाभार्थियों से अपील की गई है कि यदि कोई व्यक्ति योजना के नाम पर धन की मांग करता है तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

इसी बीच नगर स्योहारा में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि योजना के शुरुआती दौर में कुछ कथित दलाल सक्रिय हो गए थे। आरोप है कि उस समय कुछ जनप्रति. निधियों एवं उनसे जुड़े लोगों द्वारा लाभार्थियों से 20 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक की अवैध वसूली की गई । इन चर्चाओं ने नगर में माहौल गर्म कर दिया है और इस बार ऐसे लोगों को किसी प्रकार का भी लाभ मिलने की संभावना नहीं हो रही है जैसे कि पूर्व में हुआ है और कुछ लोगों द्वारा पक्के मकान होने के बावजूद भी अपनी अलग पड़ी जमीनों में कुछ तो लाभार्थी से दलाली के रूप में उगाई कर ली।

# बस स्टैंड व आधुनिक सुविधाओं को लेकर सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी की सिफारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** विकास को नई दिशा देते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने नगर पालिका परिषद स्योहारा में प्रस्तावित बस स्टैंड, सब्जी-फल मंडी, अंडरग्राउंड पार्किंग एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से शीघ्र कार्रवाई की सिफारिश की है। यह पहल नगर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी द्वारा



भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका ने मुरादाबाद रोड स्थित सरकारी भूमि पर स्थायी बस स्टैंड निर्माण हेतु 05 बीघा तथा सब्जी-फल मंडी अंडरग्राउंड पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए 12 बीघा सरकारी भूमि का विधिवत प्रस्ताव पारित कर जिला प्रशासन एवं राजस्व विभाग को अनुमोदन के लिए प्रेषित कर दिया है। पत्र में यह भी बताया गया है कि प्रस्तावित भूमि पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे न केवल यह जनहितकारी परियोजना प्रभावित हो रही है बल्कि भविष्य में भूमि विवाद एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। सांसद ने सरकार से अनुरोध किया है ।



# कोई सबालेंका को हरा सकता है तो वे हैं रायबाकिना

## आज ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए खेलने वाली आखिरी दो खिलाड़ी होंगी

**मेलबर्न, वार्ता।** आर्यना सबालेंका और एलेना रायबाकिना डब्ल्यूटीए टूर पर सबसे दमदार खिलाड़ियों में से दो हैं, और शनिवार को वे अपनी पसंदीदा सतह पर ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब के लिए खेलने वाली आखिरी दो खिलाड़ी होंगी। रॉड लेवर एरिना के ऊपर छत है, लेकिन नंबर 1 आर्यना सबालेंका और नंबर 5 एलेना रायबाकिना के बीच यह जोरदार मुकाबला मेलबर्न पार्क के गर्मी के नियमों को लागू करवा सकता है। इसे थंडर डाउन अंडर कह सकते हैं। उन्होंने इस पखवाड़े में अपने सभी 12 सेट जीते हैं। ऐसा आखिरी बार किसी ग्रैंड स्लैम में 17 साल से भी पहले हुआ था। सबालेंका, अपने लगातार चौथे ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंची हैं - ऐसा ओपन युग में पहले केवल इवोन गुलागोंग और मार्टिना हिगिस ने किया था - और ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनका रिकॉर्ड 34-6 है। गुरुवार को सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-3 से हराने के बाद सबालेंका ने पत्रकारों से कहा कि मुझे यह जगह बहुत पसंद है। मुझे यह स्टेडियम बहुत पसंद है। जब भी मैं वहां खेलती हूं, मुझे बहुत अच्छा लगता है। जेसिका पेगुला पर 6-3, 7-6 (7) से जीत के बाद मेलबर्न में रायबाकिना का रिकॉर्ड 20-6 का है। वह 2023 में यहां फाइनल में पहुंची थीं, जहां उन्हें सबालेंका से 4-6, 6-3, 6-4 से हार मिली थी, जिन्होंने अपने चार बड़े खिताबों में से पहला खिताब जीता था। रायबाकिना ने अपना एकमात्र ग्रैंड स्लैम खिताब 2022 में विबलडन में जीता था, और वह ऑस्ट्रेलियाई मुकाबला उनका दूसरा बड़ा फाइनल था। तीन साल बाद, वह अपने तीसरे फाइनल में हैं। रायबाकिना ने कहा कि निश्चित रूप से फिर से फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं। मैं दूसरे सालों, सीजन में करीब थी, जब मैंने दूसरे स्लैम में सेमीफाइनल खेला था, लेकिन हां, अब मैं और करीब हूं, जो बहुत अच्छा है। बस एक कदम और बाकी है। तो, असल में गेंद को सबसे जोर से कौन मारता है? कहना मुश्किल है, लेकिन सबालेंका ने फाइनल से पहले अपनी प्रतिद्वंद्वी की तारीफ की। सबालेंका ने कहा कि उनके शॉट भारी, गहरे, सपाट होते हैं। उनके साथ खेलना आसान नहीं है, लेकिन हां, हमारा एक शानदार इतिहास रहा है। वह एक अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं। मैं इस पावर का मुकाबला करने के लिए उत्सुक हूं। हेड-टू-हेड मुकाबलों में सबालेंका 8-6 से आगे हैं। लेकिन, हमेशा की तरह, इन नंबरों को अलग-अलग तरीकों से देखा जा सकता है। आउटडोर हार्ड कोर्ट पर सबालेंका 5-4 से आगे हैं, लेकिन रायबाकिना ने उनके चार चैंपियनशिप मैचों में से तीन जीते हैं, जिसमें उनकी आखिरी मुलाकात भी शामिल है-2025 डब्ल्यूटीए फाइनल टाइटल मैच में रायबाकिना की 6-3, 7-6 (0) से जीत। सबालेंका चार साल में अपना तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने की कोशिश कर रही।

# ज्वेरेव को हराकर कार्लोस अल्काराज पहली बार फाइनल में

**अल्काराज नाटकीय अंदाज में ज्वेरेव को 6-4, 7-6 (5), 6-7(3), 6-7(4), 7-5 से हराकर पहले बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहुंचे**



**मेलबर्न, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज शुक्रवार दोपहर को नाटकीय अंदाज में अपने पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंचे, जहां उन्होंने शारीरिक समस्याओं से उबरते हुए और हार के कगार से वापसी करते हुए अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ एक मैराथन सेमीफाइनल जीत हासिल की। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी, अल्काराज ने वर्ल्ड नंबर 3 ज्वेरेव को 6-4, 7-6(5), 6-7(3), 6-7(4), 7-5 से हराया। यह मैच रॉड लेवर एरिना में पांच घंटे, 27 मिनट तक चला, जो टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे लंबा सेमीफाइनल था। तीसरे सेट के आखिर में दाहिने ऊपरी पैर की चोट से उबरने के बाद, स्पेनिश खिलाड़ी ने निर्णायक सेट में 3-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मेलबर्न में अपना पहला फाइनल मुकाबला पक्का किया।

मैच जीतने के बारे में पूछे जाने पर अल्काराज ने कोर्ट पर इंटरव्यू में कहा कि हर समय विश्वास रखना।मैं हमेशा कहता हूं कि आपको खुद पर विश्वास रखना होगा, चाहे आप मुश्किल में हों या आपने कुछ भी झेला हो। किसी भी चीज की परवाह किए बिना, आपको हर समय खुद पर विश्वास रखना होगा। मैं तीसरे सेट के बीच में संघर्ष कर रहा था। शारीरिक रूप से यह मेरे छोटे से करियर में खेले गए सबसे मुश्किल मैचों में से एक था। मैं इस तरह की स्थितियों में रहा हूं और मुझे पता था कि मुझे क्या करना है। मुझे मैच में अपना दिल लगाना था। मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया और आखिरी गेंद तक लड़ा। मुझे पता था कि मुझे मौके मिलेंगे। जिस तरह से मैं लड़ा और पांचवें सेट में वापसी की, उस पर मुझे खुद पर बहुत गर्व है। अपनी जीत के साथ, अल्काराज करियर ग्रैंड स्लैम (चारों मेजर में सिंगल्स टाइटल जीतने) को पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। अगर वह रविवार के फाइनल में सिनर या जोकोविच को हरा देते हैं, तो अल्काराज यह रिकॉर्ड अपने देश के राफेल नडाल से छीन लेंगे। हालांकि, अल्काराज और इतिहास रचने के बीच उनके एक बड़े प्रतिद्वंद्वी के साथ एक जबरदस्त मुकाबला है। वर्ल्ड नंबर 2 सिनर मेलबर्न पार्क में दो बार के डिफेंडिग चैंपियन हैं, जबकि जोकोविच रिकॉर्ड 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के विजेता हैं। अल्काराज, जिन्होंने मेलबर्न में अपने शुरुआती पांच मैचों में एक भी सेट नहीं हारा था, ज्वेरेव के खिलाफ दो सेट की बढ़त बनाने के बाद अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की राह पर दिख रहे थे। टॉप सीड खिलाड़ी ने जब सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब शानदार टेनिस खेला, खासकर जब उन्होंने 2-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरा सेट जीता। तीसरे सेट में 4-4, 15/15 पर असली ड्रामा शुरू हुआ। तीसरे सेट में 4-4 पर सर्व करते समय अल्काराज को दाहिने पैर के ऊपरी हिस्से में चोट लगी और उन्हें परेशानी होने लगी। उन्हें टूर्नामेंट के फिजियो से दो बार इलाज मिला, और वह ज्वेरेव को मैच में वापस आने से नहीं रोक पाए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विराट कोहली का इंस्टग्राम अकाउंट फिर से चालू

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट शुक्रवार सुबह फिर से चालू हो गया, जिससे उनके 274 मिलियन फॉलोअर्स के बीच घंटों से चल रही उलझन और अटकलों का अंत हो गया, क्योंकि प्रोफाइल रात भर रहस्यमय तरीके से गायब हो गई थी। कोहली के अकाउंट के कुछ देर के लिए बंद होने से सोशल मीडिया पर काफी उत्सुकता और चिता फैल गई, फैंस ने चिता भरे मैसेज, थ्योरी और मी मेसेज सभी प्लेटफॉर्म पर शेयर किए। हालांकि, कोहली या उनकी मैनेजमेंट टीम की ओर से कोई ऑफिशियल सफाई नहीं आई है कि अकाउंट जानबूझकर गायब किया गया था या किसी टेक्निकल गड़बड़ी का नतीजा था।

### आईओए अध्यक्ष पीटी उषा के पति वेंगलिल का निधन

**कोझिकोड, वार्ता।** राज्यसभा सांसद और इंडियन आईओए अध्यक्ष पी-टी- उषा के पति, वेंगलिल श्रीनिवासन (67) का शुक्रवार सुबह कोझिकोड जिले में अपने घर पर गिरने के बाद निधन हो गया, परिवार के सूत्रों ने बताया। पोन्नानी के रहने वाले श्रीनिवासन, थिक्कोडी के पेरुमलपुरम में अपने घर पर सुबह करीब 12-30 बजे गिर गए।

उन्हें तुरंत पेरुमलपुरम के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह सीआईएसएफ में इंस्पेक्टर थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी और बेटा, डा. उज्ज्वल विग्नेश हैं। महान पूर्व एथलीट और मौजूदा राज्यसभा मेंबर डा. उषा, अभी नई दिल्ली में चल रहे पार्लियामेंट सेशन में शामिल हो रही हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने श्रीनिवासन के निधन पर शोक जताया है।

# ईशारानी थाईलैंड मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में

**● ईशारानी बरुआ ने चीनी ताइपे की शटलर सुंग को हराया, बैडमिंटन रैंकिंग में वह 48 वें स्थान पर है**



**थाईलैंड, वार्ता।** भारत की ईशारानी बरुआ ने चीनी ताइपे की शटलर सुंग को हराकर थाईलैंड मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। बैडमिंटन रैंकिंग में 48वें स्थान पर काबिज 22 वर्षीय भारतीय शटलर ने गुरुवार को खेले गए मुकाबले में 34वें स्थान पर काबिज ताइपे की प्रतिद्वंद्वी सुंग को 21-13, 14-21, 21-14 से हराकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में अगले दौर में जगह बनाई।

पहला गेम बेहद करीबी रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ी 11-11 के स्कोर पर बराबरी पर थे, जिसके बाद भारतीय शटलर ने 14-13 की बढ़त बना ली। इसके बाद ईशारानी ने अपनी रफ्तार बढ़ाते हुए लगातार सात अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सुंग ने वापसी का प्रयास किया, जो एक बार फिर 13-13 के स्कोर तक बराबरी पर रहा। इस बार, ताइपे की शटलर ने शानदार वापसी करते हुए अगले आठ में से सात अंक जीतकर गेम को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। हालांकि, तीसरा गेम पूरी तरह से भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी के नाम रहा, जो इससे पहले 2023 गुवाहाटी मास्टर्स में सुंग से हार गई थी। इससे पहले दोनों के बीच केवल एक ही मुकाबला हुआ था। महिला एकल के एक अन्य मुकाबले में देविका सिंहाग ने दूसरे राउंड में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग को 32 मिनट तक चले मुकाबले में 21-14, 21-14 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। 51वीं रैंकिंग पर काबिज अनमोल खरब को महिला एकल मुकाबले में हुआंग यू-सुन से 10-21, 21-19, 21-19 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, महिला एकल खिलाड़ी श्रीयांशी वालीशेट्टी को करुपथेवन लेटशाना ने 17-21, 22-20, 19-21 से हराया।

# तमिलनाडु, रेलवे हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सेमीफाइनल में

**हैदराबाद, वार्ता।** 72वीं महिला सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मैचों में इंडियन रेलवे, हरियाणा, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बालायोगी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में डिफेंडिग चैंपियन इंडियन रेलवे ने पहले क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र को 58-23 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। साक्षी ने रेलवे के लिए 10 पॉइंट्स के साथ सबसे ज्यादा स्कोर किया, जबकि पूजा ने टीम के बेहतरीन प्रदर्शन में नौ पॉइंट्स का योगदान दिया। सोनाली शिगाटे और मंदिरा संपत कोमकर ने महत्वपूर्ण डिफेंसिव पॉइंट्स जोड़े, जिससे रेलवे ने पूरे मैच में महाराष्ट्र पर दबाव बनाए रखा। दूसरे क्वार्टर फाइनल में हरियाणा ने नॉकआउट स्टेज के सबसे शानदार प्रदर्शनों में से एक किया, जिसमें उसने मध्य प्रदेश को 63-16 से हराया। राज रानी 17 पॉइंट्स के साथ सबसे बेहतरीन खिलाड़ी रहीं।

# कुलदीप के स्कूल आएगी विश्व कप की चमचमाती ट्रॉफी



**● इस अवसर पर कुलदीप और उनके कोच कपिल पांडे के अलावा यूपी क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों की कमी अखरेगी**

**कानपुर, वार्ता।** भारत भ्रमण पर निकली टी-20 विश्वकप की चमचमाती ट्राफी शनिवार को भारतीय टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के कानपुर स्थित स्कूल केडीएमए पहुंचेगी हालांकि इस अवसर पर खुद कुलदीप और उनके कोच कपिल पांडे के अलावा उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के पदाधिकारियों की कमी अखरेगी। कुलदीप इन दिनो न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में व्यस्त है और शनिवार को खेले जाने वाले सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच के लिए तिरुवंतपुरम में होंगे वहीं गेंदबाज के नियमित कोच कपिल पांडे का नाम केडीएमए की अतिथि सूची में नहीं है जिसकी पुष्टि खुद कपिल ने यूनीवार्ता से की है। केडीएमए के चेयरमैन संजय कपूर ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि ट्राफी के स्वागत के लिए सभी तैयारियां मुक्कमल की जा चुकी है। इस अवसर पर अकादमी के सभी होनहार युवा खिलाड़ी और छात्र मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर कुलदीप के पिता का सम्मान किया जाएगा। आखिर वह भी केडीएमए परिवार का हिस्सा हैं। टी-20 ट्राफी युवा प्रतिभाओं का खेल के प्रति उत्साहवर्धन करेगी। निसंदेह यह पूरे परिवार के लिए रोमांच का मौका होगा। डा कपूर कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अलावा यूपी टी-20 लीग के भी चेयरमैन हैं। कपिल ने कहा मुझे कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया है। मुझे इसका मलाल नहीं है। एक कोच के लिए उसका बच्चा अच्छा प्रदर्शन करे,यही संतोष का विषय होता है। कुलदीप भारतीय टीम में अहम गेंदबाज की भूमिका निभा रहा है और विश्वकप में भी उसकी यही निरंतरता भारत को विश्वकप दिलाने में मदद करेगी। यह भी सच है कि कुलदीप ने उनकी सलाह पर ही केडीएमए में दाखिला लिया था।

# उधार के बल्ले से डी कॉक ने ठोका शतक

**सेंचुरियन, वार्ता।** वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टी 20 में आतिशी शतक ठोकने वाले क्विंटन डी कॉक ने खुलासा किया है कि वह ऐसा कारनामा उधार के बल्ले से कर पाए। डी कॉक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे नहीं पता कि इस सवाल का जवाब कैसे दूं। जब मैंने देखा तो मुझे थोड़ा अजीब लगा। पिछले एक साल में मेरे पास बहुत सारे बैग हो गए हैं, इसलिए मैं सभी चीजें देख रहा था, और मैं बस ब्लैंक हो गया। ईमानदारी से कहूं तो, मुझे नहीं पता। मैं उन्हें भूल गया था।

जब मुझे एहसास हुआ तो मेरा चेहरा पीला पड़ गया, और बस निकलने से आधे घंटे पहले मुझे एक-दो फोन करने पड़े। यानी, जोहान्सबर्ग में टीम होटल से निकलकर सेंचुरियन में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी-20 खेलने के लिए। इस दौरान, डी कॉक के बल्ले उनसे 1,000 किलोमीटर दूर नाइस्ना में उनके घर पर थे - उन्हें मंगलवार को पार्ल में सीरीज के पहले मैच के लिए आराम दिया गया था। उन्होंने कहा कि चेंजिग रूम में जाने से पहले मैं डेवाल्ड ब्रेविस और रिक्स (रायन रिकेल्टन) के पास गया, और मैंने ब्रेवी के बैग से एक बल्ला निकाला। मैंने कहा, 'मैं आज इसी का इस्तेमाल करूंगा।' ब्रेवी ने कहा, 'ठीक है। यह तुम्हारे लिए अच्छा बल्ला है



**● डी कॉक ने 49 गेंदों में 115 रन बनाए जिसमें उन्होंने अपने लगभग तीन-चौथाई रन चौकों और छक्कों से बनाए**

क्योंकि यह बाएं हाथ का है। डी कॉक ने सिर हिलाते हुए कहा आजकल के युवा। वह अभी भी इस बात पर अड़ा हुआ है। लेकिन इसने आज रात अपना काम कर दिया। और कैसे। डी कॉक ने 49 गेंदों में 115 रन बनाए, जिसमें उन्होंने अपने लगभग तीन-चौथाई रन चौकों और छक्कों से बनाए। उनकी यह पारी दक्षिण अफ्रीका के लिए 222 रनों के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने में अहम थी। वे सात विकेट से जीत गए और 15 गेंदें बाकी रहते हुए सीरीज अपने नाम कर ली।

वह उधार लिया हुआ बल्ला पक्का डी कॉक के किटबैग में ही रहेगा, है ना? उन्होंने कहा कि यह ब्रेविस के पास वापस जा रहा है। मुझे यह पसंद नहीं आया। इसका वजन मेरे लिए सही नहीं था। यह उन युवाओं के लिए है जो जोर से बल्ला घुमाते हैं। इसलिए मैं इसे जल्द ही वापस नहीं लेने वाला। जब तक, बेशक, उनके अपने बल्ले वांडरर्स में शनिवार के मैच के लिए समय पर नहीं आ जाते। ब्रेवी। तुम्हारा वह बाएं हाथ का बल्ला कहां है। डी कॉक जोर से नहीं बल्कि खूबसूरती से बल्ला घुमाते हैं, गेंद को उसके अपने अंदाज में खेलते हैं और उसे एक पैराबोलिक अंदाज में भेज देते हैं। उनका बल्ला - या किसी और का उनके कंधों के बीच आराम से टिका रहता है( उसकी ताकत अंदरूनी आत्मविश्वास के साथ दिखाई देती है। इसलिए यह हैरानी की बात है कि गुरुवार का प्रदर्शन 100 टी-20 पारियों में उनका सिर्फ दूसरा शतक था। उन्होंने इस फॉर्मेट में कुल आठ शतक बनाए हैं, लेकिन इस सीजन के एसए 20 में टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी होने के बावजूद वे तीन अंकों तक नहीं पहुंच पाए।

# दिल्ली दंगल वॉरियर्स रोमांचक 5-4 की जीत के साथ सेमीफाइनल में

## मुकाबले में निर्णायक जीत के साथ दूसरे स्थान पर रही दिल्ली दंगल वॉरियर्स

**नोएडा, वार्ता।** दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने प्रो रेसलिंग लीग 2026 के अंतिम लीग मुकाबले में पंजाब रॉयल्स को गुरूवार रात 5-4 से हराकर शानदार अंदाज में सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने निर्णायक जीत दर्ज कर दूसरे स्थान पर रहते हुए अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की और किसी भी तरह की तकनीकी गणना की आवश्यकता को समाप्त कर दिया। दिल्ली के लिए निर्णायक क्षण मुकाबले के आठवें बाउट में आया, जहां प्लेयर ऑफ द मैच तुरान बायरामोव ने अंडर-23 एशियन चैंपियन चंद्रमोहन के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 4-4 से बराबर कर दिया, जिससे दिल्ली की सेमीफाइनल योग्यता सुनिश्चित हो गई। इससे पहले, फाइटर ऑफ द मैच एना गोडिनेज ने महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में उच्च गुणवत्ता की जीत दर्ज कर पंजाब को मुकाबले में बनाए रखा और मैच को आखरिरी क्षण तक रोमांचक बनाए रखा। छह अंकों के साथ पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी पंजाब रॉयल्स ने मुकाबले की शुरुआत महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में की, जहां प्रिया मलिक ने अनुशासित और रणनीतिक मुकाबले में अनस्तासिया अल्पएवा को 2-0 से हराया। दिल्ली ने 86 किग्रा पुरुष वर्ग में वफाएईपुर हादी बख्तियार के जरिये जोरदार जवाब दिया, जिन्होंने संदीप मान को 20-7 से मात देकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद दिल्ली ने बढ़त बना ली, जब कप्तान सुजीत कलकल ने 65 किग्रा पुरुष वर्ग में अनुज कुमार को 10-1 से हराया। शुभम कौशिक ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 65 किग्रा पुरुष वर्ग में चिराग छिक्कारा के खिलाफ 9-0 की एकतरफा जीत दर्ज कर दिल्ली की बढ़त 3-1 कर दी। पंजाब ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में वापसी की, जहां रजनीता जांगड़ा ने कार्ला गोडिनेज गोंजालेज पर 5-1 से जीत दर्ज की। इसके बाद महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में मुकाबले की सबसे रोमांचक बाउट देखने को मिली। एना गोडिनेज ने पहले पीरियड में शानदार पांच अंकों का थ्रो लगाकर बढ़त बनाई और दूसरे पीरियड में अंजली के कड़े प्रतिरोध के बावजूद 11-7 से जीत दर्ज कर टीम स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया।

# तिरुवनंतपुरम को संजू सैमसन की फॉर्म का इंतजार



**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** क्रिकेट में कहानियां बुनने का एक अलग ही तरीका होता है जो रन और विकेट से परे होती हैं, और शनिवार को ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला 5वां टी-20 मैच भी ऐसी ही एक कहानी है। सभी की निगाहें निश्चित रूप से संजू सैमसन पर होंगी, जो इस सीरीज में पहली बार अपने गृह राज्य लौट रहे हैं। बेहतरीन टाइमिग और शानदार स्ट्रोक प्ले वाले सैमसन के पास अब फैंस को खुश करने का मौका है और, इससे भी ज्यादा जरूरी, इस सीरीज के फाइनल मैच की कहानी में अपना नाम लिखने का मौका है। भारत इस मैच में थोड़े मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ आ रहा है, क्योंकि उसने अब तक चार में से तीन टी-20 मैच जीते हैं, लेकिन चौथे मैच में 50 रन की हार ने यह साफ कर दिया कि आधुनिक टी-20 क्रिकेट में कुछ भी पक्का नहीं माना जा सकता। उनकी गेंदबाजी, खासकर पावरप्ले में, कमजोर दिखी है। जसप्रीत का प्रदर्शन औसत रहा है, जब वरुण चक्रवर्ती नहीं खेले हैं तो स्पिनरों में निरंतरता की कमी रही है, और हार्दिक पंड्या, हालांकि उपयोगी रहे हैं, लेकिन उनसे कम समय में बहुत ज्यादा करने की उम्मीद की गई है।

कल की चुनौती आक्रामकता और समझदारी के बीच संतुलन बनाना होगा, खासकर ऐसी परिस्थितियों में जहां दूसरी पारी में ओस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। बल्लेबाजी के नजरिए से, भारत की लाइनअप में क्लासिकल स्ट्रोक बनाने वाले और विस्फोटक बल्लेबाजों का मिश्रण है। सूर्यकुमार यादव शानदार फॉर्म में हैं, शिवम दुबे ने कुछ ही ओवरों में मैच का रुख बदलने की क्षमता दिखाई है, और रिकू सिंह फिनिशिग टच देते हैं। लेकिन कहानी साफ है: सभी की निगाहें सैमसन पर हैं। तकनीक के मामले में, उनमें गैप ढूंढने और स्लोग ओवरों में तेजी से रन बनाने की क्षमता है, स्वभाव के मामले में, घरेलू फैंस के सामने खेलना या तो उन्हें प्रेरित कर सकता है या उन पर दबाव डाल सकता है। यहीं पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट एक खिलाड़ी के हौसले की परीक्षा लेता है। अगर सैमसन चल जाते हैं, तो भारत के पास एक बड़ा स्कोर बनाने या उसका पीछा करने का शानदार मौका होगा जो सीरीज को 4-1 से सील कर देगा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 में अपनी क्लास की झलक दिखाई, जिसमें टिम सीफर्ट, डेवोन कॉनवे और डेरिल मिशेल ने शानदार प्रदर्शन किया जिसने भारत की लय बिगाड़ दी। हालांकि, उनकी बॉलिंग चिता का विषय बनी हुई है। मैट हेनरी शुरुआत में विकेट ले सकते हैं, काइल जैमीसन बाउंस देते हैं, लेकिन स्पिनर्स अभी तक सबकॉन्टिनेंटल कंडीशंस में लगातार दबाव बनाए रखने में कामयाब नहीं हुए हैं। अगर न्यूजीलैंड को आखिरी समय में जीत हासिल करनी है तो मिशेल सेंटनर और ईश सोढ़ी को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ग्रीनफील्ड की पिच बैलेंस्ड है: यह स्ट्रोकप्ले के लिए अच्छी है लेकिन अनुशासित तेज बॉलिग करने वालों को फायदा मिलता है, पहली पारी का औसत स्कोर 165-170 के आसपास रहता है। टॉस निर्णायक हो सकता है। दोनों टीमों ने ऐतिहासिक रूप से पहले बैटिंग या बॉलिग करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन शाम को ओस का फैक्टर पहले बॉलिग करने वाली टीम के पक्ष में पलड़ा झुका सकता है। कल का मुकाबला सिर्फ एक मैच से कहीं ज्यादा है, यह एक ऐसी सीरीज का नतीजा है जिसमें कई उतार-चढ़ाव आए हैं। क्या सैमसन अपने घरेलू दर्शकों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे? क्या भारत एक दुर्लभ टी-20 हार के बाद अपनी लय और दबदबे को वापस हासिल कर पाएगा? या क्या न्यूजीलैंड, अपनी पिछली जीत के आत्मविश्वास से उत्साहित होकर, पासा पलट देगा?

# बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश सदस्य पद के चुनाव में पहले दिन पड़े 1184 मत





## पूर्व विधायक शाहनवाज राना के प्रति अधिवक्ताओं में दिखा उत्साह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद हेतु आज हुए चुनाव में 3 बूथों पर 1184 मत पडे। मतदान के दौरान पूर्व विधायक व पूर्व उपाध्यक्ष बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश शाहनवाज राना के प्रति अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। खासतौर से युवा अधिवक्ता उनके प्रति अधिक जोशीले दिखाई दिये। मतदान कल (आज) शनिवार को भी होगा।

दीवानी कचहरी परिसर में आज सुबह 10 बजे बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद हेतु मतदान शुरू हुआ। मतदान के लिए सुरक्षा के लिए कडे इंतजाम किये गये थे। जिलाधिकारी मनीष बंसल के साथ पुलिस अधिकारियों ने भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मतदान का पहला दिन होने के कारण कम संख्या में अधिवक्ताओं ने मतदान किया। मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह रहा। कचहरी परिसर प्रत्याशियों के बैनरों से अटा पडा रहा। सुबह से ही यहां मेले जैसा माहौल दिखाई पड रहा था। प्रत्याशी शाहनवाज राना के बस्ते पर अधिवक्ताओं का जमावडा लगा रहा। शाम 5 बजे पहले दिन बूथ संख्या 1 पर 1 हजार में से 429, बूथ संख्या 2 पर 1 हजार में से 399, बूथ संख्या 3 पर 988 में से 356 वोट पडे। यहां पर कुल 2899 वोट जिसमें मतदान के पहले दिन 1184 अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान कल (आज) शनिवार 5 बजे तक जारी रहेगा। शनिवार को भी मतदान सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। जिसके बाद मतपेटियों को सील कर दिया जायेगा। बता दे कि यह बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद हेतु चुनाव का अंतिम चरण है।





मतदान के दौरान अधिकांश अधिवक्ता बटे हुए नजर आये परन्तु युवा अधिवक्ता का रूझान क्रम संख्या 266 पर प्रथम वरियता का वोट की ओर देखा गया।

**■ दिवानी कचहरी में मतदान के दौरान मौजूद रहा कड़ा सुरक्षा बल**

इस दौरान पूर्व विधायक शाहनवाज राना के लिए अधिवक्ता मुनव्वर अली खान, जमाल साबरी, मौहम्मद अली एडवोकेट, शाहजमा एडवोकेट, राव इकबाल एडवोकेट, शाहनवाज एडवोकेट, इकबाल अहमद एडवोकेट, नासिर जैदी एडवोकेट, मंजर काजमी एडवोकेट, रणधीर सिंह एडवोकेट, नवेद एडवोकेट, जिशान एडवोकेट, संगीता एडवोकेट, पारूल एडवोकेट, गुलशन एडवोकेट, अजीत सिंह एडवोकेट के अलावा जिया अब्बास जैदी, अबूबकर शिब्ली, अनिल कुछाडिया, अहमद खान मोनू, शाहनवाज पप्पी, उसमान राव तीतरो, इसराइल चौधरी, अबूजर कुरैशी, नीरज जॉय आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**कुल मतदाता- 2988**
**पहले दिन का मतदान**
**बूथ संख्या एक**
**कुल मतदाता- 1 से 1000 तक**
**मतदान - 429**
**बूथ संख्या दो**
**कुल मतदाता- 1001 से 2000 तक**
**मतदान - 399**
**बूथ संख्या तीन**
**कुल मतदाता- 2001 से 2899 तथा 1 से 89 तक**
**मतदान - 356**



















## ग्लोकल विश्वविद्यालय के एनएसएस शिविर का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व विद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की प्रेरणा तथा डॉ. शोभा त्रिपाठी एवं जमीरुल इस्लाम के निर्देशन में अभ्यारण्य स्थल में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शैक्षिक एवं अनुभवात्मक शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजन स्थल पर जाने से पूर्व विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना वाटिका के निर्माण का प्रारंभ अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी के कर कमलों द्वारा पौधारोपण से किया गया। इसके उपरांत डॉ शोभा त्रिपाठी और जमीरुल इस्लाम ने छात्रों के साथ क्यारी में पौधे लगाए। तत्पश्चात छात्रों ने शिविर स्थल की ओर प्रस्थान किया। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों को प्राकृतिक जीवनशैली, औषधीय पौधों के महत्व, जैविक खेती तथा समग्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।अभ्यारण स्थल के निर्माता राजेश मिश्रा का इसमें विशेष सहयोग रहा। शिविर में छात्रों को अभ्यारण्य परिसर में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के औषधीय एवं फलदार वृक्षों की जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में विशेष वक्ता डॉ. आतेक ने अपने प्रेरक वक्तव्य में इनर हेल्थ और फिजिकल हेल्थ के आपसी संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संतु.लित आहार, प्राकृतिक जीवनशैली, योग एवं जैविक उत्पादों का सेवन व्यक्ति को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यह शिविर छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। इस प्रकार के कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्य समाज, प्रकृति और मानव कल्याण के प्रति संवेदनशील नागरिक तैयार करते हैं। अंत में डॉ त्रिपाठी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया और जमीरुल इस्लाम ने सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

## दो को होगा विराट हिंदू सम्मेलन

**चिलकाना।** चिलकाना मंडल में आगामी 2 फरवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का ऐतिहासिक और भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसको लेकर नगर के सभी लोग तैयारी में लगे हैं।

सम्मेलन को सफल बनाने के लिए निरंतर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है और घर-घर जाकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। संघ के राज सिह व मांगेराम ने बताया है कि आगामी 2 फरवरी को सरदार पटेल इंटर कॉलेज में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उनहोने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में शंकराचार्य आश्रम शाकुंभरी देवी के सहजानंद महाराज सभी का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर बैठने की व्यवस्था, पेयजल, अनुशासन आदि के लिए भी विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## जश्न ए जमहूरियत मुशायरा एवं कवि सम्मेलन होगा आजः साबिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गणतंत्र दिवस की श्रंखला में रहनुमा ट्रस्ट कल (आज) जश्न ए जमूहरियत मुशायरा एवं कवि सम्मेलन यादों की शाम साहिल फरीदी के नाम से आयोजन करेगा। इस मुशायरा कवि सम्मेलन में कई अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय शायर व कवि शिरकत करेंगे।

रहनुमा ट्रस्ट के फाउंडन फराज फानी एवं चेयरमैन सूफी साबिर अली उस्मानी ने बताया कि सहारनपुर का नाम दुनिया में रोशन करने वाले शायर साहिल फरीदी के नाम से यह मुशायरा व कवि सम्मेलन जनमंच में कल (आज) आयोजित किया जा रहा है। इस मुशायरे की सदारत अंत.रराष्ट्रीय शायर अकील नोमानी करेंगे, जबकि मशहूर शायरा शबीना अदीब, हाशिम फिरोजाबादी, कवित्रि डा. उर्वशी अग्रवाल, शायर अमीर इमाम, कवि डा.विरेंद्र आजम, शायर बिलाल सहारनपुरी, शायर अरशद नदीम कीरतपुरी, विकास भोकाल, सलमान शहीद, इल्हा हाशमी, महेंद्र सानी, सिकंदर हयात गडबड, तशमिया निजामी, पियूष अग्निहोत्री, यासमीन इसरार, युसूफ इकबाल के साथ कई ओर अन्य शायर अपने-अपने कलाम व पंक्तियां सुनायेंगे। मुशायरे की निजामत हमजा बिलाल करेंगे तथा स्पेशल गेस्ट के रूप में डा.माला कपूर मौजूद रहेगी। मुशायरे को कामयाब बनाने में रहनुमा ट्रस्ट के सचिव फैसल उस्मानी, आयोजक मौ.ताहा, सलमान शहीद, लताफत अली उस्मानी पुरजोर लगे हुए है। ट्रस्ट के चेयरमैन सूफी साबिर अली उस्मानी ने कहा कि मुशायरा एक यादगार होगा।





## सम्पादकीय


शनिवार, 31 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सराहनीय फैसला

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने गरीब, लाचार बच्चियों को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। जिसमें उसने सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सेनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। साथ ही यह भी कहा कि लड़कियों के लिए अलग वॉशरूम बनाने होंगे, जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे उनकी मान्यता रद्द की जाएगी। कोर्ट ने सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को यह भी निर्देश दिया कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएंगे। असल में सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की थी, याचिका में लड़कियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई गई थी। याचिका में यह भी कहा गया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों के कारण कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर पैसे खर्च करने के लिए नहीं होते। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए यह सुविधा नहीं है इसलिए उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोसल की सुविधा भी नहीं होती, इसलिए भी लड़कियां स्कूल नहीं जा पातीं। याचिका में मांग की गई थी कि मेन्स्ट्रुअल हाईजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए। कोर्ट का फैसला बताता है कि जया ठाकुर ने जिन बिन्दुओं को अपनी याचिका में उठाया, कोर्ट ने उन सभी को सही माना। कोर्ट ने कहा भी अगर स्कूलों में गर्ल्स के लिए अलग से टॉयलेट नहीं है तो यह संविधान 14 का उल्लंघन है। कोर्ट ने यह भी माना कि लड़कियों को सेनेटरी पैड नहीं मिलते, तो वह लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई व गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं। कोर्ट के अनुसार मासिक धर्म के दौरान सम्माजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 का हिस्सा है। हालांकि कोर्ट ने स्कूलों की मजबूरी की तरफ भी ध्यान दिया। कोर्ट ने कहा कि यह आदेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े नहीं है, यह आदेश उन क्लासरूम के लिए भी जहां लड़कियां मदद को झिझकती हैं और यह उन टीचर्स के लिए भी है जो मदद करना चाहते हैं लेकिन संसाधनों की कमी के कारण कुछ नहीं कर पाते हैं। उन्होंने माता-पिता के लिए भी जो लड़कियों की चुप्पी को नहीं समझ पाते। कोर्ट ने यह टिप्पणी भी की कि यह फैसला समाज के लिए भी है ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। बात सही भी है, देखने में यह बात बेहद मामूली सी लगती है विशेषकर संपन्न वर्ग के लिए। लेकिन अगर हम भारतीय समाज की गहराई में जाएं तो अभी भी गरीबी बहुत गहराई तक समाज में बनी हुई है। ऐसी लड़कियों की कमी नहीं है, जो सैनेटरी पैड खरीदने में सक्षम नहीं हैं और शर्म के चलते किसी से कह भी नहीं सकती। जाहिर है, वह स्कूल जाने से भी कतराती हैं। जिससे पढ़ाई व अन्य गतिविधियां प्रभावित होती है। ऐसे में कोर्ट का फैसला सराहनीय है।


## सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता



योगी सरकार को गोमाता की रक्षा के लिए अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए 40 दिनों का समय दिया जा रहा है, यदि इस अवधि में गोमाता को राज्यमाता का दर्जा नहीं दिया गया और गोवंश निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो परिणाम गंभीर होंगे, जो सरकार गोवंश की रक्षा नहीं कर सकती, उसे हिंदू कहलाने का कोई अधिकार नहीं है, विशेष रूप से उस योगी को, तो बिल्कुल नहीं, जो गुरु गोरक्षनाथ की पवित्र गद्दी का महंत होने का दावा करता है, हमसे योगी ने हमारा प्रमाण-पत्र मांग लिया था, हमने सहज भाव से दे दिया, क्योंकि सत्य को प्रमाण से भय नहीं होता, अब समय आपके हिंदू होने का प्रमाण देने का है, हिंदू होना भाषणों या भगवा तक सीमित नहीं है, इसकी कसौटी गो-सेवा और धर्म-रक्षा है।

-स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य, ज्योतिषपीठ

# क्या उप्र के मुसलमान एआईएमआईएम के राजनीतिक नारों का समर्थन करेंगे





एम हसन

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश में एक बार फिर गरमागरम राजनीतिक चर्चा में है, जहां 2027 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सोशल मीडिया और खासकर यूट्यूबर उत्तर प्रदेश में एआईएमआईएम की संभावनाओं पर गरमागरम बहस छेड़ने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी नवंबर 2025 में बिहार की पांच विधानसभा सीटों और महाराष्ट्र की हाल ही में संपन्न 29 नगर निगमों में 125 पार्षद सीटों पर पार्टी की जीत के बाद काफी उत्साहित हैं। उत्तर प्रदेश के लिए एआईएमआईएम की योजना पर हाल ही में समाजवादी पार्टी के सांसदों के सम्मेलन में चर्चा हुई, जिसकी अध्यक्षता पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने की। कुछ मुस्लिम सांसदों का मानना था कि एआईएमआईएम के राज्य में संभावित प्रभाव का मुकाबला करने के लिए एक कार्य योजना की आवश्यकता है, जो 2027 के चुनावों में हानिकारक साबित हो सकता है। ष्एसपी को देख लेंगेष के मूड में चल रहे ओवैसी ने मुस्लिम समुदाय को भावनात्मक रूप से एकजुट करने का सहारा लिया है। विशेष रूप से ष्धार्मिक अवसरों के लिए बनाए गए नारों के बीच, एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश में अपना आधार बढ़ाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है। मुंबई नगर निगम चुनावों के दौरान एआईएमआईएम द्वारा लगाए गए ये नारे सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं और एक जवाबी कहानी पेश कर रहे हैं। मुंबई में विजय जुलूस के दौरान एआईएमआईएम की विजेता सहर शेख, उनके पिता यूसुफ शेख और अन्य लोगों द्वारा लगाए गए धार्मिक नारे उत्तर प्रदेश में चर्चा का विषय बन गए हैं। इसने उत्तर प्रदेश में गैर-भाजपा विपक्ष को भी चेतावनी दी है। मीडिया में मुस्लिम वोटों को बांटने के लिए खूब प्रचार किया जा रहा है, वहीं मुस्लिम समुदाय चुपचाप घटनाक्रम देख रहा है। यह कहना मुश्किल है कि मुस्लिम समुदाय एआईएमआईएम के मुस्लिम समर्थक बयानों से प्रभावित होगा या गैर-भाजपा विपक्षी दलों के साथ ही रहेगा। हालांकि, ओवैसी को इंडिया ब्लॉक या बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) में जगह मिलने की संभावना कम ही लगती है, क्योंकि ए पार्टियां अन्य मतदाताओं पर भी निर्भर करती हैं। खबरों के मुताबिक, दोनों ही दल एआईएमआईएम से किसी भी तरह का संबंध रखने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि इससे उल्टा असर पड़ सकता है और अन्य वर्ग उनसे दूर हो सकते हैं। बीएसपी प्रमुख मायावती पहले ही उत्तर प्रदेश चुनाव में अकेले लड़ने की घोषणा कर चुकी हैं। एसपी के पीडीए संगठन में मुस्लिम हैं, वहीं बीएसपी उन्हें वापस अपने पाले में लाने के प्रयास कर रही है। महाराष्ट्र में 2869 पार्षदों के मुकाबले 125 सीटों पर एआईएमआईएम की नगर निगम चुनाव जीत महत्वहीन है और इसकी तुलना उत्तर प्रदेश के विशाल विधानसभा क्षेत्रों से नहीं की जा सकती, जबकि बिहार में एआईएमआईएम का वोट प्रतिशत 1.85 था।

दरअसल, बिहार में मुसलमानों की राजनीतिक स्थिति उत्तर प्रदेश से अलग है। पिछले दो दशकों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सत्ता में रहने और समुदाय को संरक्षण प्रदान करने के कारण, समुदाय एआईएमआईएम की व्यवहार्यता को परखने और कुछ सीटें देने का जोखिम उठा सकता था, लेकिन उत्तर प्रदेश की स्थिति बिल्कुल अलग है। मुसलमान नीतीश कुमार की जनता दल (यू) को भी वोट देते रहे हैं। इसलिए उत्तर प्रदेश में समुदाय एआईएमआईएम का समर्थन करने में काफी सतर्क रहा है। हालांकि एआईएमआईएम को लेकर सपा नेताओं में चिंता है, फिर भी नेतृत्व को पूरा भरोसा है कि मुस्लिम समुदाय में पार्टी को अभी भी व्यापक समर्थन प्राप्त है। पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने कहा कि मुस्लिम समुदाय पूरी तरह से सपा के साथ है। नेतृत्व ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोगों को लामबंद करने के लिए पार्टी की कैराना सांसद इकरा हसन को भी तैनात किया है। सौम्य और विनम्र स्वभाव वाली इकरा हसन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में काफी लोकप्रिय हैं। यह वही क्षेत्र है जहां एआईएमआईएम सपा के वोट बैंक में सेंध लगाने के प्रयास कर रही है।

बसपा ने भी मुस्लिम समुदाय तक पहुंचने के लिए मुस्लिम भाईचारा समिति सम्मेलन शुरू किए हैं। पार्टी के युवा चेहरे आकाश आनंद (मायावती के भतीजे) अगले महीने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अभियान शुरू करने वाले हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के बीच एक व्यापक गठबंधन बना था, जिसमें कुछ छोटे दल भी शामिल थे। हालांकि, कांग्रेस केवल दो सीटें ही जीत सकी और आरएलडी ने आठ सीटें (2.9 प्रतिशत वोट) जीतने के बाद भाजपा में शामिल हो गई। सपा ने लगभग 33 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए 111 सीटें जीतीं। वहीं एआईएमआईएम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। मुस्लिम समुदाय, जो सपा के प्रति पूरी तरह से समर्पित था, ने एआईएमआईएम को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया। एआईएमआईएम ने 103 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट जीतने में असफल रही और उसे केवल 0.49 प्रतिशत वोट मिले। उसे सबसे अधिक 36460 वोट (16.27 प्रतिशत) आजमगढ़ के मुबारकपुर से मिले, जहां से शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली चुनाव लड़ रहे थे। गुड्डू जमाली विधानसभा में बसपा के विपक्ष के नेता थे और चुनाव से पहले सपा में शामिल हो गए थे, लेकिन सपा का टिकट न मिलने पर वे एआईएमआईएम में शामिल हो गए। गुड्डू जमाली की व्यक्तिगत छवि ने एआईएमआईएम को भारी संख्या में वोट दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इसलिए एआईएमआईएम के सामने चुनौती कठिन है क्योंकि उसे शक्तिशाली सपा के सामने मुसलमानों को अपनी व्यवहार्यता का आश्वासन देना होगा, जिसका वर्तमान में समुदाय पर अण्डाकार नियंत्रण है। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान की लंबी कैद और रामपुर में उनकी उच्च शिक्षा योजना को हुए नुकसान ने समुदाय के लिए काफी भावनात्मक प्रभाव डाला है। इसलिए, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एआईएमआईएम, चाहे गठबंधन में हो या अकेले, मुस्लिम वोटों को विभाजित करने में सक्षम होगी, जिससे उत्तर प्रदेश में 2027 के चुनावी मुकाबले की ओर बढ़ते हुए हिंदुत्व समर्थक ताकतों को मजबूत करने में मदद मिल सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बैक्टीरिया के घर से कम नहीं है स्मार्टफोन

**विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य परिस्थितियों में हफ्ते में कम से कम एक बार फोन की सफाई की जानी चाहिए। यदि आप फोन को अस्पताल, सार्वजनिक परिवहन या जिम जैसे जोखिमपूर्ण स्थानों पर ले जाते हैं, तो सफाई की आवृत्ति बढ़ा देनी चाहिए। अगर आप स्वच्छता को लेकर गंभीर हैं, तो न सिर्फ अपने हाथों की बल्कि उन चीजों की भी सफाई करना जरूरी है जिन्हें आप रोजाना सबसे ज्यादा छूते हैं। गलत तरीके से सफाई करने पर आपका फोन धीरे-धीरे खराब हो सकता है। लेकिन इसे सही तरीके से साफ करना आसान, किफायती है और इसमें ज्यादा समय भी नहीं लगता।**

हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं, लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं।

**आपका मोबाइल फोन**

विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं। ऐसे में इन पर तरह-तरह के कीटाणु जमा हो सकते हैं।

**फोन पर जमा हो सकते हैं सैकड़ों प्रकार के सूक्ष्मजीव**

अध्ययनों में पाया गया है कि जब मोबाइल फोन की सतहों से नमूने लेकर जांच की जाती है, तो उनमें सैकड़ों प्रकार के बैक्टीरिया और वायरस पाए जाते हैं। हालांकि, सभी सूक्ष्मजीव बीमारियां नहीं फैलाते, लेकिन संक्रमण का खतरा बना रहता है। लोग बाथरूम में फोन का इस्तेमाल करते हैं और उससे स्वयं बातचीत करते हैं या दूसरों के साथ साझा करते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।

**गलत सफाई से फोन को हो सकता है नुकसान**

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि फोन की सफाई के लिए यदि गलत उत्पादों या औजारों का इस्तेमाल किया गया, तो इससे उसके वाटरप्रूफ सील, टच सेंसिटिविटी और सतही कोटिंग को नुकसान पहुंच सकता है। एप्पल और सैमसंग जैसी कंपनियां ब्लीच, हाइड्रोजन परॉक्साइड, सिरका, एयरोसोल स्प्रे, विंडो क्लीनर या 70 प्रतिशत से अधिक अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की सलाह नहीं देतीं, क्योंकि यह फोन की ओलेयोफोबिक कोटिंग को हटा सकते हैं। ओलेयोफोबिक कोटिंग एक बेहद पतली फिल्म होती है जो उंगलियों के निशान और धूल से स्क्रीन की रक्षा करती है। अल्कोहल, एसीटोन या अमोनिया आधारित क्लीन इस कोटिंग को नुकसान पहुंचा सकते हैं । सिरका जैसे घरेलू उपाय भी एल्युमिनियम या प्लास्टिक को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जबकि ब्लीच और हाइड्रोजन परॉक्साइड जैसे रसायन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए अत्यधिक कठोर माने जाते हैं।

**कैसे करें फोन की सही सफाई**

फोन को प्रभावी और सुरक्षित तरीके से साफ करने के लिए कुछ सुझावों का पालन करें। सफाई से पहले फोन को चार्जर और कवर से अलग करें। सफाई के लिए 70 फीसदी आइसोप्रोपिल अल्कोहल वाले वाइप्स या माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करें। चार्जिंग पोर्ट, स्पीकर ग्रिल जैसे नाजुक हिस्सों की सफाई के लिए एंटी-स्टैटिक ब्रश (नायलॉन, हॉर्सहेयर या गोट हेयर) का उपयोग करें। सीधे फोन पर किसी भी प्रकार का तरल न छिड़कें।



इससे नमी फोन के अंदर जा सकती है और शॉर्ट सर्किट या जंग लगने का खतरा हो सकता है। टिशू पेपर या खुरदरे कपड़े का प्रयोग न करें, यह स्क्रैच छोड़ सकते हैं। एप्पल और सैमसंग दोनों ही कंपनियों ने कोविड-19 महामारी के दौरान साफ-सफाई के दिशानिर्देशों में कुछ संशोधन किए थे और 70 फीसदी अल्कोहल वाले वाइप्स के उपयोग की अनुमति दी थी, लेकिन हल्के हाथों से पोंछने की सलाह दी थी।

# उम्मीद पर दुनिया कायम: फिर से पनप सकते हैं रिश्ते

हर रिश्ता अपनी एक खास कहानी कहता है, कुछ मीठे पल, कुछ उलझनें, और कई बार वो सवाल जो मन में चुपचाप घर कर जाते हैं। चाहे प्यार नया हो या सालों पुराना, कुछ दुविधाएं ऐसी होती हैं जो लगभग हर जोड़े को छूती हैं। वजहें भले ही अलग हों, लेकिन परेशानियां अक्सर एक जैसी लगती हैं। इसी सोच के साथ हमने कुछ अनुभवी कपल्स थेरेपिस्ट से बातचीत की और जानने की कोशिश की, ऐसे कौन से जज्बात हैं, कौन-से सबक हैं, जिन्हें वो हर जोड़े को बार-बार समझाते हैं? क्या ऐसा कोई सच है जो वे चाहते हैं कि हर रिश्ता समय रहते समझ जाए?

**मतभेद तो होंगे ही, उन्हें संभालना आना चाहिए**

हर रिश्ते में टकराव आता है लेकिन बात यह नहीं कि मतभेद हैं या नहीं, असली बात यह है कि हम उन्हें कैसे संभालते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के फैमिली इंस्टिट्यूट से जुड़े मनोवैज्ञानिक डॉ. एंथनी चेम्बर्स मानते हैं कि एक खुशहाल रिश्ता वो नहीं होता जिसमें कभी झगड़ा न हो, बल्कि वो होता है जिसमें दोनों साथी झगड़े को समझदारी से हैंडल करना जानते हों। उनके मुताबिक, रिश्ते में मतभेद चाहे छोटे-छोटे रोज के झंझटों को लेकर हों या गहरी उम्मीदों और अलग सोच से जुड़े हों, उन्हें सुलझाने के लिए तीन चीजें जरूरी हैं-लचीलापन, जिज्ञासा, और विनम्रता।

डॉ. चेम्बर्स कहते हैं, अगर आप बातचीत में इस इरादे से जाते हैं कि आप ही सही हैं और आपका पार्टनर गलत, तो समाधान मुश्किल होगा, लेकिन अगर आप यह मानते हैं कि हम अपने मतभेदों को कई तरीकों से सुलझा सकते हैं, तो रिश्ता मजबूत बनता है। मतभेद तो हर किसी के होते हैं, लेकिन जो जोड़े उन्हें समझदारी से संभालते हैं, वहीं रिश्ते में सच्ची संतुष्टि पाते हैं।

**टूटने के बाद जुड़ना भी एक कला है**

हर झगड़े के बाद जो सबसे जरूरी चीज होती है, वो है वापसी यानी फिर से एक-दूसरे से जुड़ना। मिनेसोटा की सेक्स थेरेपिस्ट डॉ. लॉरेन फोगेल मर्सी के मुताबिक, रिश्ते की असली ताकत इस बात में होती है कि आप किसी मतभेद के बाद दोबारा कैसे जुड़ते हैं। मरम्मत कोई जादू नहीं, बल्कि एक सीखने लायक स्किल है। माफी कैसे मांगनी है, किस पल बात करनी है, कब चुप रहना है, यह सब समझदारी और अभ्यास से आता है।

हर इंसान की जुड़ने की भाषा अलग होती है। कोई गले लगने से शांत होता है, तो किसी को थोड़ा वक्त चाहिए होता है। कोई खुलकर बात करना पसंद करता है, तो कोई बस एक सॉरी सुनना चाहता है। रिश्ते में यही समझ जरूरी है कि हम सिर्फ बहस से नहीं, बल्कि बहस के बाद भी एक-दूसरे को समझने की कोशिश करें।

**सही-गलत से ज्यादा जरूरी है, क्या महसूस हो रहा है**

कई बार जब बहस होती है, तो हमें लगता है कि हमें अपनी बात साबित करनी है, लेकिन यही सोच हमें ऐसे मोड पर ला देती है जहां बातचीत की जगह बहस होने लगती है और बहस से दूरी। मनोवैज्ञानिक और लेखिका डॉ. एलेक्जेंड्रा सोलोमन कहती हैं, जब हम सिर्फ तथ्यों पर अटक जाते हैं, तो वो बातचीत नहीं रह जाती, वो मुकाबला बन जाती है, मैं बनाम तुम, लेकिन अगर हम रुककर यह सोचें कि सामने वाला क्या महसूस कर रहा है? क्यों वो उस हालात को हमसे अलग देख रहा है? तो वहीं से रिश्ते में गहराई आती है। जब आप भावना को समझते हैं, तो आप सुलह की ओर बढते हैं। रिश्ते में सही होने से कहीं ज्यादा जरूरी होता है साथ रहना।

**रिश्ते में बारी-बारी की अहमियत मत भूलिए**

बचपन में हमें सिखाया गया था, बारी-बारी से बोलो, खेलो, समझो, लेकिन बड़े होकर हम अक्सर यही भूल जाते हैं। थेरपिस्ट जूली मेनानो कहती हैं कि कई कपल्स बातचीत के दौरान एक-दूसरे को सुनने के बजाय एक-दूसरे पर बोलने लगते हैं। कोई नहीं सुन रहा, सब माइक थामे हुए हैं। रिश्ते में सच्चा संवाद तब होता है जब आप शांत होकर सुनें, समझें और जवाब दें, न कि सिर्फ अपनी बात कहें।

**बह जाना और तय करना, एक जैसा नहीं होता**

रिश्ते में बहुत कुछ बस होता चला जाता है। लेकिन क्या वो आपके फैसले थे? थेरपिस्ट गैलेना रोड्स कहती हैं कि जिंदगी में बहने की बजाय सोच-समझकर फैसले लेना रिश्ते को मजबूत बनाता है फिर चाहे वो सेक्स से जुडा हो या साथ रहने के तरीके से। जो जोडे इस फर्क को समझते हैं, वही अपने रिश्ते की दिशा खुद तय करते हैं।

**साथ खेलना सिर्फ बच्चों का काम नहीं है**

हंसी-मजाक, मस्ती, और खेल, यह रिश्ता निभाने के बॉन्डिंग टूल्स हैं। डॉ. स्टीफन मिशेल कहते हैं, खुश जोडे वो हैं जो मस्ती करना कभी नहीं छोड़ते। एक



मजेदार मैसेज, कोई पुराना जोक, या अचानक की गई डेट प्लानिंग ,ए छोटी-छोटी चीजें रिश्तों में जान डाल देती हैं।

**ज्यादातर जवाब आपके अंदर ही होते हैं**

थेरपिस्ट जेफ गुएंथर कहते हैं, आप पहले से जानते हैं कि क्या ठीक है और क्या नहीं। आप किन बातों से बच रहे हैं, कहां समझौता कर रहे हैं, आप जानते हैं। सवाल बस इतना है कि क्या आप वो कदम उठाने को तैयार हैं? कभी खुद से पूछिए, अगर मेरा सबसे अच्छा दोस्त मेरी जगह होता, तो मैं क्या सलाह देता? जवाब शायद वहीं मिल जाए।

**आपका तनाव, आपके रिश्ते को भी तोड सकता है**

जब आप खुद तनाव में होते हैं, तो प्यार करना भी मुश्किल हो जाता है। थेरपिस्ट एल्ट्जबेथ अर्नशॉ कहती हैं कि अनजाना तनाव रिश्तों में चुपचाप घुसकर दूरी बढ़ा सकता है। अगर आप अपने तनाव को पहचानें, समझें और बेहतर तरीके से हैंडल करें, तो आप अपने पार्टनर के लिए एक बेहतर साथ बन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




**नई दिल्ली। 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत आयोजित विरोध रैली में भाग लेते कांग्रेस नेता जयराम रमेश, अजय माकन, पवन खेड़ा व अन्य।**

## अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर एफ-35ए लड़ाकू विमान तैनात किए

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के साथ बढ़े हाल के तनाव के बीच अपनी पांचवीं पीढ़ी के एफ-35ए लड़ाकू विमानों को यूरोप में तैनात करना शुरू कर दिया है। हालांकि, इन विमानों का अंतिम गंतव्य फिलहाल स्पष्ट नहीं है। द वॉर ज़ोन पोर्टल ने ओपन-सोर्स डेटा के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ये एफ-35ए लड़ाकू विमान पहले वेनेजुएला से जुड़े एक अमेरिकी ऑपरेशन के तहत प्यूर्टो रिको में तैनात थे और अब पुर्तगाल के लाजेस एयर बेस पर उतरे हैं। सोशल मीडिया पर उपलब्ध एक वीडियो में इन विमानों की लैंडिंग देखी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे पहले अमेरिकी एफ/ए-18जी लड़ाकू विमान भी स्पेन की ओर उड़ान भर चुके हैं।

## उम्मीद हैं अमेरिका कनाडा संप्रभुता का सम्मान करेगा: कार्नी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि वह उम्मीद करते हैं कि अमेरिका 'कनाडा की संप्रभुता का सम्मान' करेगा। यह बयान उन मीडिया रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग करने की वकालत करने वाले एक समूह से मुलाकात की है। कार्नी ने राज्य के प्रमुखों (प्रीमियर) के साथ बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उनसे अमेरिकी अधिकारियों और 'अल्बर्टा प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट' (एपीपी) के बीच हुई बैठकों के बारे में सवाल पूछा गया था। एपीपी वह समूह है, जो प्रांत की स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह के लिए दबाव बना रहा है। कार्नी ने कहा कि मैं अमेरिकी प्रशासन से कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने की उम्मीद करता हूं।

# ट्रम्प की धमकी की डेनमार्क पीएम को मिला फायदा

## अमेरिकी राष्ट्रपति को चैलेंज किया था, अब सर्वे में फेडरिकसन की पार्टी को 9 सीटों का फायदा

**वाशिंगटन।** ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर अमेरिका और डेनमार्क के बीच विवाद का फायदा डेनिश पीएम मेट फेडरिक्सन को मिला है। अमेरिकी वेबसाइट द पोलिटिको ने लिखा है कि फेडरिक्सन को राष्ट्रपति ट्रम्प को शुक्रिया कहना चाहिए, क्योंकि उन्होंने उन्हें गहराते राजनीतिक संकट से बाहर निकाल लिया है।

फेडरिकसन की पार्टी के पापुलैरिटी में काफी उछाल आया है। सर्वे में सोशल डेमोक्रेट्स को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिख रही थीं। यानी एक ही महीने में पार्टी की स्थिति में करीब 9 सीटों का उछाल आया है। पिछले साल नवम्बर 2025 में सोशल डेमोक्रेट पार्टी लोकल चुनाव हार गई थी। सबसे बड़ा झटका कोपेनहेगन में लगा, जहां पार्टी ने 100 साल में पहली बार सत्ता गंवा दी। स्थिति तब बदलनी शुरू हुई, जब ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को डेनमार्क से छीनकर अपने में मिलाने की धमकी दी। इसके जवाब में डेनमार्क की प्रधानमंत्री फेडरिक्सन ने खुलकर देश की संप्रभुता का बचाव किया। मेटे फेडरिक्सन जून 2019 से डेनमार्क की प्रधानमंत्री हैं। वे डेनमार्क की सबसे युवा प्रधानमंत्री भी हैं। डेनमार्क में संसद में कुल 179 सीटें हैं, इनमें से प्रधानमंत्री फेडरिक्सन की सोशल डेमोक्रेट्स के पास 50 सीटें हैं। सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट पार्टी इस समय देश में गठबंधन सरकार चला रही है। इस गठबंधन में दो सेंटर-राइट पार्टियां मार्डरेटर्स और वेनस्टर भी शामिल हैं। मेगाफान नाम की एक डेनिश कंसल्टेंसी के सर्वे में सोशल डेमोक्रेट पार्टी को 22.7 प्रतिशत वोट और संसद की 41 सीटें मिलीं। यह सर्वे 20 से 22 जनवरी के बीच किया गया। दिसम्बर में हुए सर्वे में फेडरिकसन की पार्टी को सिर्फ 32 सीटें मिलती दिखाई गई थीं। ताजा सर्वे दिखाते हैं कि 41 सीटों के साथ भी वे संसद की सबसे बड़ी पार्टी बनी रहेंगी। इससे वे फिर से गठबंधन सरकार बनाने की बातचीत में सबसे मजबूत स्थिति में आ जाएंगी, हालांकि सत्ता में बने रहने के लिए उन्हें सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा। समर्थन में आई यह बढ़त इसलिए और भी खास मानी जा रही है, क्योंकि नवम्बर में हुए नगर निगम चुनावों में सोशल डेमोक्रेट्स को करारी हार मिली थी। इस चुनाव में पार्टी ने कोपेनहेगन गंवा दिया था, जो बेहद अहम सीट थी और जिसे पार्टी ने पिछले 100 सालों में कभी नहीं खोया था। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमसेन के नेतृत्व वाली माडरेट्स पार्टी ने इस सर्वे में अपना वोट शेयर लगभग तीन गुना कर लिया। पार्टी का वोट 2.2 प्रतिशत से बढ़कर 6.4 प्रतिशत हो गया। यह करीब 12 सीटों के बराबर है। वहीं एक और एजेंसी वाक्समीटर के सोमवार को जारी सर्वे में फेडरिकसन की कैबिनेट को 40.9 प्रतिशत समर्थन मिला, जो दो साल में सबसे ऊंचा स्तर है।

**■ सबसे बड़ा झटका कोपेनहेगन में लगा, जहां पार्टी ने 100 साल में पहली बार सत्ता गंवा दी**



## संक्षिप्त समाचार

### ढाका-कराची सीधी हवाई सेवा शुरू

**ढाका।** बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस ने गुरुवार को ढाका-कराची-ढाका मार्ग पर सीधी उड़ान सेवा शुरू की। उद्घाटन उड़ान बीजी-341 गुरुवार रात 8 बजे ढाका से रवाना हुई। अगस्त 2024 में प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद से बंगलादेश और पाकिस्तान के बीच संबंधों में नजदीकी देखी जा रही है। दोनों देशों के बीच सैन्य प्रतिनिधिमंडलों सहित विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधिमंडलों का लगातार आदान-प्रदान हो रहा है। बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस द्वारा कराची के लिए सीधी उड़ान की शुरुआत को दोनों देशों को और करीब लाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नजर

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार एशिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नज़र रख रही है। बटलर ने नाइन नेटवर्क टेलीविजन को बताया कि ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस का अब तक कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन अधिकारी दिसम्बर में भारत में शुरू हुए इस प्रकोप से उत्पन्न खतरे को गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने इस प्रकोप को नियंत्रित कर लिया है, लेकिन फिर भी हम इस पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहे हैं, क्योंकि यह एक बहुत ही गंभीर वायरस है।

### काबुल में अफगान का पहला कैंसर केंद्र खुला

**अफगानिस्तान।** अफगान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि काबुल में अफगानिस्तान का पहला विशेष कैंसर केंद्र खुल गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय कैंसर निंदान एवं उपचार अस्पताल के रूप में आधिकारिक तौर पर नामित इस नए चिकित्सा केंद्र ने परिचालन शुरू कर दिया है और यह देश भर के कैंसर रोगियों को निंदान और विशेष देखभाल प्रदान करेगा।

# ट्रम्प की धमकी पर ईरान का अल्टीमेटम

## बोलाः हमारे 1000 ड्रोन तैयार, जमीन और समुद्र से हमला करने में सक्षम, ईरान की तरफ बढ़ रहे अमेरिकी युद्धपोत

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका की सैन्य धमकी के बीच ईरान ने अपनी ताकत को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी सेना का कहना है कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर और कड़े हमलों की चेतावनी दे चुके हैं। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिकी युद्धपोत ईरान की तरफ बढ़ रहे हैं।

ईरानी सेना का दावा है कि अगर अमेरिका हमला करता है, तो ड्रोन और मिसाइलों का यह नेटवर्क देश की रक्षा में अहम भूमिका निभा सकता है। पिछले साल जून में अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले किए थे। ईरान के सेना प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा कि पिछले साल जून में हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद ईरान ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है। इसके तहत बड़ी संख्या में ड्रोन तैयार किए गए हैं। हातामी के मुताबिक, ये ड्रोन जमीन और समुद्र दोनों जगहों से आपरेट किए जा सकते हैं।

इसके अलावा ईरान के पास पहले से ही बड़ी संख्या में बैलिस्टिक मिसाइलें मौजूद हैं। ईरान ने संकेत दिए हैं कि वह जून, 2025 की तरह कतर के अमेरिकी ठिकानों और इजरायल पर मिसाइलें और ड्रोन दाग सकता है। पिछले साल जून में ईरान ने कतर स्थित अमेरिकी सेना के बेस पर मिसाइल हमले किए थे। हालांकि अमेरिकी सेना ने इन हमलों को नाकाम करने की बात कही थी। यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। यह फैसला विरोध प्रदर्शनों पर ईरानी सरकार की हिंसक कार्रवाई के चलते लिया गया है। रिवोल्यूशनरी गार्ड के शीर्ष कमांडरों समेत 15 अधिकारियों और 6 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। इनमें आनलाइन कंटेंट की निगरानी करने वाली संस्थाएं भी हैं। यूरोप में इनकी संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उनकी यात्रा पर रोक लगेगी। ईयू की राजनयिक काजा कलास ने कहा कि दमन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आईआरजीसी को अब अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठनों के बराबर माना जाएगा। आस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका पहले ही आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित कर चुके हैं। हालांकि ब्रिटेन ने अब तक इसे अपनी आतंकी सूची में शामिल नहीं किया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईयू के इस फैसले को 'दिखावटी कदम' और 'बड़ी रणनीतिक गलती' बताया है। उनका कहना है कि यूरोप हालात संभालने के बजाय तनाव बढ़ा रहा है। आईआरजीसी ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य ताकत मानी जाती है। इसकी स्थापना 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद हुई थी। इसके पास करीब 1.90 लाख सक्रिय सैनिक हैं। आईआरजीसी की कमान सीधे सुप्रीम लीडर खामेनेई के हाथ में होती है। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी और मजबूत करते हुए अरब सागर और लाल सागर में विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन, यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट और कई मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत तैनात किए हैं। साथ ही कतर, बहरीन, सऊदी अरब, इराक और जार्डन के सैन्य अड्डों से वायुसेना की सक्रियता बढ़ी है। अमेरिका अब ईरान के परमाणु ठिकानों, सैन्य अड्डों व कमांड सेंटरों पर समुद्र और आसमान दोनों से हमले की स्थिति में आ गया है। ट्रम्प ने 28 जनवरी को ईरान से परमाणु कार्यक्रम पर समझौता करने को कहा था और चेतावनी दी थी कि अगला हमला पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक होगा। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भी कहा है कि सेना राष्ट्रपति के किसी भी सैन्य आदेश के लिए तैयार है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शुक्रवार को इस्तांबुल पहुंचे। उन्होंने यहां तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान से मुलाकात की है। इस यात्रा का मकसद अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर बातचीत करना है तुर्की तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता की पेशकश कर रहा है।



**■ पिछले साल जून में हुए 12 दिन के संघर्ष के बाद ईरान ने अपनी सैन्य रणनीति बदली है: जनरल अमीर हातामी**

### आईआरजीसी को आतंकवादी संस्था घोषित करने का फैसला अनुचितः ईरान

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में ईयू के विदेश मंत्रियों के इस फैसले को अवैध, अनुचित और पाखंडपूर्ण बताते हुए इसे ईरान के खिलाफ कार्रवाई करार दिया। बयान में कहा गया है कि आईआरजीसी ईरान के आधिकारिक सशस्त्र बलों का अभिन्न हिस्सा है। देश के संविधान के तहत ईरान की संप्रभुता और सुरक्षा बनाए रखने, क्षेत्रीय स्थिरता की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में इसकी भूमिका बेजोड़ और सम्मानजनक रही है। इसने उस आईएसआईएस आतंकवाद का भी मुकाबला किया है, जो कुछ यूरोपीय देशों और अमेरिका की साजिशों का नतीजा था। मंत्रालय ने कहा कि किसी औपचारिक सरकारी संस्था पर 'आतंकवादी' होने का ठप्पा लगाना एक खतरनाक परंपरा है।

# अमेरिका ने क्यूबा को तेल निर्यात करने वाले देशों पर कसा शिकंजा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा पर अतिरिक्त दबाव डालने के उद्देश्य से इस द्वीपीय देश को तेल निर्यात करने वाले देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिआवश्यक कदम बताते हुए गुरुवार को यह कदम उठाया है, जिसके तहत उन सभी देशों से अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो क्यूबा को तेल की आपूर्ति करते हैं।

इस आदेश के पीछे तर्क दिया गया है कि क्यूबा अमेरिका के प्रति शत्रुता का रुख रखने वाले रूस, चीन और ईरान जैसे देशों से संबंध रखता है। इसके साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि क्यूबा अमेरिका द्वारा देश के लिए 'घातक' चिन्हित किए गए हिज्बुल्लाह और हमास जैसे समूहों को भी पनाह देता है। इसके अतिरिक्त तर्क दिया गया है कि क्यूबा सरकार आधारभूत मानवाधिकारों की अवहेलना करती है। इन सभी आरोपों के आधार पर अमेरिका ने क्यूबा के खिलाफ 'राष्ट्रीय आपात' की घोषणा कर दी है और इसके सहयोगी देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। ट्रम्प से गुरुवार को जब एक पत्रकार ने पूछा कि क्या वह क्यूबा का 'दम घोंटने' की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि दम घोंटना एक बहुत ही कड़ा शब्द है। मैं ऐसी कोशिश नहीं कर रहा हूं, लेकिन ऐसा लगता है कि यह देश अब टिक नहीं पाएगा।

दूसरी ओर, क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज ने ट्रम्प के इस कार्यकारी आदेश की निंदा करते हुए इसे 'क्यूबा और उसके लोगों के खिलाफ एक क्रूर कृत्य' बताया। उन्होंने कहा कि वहां के लोगों पर अब अत्यंत कठिन परिस्थितियों में रहने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह दूसरे देशों को क्यूबा के खिलाफ अपनी नाकाबंदी नीति में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहा है। क्यूबा के उप विदेश मंत्री कार्लोस एफ. डी कोसियो ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि अमेरिका दशकों के आर्थिक युद्ध की विफलता के बाद क्यूबा की नाकाबंदी को और सख्त कर रहा है और संप्रभु राष्ट्रों को इस प्रतिबंध में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहा है।

**■ ट्रम्प ने अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए**

# बांग्लादेश ने भारत से स्पेशल इकोनॉमिक जोन छीना

**ढाका।** बांग्लादेश ने चटगांव में भारत को दी गई सेज (स्पेशल इकोनामिक जोन) का जमीन आवंटन रद्द कर दिया गया है। यूनुस सरकार ने यह जमीन चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए दे दी है।

लगभग 850 एकड़ में फैली इस जमीन में इस साल के अंत तक प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। चीन ड्रोन टेक्नोलाजी ट्रांसफर करने को भी राजी हो गया है। यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल लिफ्ट वाले ड्रोन बनेंगे। चटगांव प्लांट भारतीय सीमा से 100 किमी दूर है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत-पाकिस्तान के बाद ड्रोन बनाने वाला तीसरा देश बन जाएगा। दूसरी ओर चीन ने बीते साल बांग्लादेश को 20 जे-10सीई फाइटर जेट देने की डील भी की थी। ये सप्लाई भी इस साल के अंत से शुरू हो जाएगी। चीन ने बांग्लादेश को पेमेंट में भी बड़ी मोहलत दी है। भारत और बांग्लादेश के बीच 2015 में एक समझौता हुआ था। पीएम मोदी की ढाका यात्रा के दौरान शेख हसीना के साथ संयुक्त घोषणा में भारत के निवेशकों के लिए एक इंडियन इकोनामिक जोन (आईईजेड) स्थापित करने का फैसला लिया गया। यह गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट (जी-2जी) फ्रेमवर्क पर था, जिसमें भारतीय निवेशकों को प्राथमिकता मिलती और भारत की लाइन आफ क्रेडिट (एलओसी) से फंडिंग होती।

**■ चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए जमीन दी, बांग्लादेश को 20 चीनी फाइटर जेट मिलेंगे**

## न्यूजीलैंड ने शांति बोर्ड में शामिल होने के ट्रम्प के प्रस्ताव को ठुकराया

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। आरएनजेड रेडियो स्टेशन ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने बोर्ड के 'वर्तमान स्वरूप' में शामिल न होने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विस्टन पीटर्स ने एक अलग बयान में कहा कि चूंकि कई देश पहले ही इस पहल में शामिल हो चुके हैं, इसलिए 'न्यूजीलैंड इसमें कोई खास योगदान नहीं देगा।' 16 जनवरी को ट्रम्प ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की थी।

# चीन जा रहे पश्चिमी देशों के नेता

## दो महीने में 5 लीडर्स बीजिंग पहुंचे, ट्रम्प की नीतियों से बदल रहा ग्लोबल बैलेंस

**बीजिंग।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर बुधवार को 3 दिन के चीन दौरे पर पहुंचे। पिछले 2 महीने में 5 पश्चिमी देशों के नेता चीन जा चुके हैं। स्टार्मर से पहले फ्रांस, कनाडा, फिनलैंड और आयरलैंड के लीडर्स बीजिंग का दौरा कर चुके हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ की धमकियों ने पश्चिमी देशों को चीन के साथ रिश्ते सुधारने पर मजबूर कर दिया है।

यूनिवर्सिटी आफ सिडनी के अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और अमेरिकी इतिहास के एक्सपर्ट डा स्टुअर्ट रोलोका ने कहा कि ट्रम्प की आक्रमक नीतियों की वजह से ग्लोबल बैलेंस शिफ्ट हो रहा है। द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प के नाटो पर सवाल उठाने, ग्रीनलैंड पर कब्जे की मांग और गठबंधन की अनदेखी रवैये ने यूरोपीय सहयोगियों में विश्वास की कमी पैदा की है। इसमें सबसे बड़ा रोल ट्रम्प की टैरिफ धमकियों का है। यूरोप के टैक्स फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों पर औसतन 10 से 25 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है। इससे व्यापार में अनिश्चितता का खतरा बढ़ गया है। यूरोपीय देशों पर लगे 15 प्रतिशत टैरिफ का सीधे तौर पर फ्रांस और जर्मनी पर पड़ा है। टैरिफ ने इन देशों में वित्तीय संकट और आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ा दी है। ट्रम्प ने इस महीने यूरोप के 8 देशों को 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे का विरोध कर रहे थे। हालांकि ट्रम्प ने बाद में अपना फैसला वापस ले लिया। ट्रम्प ने 23 जनवरी को स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन के मंच से अपने पश्चिमी सहयोगियों के खिलाफ कई विवादित बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब उस ग्लोबल सिस्टम की लीडरशिप नहीं करेगा, जिसे उसने दूसरे विश्व युद्ध के बाद अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर बनाया था। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका अब यूरोपीय देशों को अपने बाजार और सैन्य सुरक्षा की सुविधा मुफ्त में नहीं देगा। उनका भाषण कभी आक्रामक, कभी नाराज और कभी खुद की तारीफ से भरा हुआ था। उन्होंने यूरोपीय सहयोगियों को ऐसे देश बताया जो अमेरिका का फायदा उठाते रहे हैं। ट्रम्प ने ये भी कहा कि वे अपने 'ट्रेड वार' को आगे बढ़ाएंगे और टैरिफ को अमेरिकी बाजार में आने की कीमत बताया। अपने भाषण में ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया को संभाले हुए है।



**■ इसमें सबसे बड़ा रोल ट्रम्प की टैरिफ धमकियों का है**

# अमेरिका में सस्ती दवाओं के लिए वेबसाइट लॉन्च करेंगे ट्रम्प

## 800 प्रतिशत तक खर्च कम होगा, 16 कंपनियों से समझौता, बदले में 3 साल का टैरिफ छूट दी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन इस महीने 'ट्रम्प-आर' नाम की एक नई सरकारी वेबसाइट लॉन्च करने जा रहा है। इस प्लेटफार्म के जरिए मरीज दवा कंपनियों से सीधे कम दामों पर दवाएं खरीद सकेंगे। प्रशासन का दावा है कि इस पहल से अमेरिकी लोगों के दवा खर्च को 800 प्रतिशत तक कम किया जाएगा।

ट्रम्प प्रशासन ने पिछले साल सितंबर से अब तक 16 बड़ी दवा कंपनियों के साथ समझौते किए हैं। इन समझौतों को 'मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन)' डील्स कहा गया। बदले में दवा कंपनियों को 3 साल तक इम्पोर्टेड दवाओं पर टैरिफ से छूट मिलेगी। यह योजना चुनावी वादों और 'अमेरिका फर्स्ट' हेल्थ पालिसी से जुड़ी मानी जा रही है। ट्रम्प का कहना है कि दूसरे अमीर देश अमेरिका में बनी दवाइयां कम कीमत पर खरीदते हैं, जबकि अमेरिकियों को इसके लिए तीन गुना ज्यादा कीमत चुकाना पड़ता है। यह प्रोग्राम सुनिश्चित करेगा कि दवा कंपनियां उसी दाम पर दवा बेचे जो बाकी देशों में मिल रही है। अमेरिकी कंपनियां दवाओं के रिसर्च, टेस्टिंग, फैक्ट्री करोड़ों-खरबों रुपये खर्च करती है। दुनिया भर में यह दवा बेची जाती है। अमेरिका में यह दवा बहुत महंगी है, जबकि यूरोप, कनाडा, जापान जैसे अमीर देशों में वही दवा बहुत सस्ती मिलती है। दरअसल, उन देशों की सरकार कम कीमत पर दवा खरीदने की मांग करती है और ऐसा न करने पर डील रोकने का खतरा रहता है। बाजार खोने के डर से कंपनियां कम कीमत में दवाइयां मुहैया करवाती है। ट्रम्प का मानना है कि अमेरिकी लोगों के पैसे से ही नई दवाइयां बनती हैं। दूसरे देश कम पैसा देकर इसका फायदा उठाते हैं। ट्रम्प के मुताबिक वह अमेरिका की मेहनत पर श्फ्री राइडश करते हैं। इसलिए इस एमएफएन प्रोग्राम में फैसला किया गया है कि अब अमेरिका में भी दवा की कीमत सबसे कम होगी जो किसी अमीर देश में मिलती है। कंपनियों से कहा गया कि अमेरिका को भी वही सस्ती डील दो।



**■ यह योजना चुनावी वादों और 'अमेरिका फर्स्ट' हेल्थ पालिसी से जुड़ी मानी जा रही है**

## नियामी हवाई अड्डे पर हमला, जवाबी कार्रवाई में 20 हमलावर ढेर

**नियामी।** दक्षिण अफ्रीकी देश नाइजर के रक्षा-सुरक्षा बल (एफडीएस) ने राजधानी नियामी के डियोरी हमानी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को हुए हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में कम से कम 20 हमलावरों को मार गिराया और 11 अन्य को गिरफ्तार कर लिया। नाइजर के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सुरक्षा बलों ने हमलावरों के पास से भारी मात्रा में युद्ध सामग्री और उनके द्वारा इस्तेमाल की गई कई मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। मंत्रालय के अनुसार यह हमला बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात को हुआ, जब 'भाड़े के सैनिकों' (मर्सनरी) के एक समूह ने हवाई अड्डे के पास स्थित एयर बेस 101 को निशाना बनाया।

